✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 77 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 12 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




दिल्ली के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए बने फ्लैटों का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### पटना में मुख्यमंत्री ने 766.73 करोड़ की विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## औद्योगिक व आर्थिक विकास में होगी प्रगति : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज एम्स गोलंबर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिलान्तर्गत की गई घोषणाओं से संबंधित 138.5 करोड़ रुपये लागत की एम्स गोलंबर-जानीपुर-पैनापुर नेव (जंक्शन ऑफ बिहटा-सरमेरा-पटना रिंग रोड) (कुल लंबाई 10.5 किमी) पथ के 2 लेन चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही 73.06 करोड़ की लागत से नौबतपुर-मसौढ़ी पथ के 17वें किमी में नौबतपुर लख में फ्लाईओवर (लंबाई 1.015 किमी) निर्माण कार्य का भी शिलापट्ट अनावरण कर मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नेवा में बिहटा-सरमेरा पथ से संपर्कता हो जाने के कारण फुलवारीशरीफ, एम्स, दानापुर, नौबतपुर आदि पश्चिमी पटना से आने-जाने वाले लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। नौबतपुर लख में फ्लाईओवर का निर्माण हो जाने से नौबतपुर लख पर लगनेवाली जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी। साथ ही पटना के लोगों को मसौढ़ी जाना सुगम होगा। इस क्षेत्र में औद्योगिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में प्रगति होगी। इसके पश्चात कोथवां, रुपसपुर नहर पर आयोजित कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री ने 71.48 करोड़ रुपये की लागत की पटना जिलान्तर्गत खगौल नेहरु पथ का अशोक राज पथ-रुपसपुर नहर पथ तक फोर लेन (कुल लंबाई 6.9 किमी) चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास करने के पश्चात मुख्यमंत्री ने कहा कि दानापुर-बिहटा एलिवेटेड पथ से इसकी संपर्कता हो जाने से पूरे क्षेत्र की आबादी को लाभहोगा।



पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन को भी बेहतर संपर्कता मिलेगी, जिससे यहां आवागमन करने वाले यात्रियों को सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने नेहरु पथ पर पाटली पथ के नीचे आयोजित कार्यक्रम स्थल से 143.86 करोड़ रुपये की लागत से दीघा-एम्स पाटली पथ को दानापुर की तरफ नेहरु पथ से संपर्कता प्रदान करने के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दीघा से लेकर खगौल तक के इलाकों में रहने वाले लोगों को पाटली पथ के उपयोग का लाभ मिल सकेगा। नेहरु पथ पर पाटली पथ के नीचे आयोजित कार्यक्रम स्थल से ही 318.51 करोड़ रुपये की लागत से पटना जिलान्तर्गत रुपसपुर नहर से सगुना मोड़ तक नेहरु पथ (कुल लंबाई 2.7 किमी) के दोनों तरफ भूमिगत नाला के साथ पथ के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य का भी मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया। नेहरु पथ पर पाटली पथ के नीचे आयोजित कार्यक्रम स्थल से ही मुख्यमंत्री ने 21.35 करोड़ रुपये की लागत से नेहरु पथ से गोला रोड (कुल लंबाई 2.20 किमी) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिला के लिए की गई घोषणाओं से संबंधित पटना शहरी (पश्चिमी क्षेत्र) के अंतर्गत पथ निर्माण विभाग की 6 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इन योजनाओं पर शीघ्र काम शुरु कर तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से पटना शहरी (पश्चिमी क्षेत्र) में आम लोगों के लिए यातायात काफी बेहतर होगा तथा जाम की समस्या में कमी आएगी।

## सम्राट, तेजस्वी, पप्पू यादव समेत छह नेताओं की बढ़ी सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आगामी चुनाव को देखते हुए बिहार के छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ा गई है। इन नेताओं में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, बाढ़ से भाजपा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और जदयू कोटे से एमएलसी नीरज कुमार शामिल हैं। सोमवार सुबह गृह विभाग की विशेष शाखा की ओर से आदेश भी जारी कर दी गई है। सरकार ने इन नेताओं की बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों और जनसभाओं में भीड़ को देखते हुए ऐसा फैसला लिया गया है। डिप्टी सीएम को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। इतना ही नहीं राज्य सरकार की ओर से एएसएल (एडवांस सिक्योरिटी लाइजन) की टीम भी रहेगी। यानी अब जहां सम्राट चौधरी का कार्यक्रम होगा वहां पहले से सुरक्षाकर्मियों की टीम उन जगह का दौरा करेगी। सुरक्षा के सारे मानकों की समीक्षा के बाद टीम ग्रीन सिग्नल देगी। इसके बाद ही सम्राट चौधरी कार्यक्रम में शामिल होंगे। पहले उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी। विधानसभा सत्र के दौरान राबड़ी देवी ने तेजस्वी यादव पर जानलेवा हमला होने की बात कही थी। इसके बाद से उनके सुरक्षा घेरा को बढ़ाने की मांग उठने लगी थी। अब सरकार की ओर से उनका सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है। तेजस्वी को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। पहले उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव पिछले कई दिनों से अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। अब सरकार ने उनका भी सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया है। पप्पू यादव को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। उनके अलावा भाजपा सांसद प्रदीप सिंह को भी वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। वहीं भाजपा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और जदयू एमएलसी नीरज कुमार को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है।

### संक्षिप्त समाचार

#### कुदाल से गला काट पत्नी की हत्या

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के गुलजारबाग गांव में पारिवारिक विवाद में एक शख्स ने अपनी पत्नी की कुदाल से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति घटनास्थल से फरार हो गया। मृतका की पहचान गिरानी देवी के रूप में हुई है। आरोपी संजय मांझी जहानाबाद जिले के सेवनन गांव का मूल निवासी है।

#### एसआइ निलंबित

**बेगूसराय (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नावकोठी थाना में पदस्थापित एसआइ लीलावती को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। एसपी मनीष ने उन्हें निलंबित कर दिया है। एसपी ने बताया कि नावकोठी थाना में पोस्टेड एसआइ लीलावती ने एक केस के आरोपियों से धारा हटाने को लेकर पैसा मांगा। इसका वीडियो कल मिला था। वायरल वीडियो की जांच में सही पाए जाने के बाद लीलावती को निलंबित कर दिया गया है।

#### बाइक-ट्रैक्टर की टक्कर में युवक की मौत

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चांद थाना क्षेत्र के केकढा गांव के पास बनारस से गंगाजल लेकर लौट रहे दो बाइक सवार ट्रैक्टर से टकरा गए। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान चांद थाना क्षेत्र के नयुवा गांव निवासी श्याम सुंदर बिंद के पुत्र किशन कुमार के रूप में हुई है।

#### वाहन की चपेट में आने से एएसआई की मौत

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर चण्डी थाना क्षेत्र के कचरा भेड़िया गांव के पास रफ्तार का कहर देखने को मिला है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान वैशाली जिला के हाजीपुर निवासी जितेंद्र कुमार सिंह के रूप में की गई है। वे वर्तमान में नवादा जिला के मुफस्सिल थाना में जमादार एएसआई के पद पर कार्यरत थे।

## 30 हजार रुपये घूस लेते हुए जिला भू-अर्जन कार्यालय का लिपिक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** सारण समाहरणालय के गेट पर सोमवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने छापेमारी कर 30 हजार रुपये की घूस लेते हुए जिला भू-अर्जन कार्यालय के लिपिक आकाश मुकुंद को गिरफ्तार कर लिया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार ने बताया कि सोनपुर प्रखंड के गोविन्दचक निवासी हर्षवर्धन कुमार सिंह ने शिकायत की थी कि भारतमाला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए उनकी जमीन एक्वायर की गई थी। उसी एवज में उन्हें 16 लाख रुपये की राशि मुआवजे के रूप में मिलनी थी लेकिन इस पेमेंट के बदले लिपिक आकाश मुकुंद भुगतान हुए दो प्रतिशत की मांग कर रहे थे। इसमें 30 हजार देने की बात हुई थी। इसकी शिकायत हर्षवर्धन कुमार सिंह ने निगरानी में की थी। इसके बाद निगरानी ने मामले की जांच कर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की प्रक्रिया को प्रारंभ किया। सोमवार को जैसे ही समाहरणालय के गेट पर भू-अर्जन कार्यालय के लिपिक आकाश मुकुंद घूस की राशि ले रहे थे तभी निगरानी विभाग ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उपस्थित भीड़ के सामने पैसे का मिलान किया गया। निगरानी ने गिरफ्तार लिपिक को सर्किट हाउस में लेकर उनका हाथ धुलवाया जिसके बाद उनके हाथ से रंग गिरने लगा। गोविंदचक निवासी शिकायतकर्ता हर्षवर्धन कुमार सिंह ने बताया कि भारत माला प्रोजेक्ट में उनकी जमीन अधिग्रहित हुई थी, लिपिक द्वारा पूर्व में हुए 16 लाख रुपये रुपये भुगतान के बदले दो प्रतिशत राशि की मांग कर रहे थे। इसके कारण वे नये भूमि अधिग्रहण में पेमेंट नहीं कर रहे थे। इसी को लेकर पांच अगस्त को निगरानी विभाग को सूचना दी गई थी और 11 अगस्त को उन्हें पकड़ा गया है।

## पटना से बिहार के प्रमुख शहरों के लिए दौड़ेगी सुपर फास्ट ट्रेन

### नीतीश सरकार केंद्र को भेजेगी प्रस्ताव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सड़क मार्ग से साढ़े तीन घंटे में पटना पहुंचने की योजना पर काम कर रही राज्य सरकार रेल नेटवर्क को भी दुरुस्त करने में जुट गई है। राज्य सरकार ने कार्ययोजना बनाई है कि पटना से बिहार के प्रमुख शहरों के बीच सुपर फास्ट ट्रेन सेवा शुरू हो ताकि लोग कम समय में आ-जा सकें। इसके लिए सरकार के शीर्ष स्तर पर केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय को जल्द ही प्रस्ताव भेजने की तैयारी में है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार बीते दिनों बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने राज्य में चल रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान न केवल नेशनल हाईवे बल्कि रेल परियोजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई। इसका मकसद बिहार के लोगों को सहज सम्पर्कता सुविधा उपलब्ध कराना है। मुख्य सचिव ने रेलवे और



सड़क परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित जिलों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में पटना से राज्य के प्रमुख शहरों के बीच चल रही ट्रेन सेवा की समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि अभी वंदे भारत ट्रेन के कारण पाटलिपुत्र से मुजफ्फरपुर की दूरी मात्र 90 मिनट में तय हो रही है। सीमांचल एक्सप्रेस से पटना से पूर्णिया की दूरी छह घंटे 50 मिनट में दूरी तय हो रही है। वंदे भारत से ही पाटलिपुत्र से मोतिहारी की दूरी लोग दो घंटे 53 मिनट में तय कर रहे हैं। नमो भारत रैपिड रेल से पटना से दरभंगा की दूरी चार घंटे तीन मिनट में तय हो रही है। वंदे भारत से ही पटना से गया की दूरी एक घंटे 15 मिनट तो राज्यरानी से पटना से सहरसा की दूरी चार घंटे पांच मिनट में तय हो रही है। अब सरकार ने योजना बनाई है कि पटना से राज्य के सभी प्रमुख शहरों को सुपर फास्ट ट्रेन सेवा से जोड़ी जाए। इसके तहत पटना से पूर्णिया के लिए एक वंदे भारत ट्रेन सेवा की मांग की जाए। इसी तरह पटना से मुजफ्फरपुर होते जयनगर के लिए भी एक सुपर फास्ट ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भेजा जाए। इसी तरह पटना से भागलपुर के लिए भी एक सुपर फास्ट ट्रेन सेवा की मांग की जाएगी।

## ओझा-गुनी होने के शक में अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कोठी थाना अंतर्गत लावाबार गांव में एक शख्स को मौत के घाट उतार दिया गया है। यहां 50 वर्षीय मंटू भुइयां की कुछ ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने ओझा-गुनी होने के शक में पीट-पीटकर हत्या कर दी। सोमवार को सुबह 9 बजे के करीब वारदात को अंजाम दिया गया। यही नहीं पुलिस को पता नहीं चले इसलिए डेड बॉडी को जंगल मे फेंक दिया। वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है। जंगल से अब तक शव बरामद नहीं हो सका है। इधर सूचना मिलते ही कोठी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव की तलाश शुरू की। पुलिस ने शुरुआती जांच में चार महिलाओं और एक पुरुष को हिरासत में लिया है। पुलिस इनसे गहन पूछताछ कर रही है। दो थाने कोठी और इमामगंज की पुलिस डेड बॉडी की तलाश में जुटी है। पुलिस का कहना है कि सारे मामले की गहराई से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बाघ के हमले में किसान की मौत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में खेत में काम कर रहे किसान पर बाघ ने हमला बोल दिया जिसमें उसकी मौत हो गई। किसान का शव झाड़ियों में छिपे बाघ से कुछ दूरी पर मिला। वहीं सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मी को भी बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। मृतक की पहचान गोवर्धना इलाके के रहने वाले किसान मथुरा महतो के रूप में हुई है।

## चानन नदी से तीन भाइयों का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत चानन नदी से तीन चचेरे भाइयों के शव बरामद हुए हैं। मृतकों की पहचान बांका के रजौन थाना क्षेत्र के सिंघनान गांव निवासी दुलो तांती के पुत्र अमरजीत कुमार (14), विजय तांती के पुत्र कन्हैया कुमार (12) और डब्लू तांती के पुत्र राजेश कुमार (16) के रूप में हुई है। बता दें कि रविवार को सिंघनान गांव की चानन नदी में पांच बच्चे स्नान कर रहे थे। पानी में तेज बहाव के कारण सभी डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने दो को बचा लिया लेकिन तीन डूब गए। स्थानीय थाना और एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गई। रेस्क्यू टीम ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सोमवार को भागलपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अंगारी मोड़ के पुरैनी पुल से तीनों के शव बरामद हुए। डीएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। मृतक राजेश की मां कुंती देवी ने बताया कि उनका बेटा दसवीं कक्षा का छात्र था और मजदूरी करके पढ़ाई करता था।

## ट्यूशन जा रही छात्रा की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** शिवाजी नगर थाना क्षेत्र में घर से कोचिंग जा रही छात्रा की बीच रास्ते में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। छात्रा के सीने पर गोली मारी गई है जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर रोसड़ा डीएसपी संजय कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि बीपीएससी की तैयारी को लेकर छात्रा दरभंगा जिला के बहेड़ी पढ़ाई करने के लिए रोजाना जाया करती थी। पिता का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने सही समय पर ठोस कदम नहीं उठाया।

## अतरी थानाध्यक्ष ने की खुदकुशी की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया में दारोगा अनुज कश्यप खुदकुशी मामले के बाद एक बार फिर पुलिस महकमे में सनसनी है। इस बार गयाजी के अतरी थानाध्यक्ष ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। गंभीर हालत में उन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप है। अतरी थानेदार संजय कुमार (30 वर्ष) ने किन कारणों से खुदकुशी का प्रयास किया यह स्पष्ट नहीं हो सका है। इस घटना की जानकारी होते ही उन्हें तुरंत पुलिसकर्मियों द्वारा स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार रविवार रात में खाना खाने के बाद अतरी थानाध्यक्ष संजय कुमार क्वार्टर में सोने चले गए थे। इस बीच करीब 12 बजे के आसपास नीमचक बथानी एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने किसी कार्य से उन्हें फोन किया। हालांकि थानेदार की ओर से कॉल रिसीव नहीं हुआ। कई बार कॉल किया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद एसडीपीओ ने अतरी थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी को फोन लगाया। उस पुलिसकर्मी ने भी थानेदार को फोन किया लेकिन फिर फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद कई तरह की हुई आशंका को लेकर पुलिसकर्मी उनके कमरे की ओर गए। दरवाजा अंदर से बंद था। इस स्थिति में दीवार फांदकर पुलिसकर्मी अंदर पहुंचे तो वहां की स्थिति देखकर हड़कंप मच गया। कमरे में खून फैला था और थानाध्यक्ष बेहोश पड़े थे। इसके बीच तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और फिर वहां से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन





DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine

DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine

BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science

अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

✆ 9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com


## शहीद दिवस पर अमर स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को 11 अगस्त 1942 को आजादी के मतवाले सात अमर शहीद यथा उमाकांत प्रसाद सिंह, रामानन्द सिंह, सतीश प्रसाद झा, जगतपति कुमार, देवीपद चौधरी, राजेन्द्र सिंह एवं राम गोविन्द सिंह की दी गई कुर्बानियों को याद किया गया और उन्हें शत-शत नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राजकीय समारोह का आयोजन शहीद स्मारक परिसर में किया गया। राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें



भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, पूर्व मंत्री श्याम रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, अमर शहीदों के परिजन एवं गणमान्य व्यक्तियों ने अमर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात सचिवालय प्रांगण स्थित शहीद पार्क में जाकर अमर ज्योति के समक्ष पुष्प चक्र अर्पित किया एवं स्वतंत्रता संग्राम के तमाम अमर शहीदों को नमन करते हुये अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन प्रस्तुत किया गया।

### डीएम ने की मद्य निषेध विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# मुख्यमंत्री नीरा संवर्द्धन योजना के तहत शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने का डीएम ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा सोमवार को मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक की जिसमें जिलाधिकारी द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा डीपीएम जीविका रोहतास को निदेशित किया गया कि मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना के तहत शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया गया ताकि रोहतास जिला के रैंकिंग में सुधार हो सके। डीपीएम जीविका रोहतास को नीरा लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त करने का भी निर्देश दिया गया। सभी पुलिस थानाध्यक्ष एवं उत्पाद थाना को निदेशित किया गया कि इस वर्ष बिहार में विधानसभा आम चुनाव होना है। इसलिए अपने-अपने थाना अंतर्गत जब्त शराब का मिनिस्ट्रीकरण प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे एवं छापामारी तथा बैरक लगाकर वाहन चेकिंग करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बताया गया कि पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह जुलाई 2025 में 175 शराब में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह जुलाई 2025 में 5313.19 लीटर शराब जब्त की गई। वहीं जुलाई माह तक जब्त 179 वाहनों का अधिहरण प्रस्ताव विधि शाखा को भेजने का निर्देश दिया गया। जुलाई माह में 52 वाहनों की नीलामी से 1334190 रूपये की राजस्व की प्राप्ति हुई। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा शराब के विनष्टीकरण प्रस्ताव को 15 दिनों के अंदर भेजने का निर्देश दिया गया है। सभी अधिहरण न्यायालय को लंबित वाहनों का अधिहरण अविलंब करने का निर्देश दिया गया है।

## बीस सूत्री कार्यालय का मंत्री व विधायक ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय पर बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि संतोष कुमार सिंह श्रम संसाधन मंत्री एवं जमा खां अल्प संख्यक मंत्री ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया उद्घाटन के दौरान कार्यालय में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्रम संसाधन मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की देन है कि अपने कार्यकाल में साढ़े नौ साल बाद मैं आज पहली बार बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन किया हूं जिसके लिए मुख्यमंत्री को बधाई व धन्यवाद देता हूं। बीस सूत्री का मुख्य उद्देश्य है कि सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचना है इस कड़ी में प्रखंड के बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार चन्द्रवंशी प्रखंड क्षेत्र के अंतिम घर तक जन-जन तक सरकार की योजनाओं को अवगत कराएंगे यह आप लोग का दायित्व है। यही एनडीए के महागठबंधन का सच है चुनाव आया है बहुत लोग क्षेत्र में आएंगे वहीं कांग्रेस राजद सहित अन्य विपक्ष पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि सभी पार्टियां एसआईआर का धूम मचा रहे हैं जबकि भारत के संविधान के अनुसार जो भारत का नागरिक है वही मतदाता है, यह प्रावधान 2003 में उसके पहले भी और आने वाले समय में भी होता रहेगा।

## एक नजर

### एसडीपीओ ने किया पदभार ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार सरकार ने पदाधिकारियों के स्थानांतरण के तहत बिक्रमगंज के लिए नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार की नियुक्ति की है। नए एसडीपीओ की तैनाती से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर नई कार्यशैली और दिशा की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर निवर्तमान एसडीपीओ ने उन्हें कार्यभार सौंपा और शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण के बाद एसडीपीओ संकेत कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि जनता में सुरक्षा का भरोसा कायम करना और अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाना हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर और सही तरीके से पहुंचे, यह सुनिश्चित करना भी पुलिस प्रशासन की भूमिका का हिस्सा है। एसडीपीओ ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### 28 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 28आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में एससीएसटी एक्ट, हत्या के प्रयास, हत्या, डकैती, पॉक्सो एक्ट, धोखाधड़ी, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 448 लीटर देशी शराब, एक ट्रैक्टर, एक बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में दो लाख 19 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

### नहर में डूबने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के नंदूसियारा गांव में नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक उक्त गांव निवासी सुदर्शन पासवान के 20 वर्षीय पुत्र चंदन पासवान बताया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि देर शाम शौच करने गए थे। संभवतः पैर फिसलने के कारण नहर में डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई। रात भर परिजन आसपास के गांव में ढूंढ रहे थे। सोमवार की 10 बजे गांव में कुछ लोग नहर के तरफ गए तो शव को देख कर शोर किया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची शव को बरामद किया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। पीड़ित के परिजनों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

### अंग्रेजी शराब के साथ महिला धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर क्षेत्र के कझारघाट में छापेमारी कर 48 पीस अंग्रेजी शराब के साथ एक महिला धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया जिससे पूछताछ के बाद भभुआ न्यायालय में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि धराई महिला धंधेबाज बसंती देवी कझारघाट की निवासी है जिसके पास से एट पीएम का 48 पीस शराब बरामद किया गया।

### शराब के नशे में चार धराये, गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर शराब के नशे में चार पियक्कड़ों को दबोच लिया। धराये सभी शराबियों का कुदरा अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद भभुआ जेल भेज दिया।

# मंत्री संतोष कुमार सुमन पहुंचे बाबा चौहरमल धाम

### शाहाबाद क्षेत्र से हमारे एक विधायक हों : संतोष कुमार सुमन

मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री व हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन सासाराम के सत्यम पैलैस नियर माइको में बुद्धा चैरिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद डिहरी के एनिकट स्थित बने भव्य मंदिर बाबा चौहरमल धाम में पहुंचे। वहां उन्होंने वीर शिरोमणि चौहरमल बाबा के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। दुसाध जागृति संस्कृति चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान ने उनको लाल रंग की पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। मंत्री संतोष कुमार सुमन ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि रोहतास जिला में कार्यकर्ता सम्मेलन था हमलोग की पार्टी का विधान सभा तथा जिला स्तरीय सभी जगह कार्यक्रम कर रहे हैं। इसका मकसद है कि हमलोग अपने लोगों को जागरूक करें और अपना संगठन का विस्तार करें। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा गरीबों के बीच में जाकर अपने संदेश को दें कि जो भी विचार धारा के तहत हमने पार्टी बनाया है इसको मजबूत करें और जो भी एनडीए घटक दल के प्रत्याशी लड़े उनको मजबूती प्रदान करें। उन्होंने सासाराम में आयोजित कार्यक्रम पर सभी कार्यकर्ता को बधाई दी। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारे यहां एक साधारण कार्यकर्ता भी विधायक बन सकता है अगर जनता उनको चाहतीं हैं तो चुनाव के लिए तैयारी कर रहे हैं। हम भी चाहते हैं कि शाहाबाद क्षेत्र से हमारे एक विधायक हों। डिहरी में मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वाले भारतीय उद्यमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश पासवान, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष कमलेश पासवान, शंकर कुमार, डॉ रवि, संजय सिंह यादव, अमरेंद्र पासवान, महेंद्र सिंह यादव, डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, वितन सिंह सहित कई लोगों

## हथियार दुकानदारों के रिकॉर्ड की होगी जांच : डीआइजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराध पर लगाम लगाने के लिए शाहबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों के लाइसेंसी हथियार दुकानदारों के रिकॉर्ड की जांच का निर्देश एसपी को दिया गया है। डीआईजी डॉ सत्य प्रकाश के अनुसार मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रक्षेत्र के चारों जिला रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर जिलों के लाइसेंसी हथियार दुकानदारों के रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन दुकानों से किसने कब कितनी गोलियां खरीदी, अगर गोलियां खर्च की तो उनसे खोखा मांगा जाएगा। रिपोर्ट के बाद लाइसेंसधारी अगर मृत है उनके परिजन और दुकानदार समेत जो भी दोषी होंगे कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि कारतूसों की सप्लाई रोक कर अपराध को



नियंत्रित किया जा सकता है। अपराधी हथियार कहीं से भी बनवा लेते हैं, लेकिन गोलियां कहीं भी नहीं बन सकती। कोशिश यह है कि गोलियों की आपूर्ति पर रोक लगे। ऐसी सूचना भी मिल रही है कि मृत लाइसेंस धारकों के नाम पर गोली उठाकर ब्लैक मार्केट में सप्लाई की जा रही है। इस नेटवर्क को खत्म किया जाएगा। डीआईजी ने बताया कि जांच के बाद एसपी से प्राप्त रिपोर्ट मुख्यालय को भेजा जाएगा।

## फरार वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के उप निरीक्षक मनोज कुमार साथ सहायक उपनिरीक्षक सरोज कुमार एवं आरक्षी अभिमन्यु सिंह के द्वारा स्थानीय थाना डालमिया नगर के सहयोग से रेसुब पोस्ट मुकदमा अपराध संख्या 06/15 आरपी संख्या 16/15 अंतर्गत धारा 3 रेल संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम के अभियुक्त जितेंद्र साव उर्फ जितेंद्र कुमार, पिता का नाम कामेश्वर साव, साकिन- त्रिलोकी नगर, थाना डालमिया नगर, जिला रोहतास (बिहार) के विरुद्ध रेल न्यायालय गया द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में वारंटी को उसके निवास स्थान से नियमानुसार गिरफ्तार कर पोस्ट पर लाकर कागजी कार्यवाही करते हुए मय कागजात व जारी वारंट मूल रूप से संलग्न कर उक्त वारंटी को अग्रिम कार्यवाही वास्ते रेल न्यायालय गया अग्रसारित किया गया।

## कोई मतदाता छूटे नहीं, गलत मतदाता जुटे नहीं : लल्लू पटेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का दूसरा चरण 11 अगस्त 2025 को रामपुर प्रखंड के बेलांव एवं खरेन्दा पंचायत में आयोजित हुआ जिसका नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सह भभुआ जिला परिषद सदस्य विकाश सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं व आमजनों को सम्बोधित करते हुए विकाश सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने कहा कि पार्टी द्वारा निर्देश दिया गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कोई भी शोषित वंचित समाज एवं बिहार के सभी बहुजन समाज सहित सर्व समाज के सही लोगों का नाम कट न सके इस लिए मुझे भभुआ विधान सभा का जिम्मेवारी मिला है और निश्चित तौर पर मैं पार्टी का एक जिम्मेवार कार्यकर्ता होने के नाते पूरी मजबूती के साथ इसे देख रहा हूं ।

## आज आठ जगहों से मुख्यमंत्री से होगा सीधा संवाद

### संवाद कार्यक्रम में बिजली की फ्री यूनिट की दी जाएगी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** प्रदेश के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट फ्री बिजली देने के बाद 12 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश के उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे जिसमें फ्री बिजली यूनिट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि कुदरा व पुसौली क्षेत्र में आठ जगहों पर मुख्यमंत्री का सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें पंचायत भवन पंचपोखरी, पंचायत भवन नेवरास, नगर पंचायत भवन कुदरा व आंगनबाड़ी केंद्र पियां, पंचायत भवन घटाव, अमेठ, बहुआरा व सलथुआ शामिल है। सीधा प्रसारण होने वाले स्थानों पर बिजली बोर्ड द्वारा एलईडी, स्क्रीन, प्रोजेक्टर व टीवी का प्रबंध किया गया है।

## रेलवे स्टेशन पर महिला यात्री ने दिया बच्चे को जन्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** सासाराम रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री ने बेटे को जन्म दिया। ट्रेन में शुरू हुई प्रसव पीड़ा के बाद महिला को स्टेशन पर उतारा गया जहां रेलवे कर्मचारियों की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया गया। दरअसल, मामला आनंद विहार से पुरी जाने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन (18428) में कोच संख्या एस-6 की है जहां नीलू कुमारी, जो कानपुर से गया के लिए यात्रा कर रही थीं, को अचानक तेज प्रसव पीड़ा हुई। यात्री द्वारा सूचना दिए जाने के बाद रेल प्रशासन और आरपीएफ हरकत में आ गए। सासाराम स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने से पहले ही एंबुलेंस और स्वास्थ्यकर्मियों की व्यवस्था कर दी गई थी। जैसे ही ट्रेन सासाराम स्टेशन पर रुकी, महिला को ट्रेन से नीचे उतारा गया, लेकिन प्रसव शुरू हो चुका था। इसी दौरान रेलवे की महिला सफाईकर्मी और अन्य महिला स्टाफ ने मोर्चा संभाला और आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों को बुला लिया। अंततः स्टेशन पर ही महिला का सुरक्षित प्रसव हुआ और एक स्वस्थ बेटे का जन्म दिया। बाद में नीलू कुमारी को सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी रवि कुमार की पत्नी हैं और अपने पिता के साथ जहानाबाद जा रही थीं।

## जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को किया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिले के न्यू फैजलगंज स्टेडियम सासाराम में विगत तीन दिनों से चल रहा जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता सोमवार को समाप्त हो गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन सासाराम स्थित फैजलगंज मल्टीपर्पज हॉल में किया गया। बता दें कि यह प्रतियोगिता शिक्षा विभाग खेल विभाग बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में कराया जा रहा था जिसके जरिए प्रतिभाव प्रतिभावान खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपना प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता में मुख्यतः पांच प्रकार के खेल प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से फुटबॉल,कबड्डी, वालीबाल साइकिलिंग और एथलीट शामिल है। मौके पर उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय, अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन, बढ़िया उपसंहारता ओमप्रकाश लाल, वरीय उपसमाहर्ता नेहा कुमारी, बढ़िया उपसंहारता विनीता कुमारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में फुटबॉल के अंडर-14 (बालक) चेनारी विजेता एवं डिहरी उपविजेता। फुटबॉल अंडर-16 (बालक ) सासाराम विजेता एवं चेनारी उपविजेता। वॉलीबॉल अंडर-16 (बालक ) मे संझौली विजेता तथा चेनारी उपविजेता रहा। कबड्डी अंडर-14 (बालक) में विजेता डिहरी उपविजेता नौहाटा। वही कबड्डी अंडर-16 बालक में काराकाट विजेता एवं बिक्रमगंज उपविजेता रहा। कबड्डी अंडर-16 बालिका में तिलौथू विजेता एवं सासाराम उपविजेता रहा।

## क्रांति दिवस पर लोक समिति ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** रोहतास जिला लोक समिति के तत्वावधान में 1942 ई. की अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर अमर शहीदों की पुण्य स्मृति में नोखा एवं दिनारा प्रखंड के बलिगावां तथा करंज गांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समाजवादी किसान नेता महेन्द्र सिंह यादव तथा संचालन शाहाबाद प्रक्षेत्र के महासचिव भानुप्रकाश राय ने की। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने कहा कि लोक समिति एक गैर दलीय राष्ट्रीय जन संगठन है जिसकी स्थापना लोक नायक जय प्रकाश नारायण ने 30 जून 1977 ई. को की थी। उन्होंने बताया कि मेरे लिए गर्व की बात है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1942 ई. में अंग्रेज भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान भारतवासियों को करो या मरो का आह्वान किया था। गांधी जी के नारे और आह्वान पर सासाराम, रोहतास जिला से भी आजादी की अंतिम लड़ाई में सैकड़ों जेल गये एवं शहीद हुए जिसका नाम इतिहास के पन्नों एवं शिलालेखों में आज भी अमर हैं।


**कार्यालय : उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (जिला नजारत शाखा)**

**शुद्धि पत्र 359137**

जिला नजारत शाखा, पलामू द्वारा पलामू समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं द्वारा प्राप्त अधियाचना के आलोक में अधियाचित स्टेशनरी एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति करने के निमित निविदा खोलने की तिथि 25.08.2025 को निर्धारित है के शर्त संख्या– 09 में "**न्यूनतम निर्वाचन दर**" अंकित हो गया है जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए इसके जगह पर उपरोक्त सामग्री के क्रस हेतु "**अधिकतम विधान सभा आम चुनाव 2024 में निर्धारित दर**" मान्य होगा।

शेष सभी नियम एवं शर्त यथावत रहेगा।

नजारत उप समाहर्त्ता,
पलामू

PR 359301 District(25-26).D



**Govt. of Bihar**

**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, RCD, ROAD DIVISION No. 1, Aurangabad**
**Email ID:- eercdaurangabad01@gmail.com, Mob:- +91-9470001281**
**SBD BASED DETAILED NOTICE INVITING E-TENDER**
**(Through e-procurement mode only https://www.eproc2.bihar.gov.in)**
**NIT No.- RCD / AURANGABAD/SBD/06/2025-26**

1. Designation And Address of The Advertiser :- Executive Engineer, R.C.D., Road Division No. 1 Aurangabad
2. Date Of Issue of Notice Inviting Tender :- 05.08.2025
3. Period For Download of Tender Document :- From 26.08.2025 to 07.09.2025 Up to 15:00 hrs. (From Website: https://www.eproc2.bihar.gov.in ) Only.
4. Date, Time & Place of Pre-Bid Meeting :- 28.08.2025 at 11:00 hrs. at Office of The Chief Engineer, South, RCD, Bihar, Patna
5. Last Date & Time for Uploading Tender Document By Bidder :- 07.09.2025 Up to 15:00 hrs. On Website: (https://www.eproc2.bihar.gov.in ) Only.
6. Date, Time & Place Of Opening Of Technical Bid :- Date- 08.09.2025 after 15:00 hrs. On Website : https://www.eproc2.bihar.gov.in
7. Details Of Works:-

| Group No. | Name of work | Estimated Cost ( Rs in Lakh) | Amount of Earnest money ( Rs in Lakh) | Cost of B.O.Q (to be paid through online mode) (non-refundable) (in Rs.) | Bid Processing Fee (to be paid through online mode) (non-refundable (in Rs.) | Time of completion of work (in month) Including monsoon period. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Four Lane of Deo Surya Kund (SH-101) to Deo Bypass (Pragati Path) from km 0.00 to km 1.00 (Total Lenght : 1.00km) under RCD, Road Division No. 1, Aurangabad for the year 2024-25 | 1006.61192 | 20.14 | 10,000.00 | As appeared on e-proc2 | 09 Months |
| 2 | Construction of 2-Lane with paved shoulder of Deo Ring Road from km 0.00 to 8.60 km (Total Length – 8.60 km) under RCD, Road Division No. 1, Aurangabad for the year 2024-25 | 4661.55998 | 56.62 | 10,000.00 | As appeared on e-proc2 | 18 Months |
| 3 | Construction of 2-Lane of Rafiganj Bypass Road from km 0.00 to 8.00 (Total Length : 8.00 km) under RCD, Road Division No. 1, Aurangabad for the year 2024-25. | 3791.50990 | 47.92 | 10,000.00 | As appeared on e-proc2 | 18 Months |

8.Date, Time & Place of opening of Financial Bid:-To be announced after approval of Technical Bid by Competent Authority (on Website : https://www.eproc2.bihar.gov.in)

11. Detailed NIT can be seen on website **state.bihar.gov.in/prdbihar** or https://www.eproc2.bihar.gov.in or the notice board of the office of the undersigned.

**Executive Engineer,**
**RCD, Road Division No. 1,**
**Aurangabad**

**PR- 011117 ( R C D ) 2025-26**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# बी. डी. कॉलेज की नवनियुक्त प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने संभाला पदभार

## नैक मूल्यांकन को बनाया पहली प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत बी. डी. कॉलेज को नई स्थायी प्राचार्या मिल गई है। सोमवार को ए. एन. कॉलेज के इतिहास विभाग में कार्यरत रही अनुभवी शिक्षाविद् प्रो. रत्ना अमृत ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. विवेकानंद सिंह ने उन्हें पदभार सौंपा। यह नियुक्ति राजभवन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लॉटरी प्रक्रिया के तहत हुई, जिसमें बी. डी. कॉलेज का प्रभार प्रो. अमृत को मिला। पदभार संभालने के बाद महाविद्यालय के सभागार में शिक्षकों की त्वरित बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. रत्ना अमृत ने स्पष्ट किया कि महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन और प्रत्यायन उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब सभी शिक्षक और कर्मचारी सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं और अपनी क्षमता का शत-प्रतिशत दें। संस्थान की प्रतिष्ठा हमारे सामूहिक प्रयासों पर निर्भर है। शिक्षा के क्षेत्र में लगभग तीन दशकों के अनुभव वाली प्रो. रत्ना अमृत ने अपने करियर में कई शैक्षणिक शोध, सेमिनार और अकादमिक समितियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने इतिहास विषय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। ए. एन. कॉलेज में कार्यरत रहते हुए उन्होंने छात्रों को शोध परियोजनाओं, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामुदायिक जुड़ाव के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय में अकादमिक माहौल को और सशक्त करने के लिए पुस्तकालय संसाधनों का विस्तार, स्मार्ट क्लासरूम की संख्या में वृद्धि और छात्र-शिक्षक संवाद को बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि बी. डी. कॉलेज न केवल विश्वविद्यालय स्तर पर, बल्कि राज्य स्तर पर भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एक आदर्श संस्थान बने। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि प्राचार्या का स्वागत शिक्षकों और कर्मचारियों ने गर्मजोशी से किया और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। कॉलेज परिवार को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में संस्थान नए शैक्षणिक मानकों को हासिल करेगा।

# बिहार में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की आय वृद्धि, पोषण सुरक्षा और स्वरोजगार के अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मशरूम अवयव योजना (मशरूम किट एवं मशरूम हट) लागू कर रही है। इसका मुख्य लक्ष्य लघु एवं सीमांत किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों और युवा उद्यमियों को मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में प्रोत्साहित करना है। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि योजना के लिए 1,396.75 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पैडी/ऑयेस्टर मशरूम किट की लागत 75 रुपये है जिस पर 90% यानी 67.50 रुपये, बटन मशरूम किट की लागत 90 रुपये है जिस पर 81 रुपये और बाल्टी मशरूम यूनिट की लागत 300 रुपये है जिस पर 270 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। पैडी/ऑयेस्टर और बटन मशरूम के लिए प्रति किसान न्यूनतम 25 और अधिकतम 100 किट जबकि बाल्टी मशरूम के लिए न्यूनतम 2 और अधिकतम 10 किट की सीमा तय की गई है। मशरूम हट निर्माण हेतु 1.795 लाख रुपये लागत पर 50% यानी 89,750 रुपये का अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिलावार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को मशरूम उत्पादन की तकनीक सिखाई जाएगी। योजना का क्रियान्वयन राज्य के सभी 38 जिलों में किया जाएगा और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। विजय कुमार सिन्हा ने इसे किसानों की आय वृद्धि, नवाचार और पोषण सुरक्षा के लिए बिहार सरकार की एक प्रभावी पहल बताया और कहा कि अधिक से अधिक किसान इस योजना से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बनें। विजय कुमार सिन्हा ने यह भी कहा कि योजना के अंतर्गत प्राकृतिक परिस्थितियों में वर्षभर मशरूम उत्पादन के लिए 1500 वर्गफीट पर आधारित तकनीकी मॉडल को स्वीकृति दी गई है। इसमें झोपड़ी निर्माण, भूसे की उपलब्धता, स्पॉन, पॉलिथीन बैग, उपकरण और मिट्टी जैसी आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित किसानों के माध्यम से तकनीकी जानकारी का प्रसार कर स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के अवसर बढ़ाए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि इस पहल से न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो, बल्कि बिहार को मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया जा सके।

# 36 हजार किमी से भी अधिक ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण का काम पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में ग्रामीण सड़कों की तस्वीर लगातार बदल रही है जिससे राज्य के ग्रामीण इलाकों का शहरों से सड़क सम्पर्क सुगम हो चुका है। बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण कार्य विभाग ने 40,252 किलोमीटर सड़कों की मरम्मति और रखरखाव की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है जिसमें से 37,026.185 किलोमीटर सड़कों की प्रारंभिक मरम्मती एवं 36,574.948 किलोमीटर सड़कों का सतही नवीनीकरण किया जा चुका है। इस योजना के तहत अबतक कुल 16,167 ग्रामीण सड़कों की मरम्मती की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसकी कुल लंबाई 40,252.831 किलोमीटर से भी अधिक है। इस पर 20 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की धनराशि खर्च की जा रही है। इनमें से 15 हजार, 404 सड़कों की प्रारंभिक मरम्मती का काम पूरा किया जा चुका है जिसकी कुल लंबाई 36,574 किलोमीटर से भी अधिक है। बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति- 2018 के तहत पूर्वी चंपारण में 2370.42 किलोमीटर से अधिक लम्बाई की ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। दूसरे स्थान पर पश्चिम चंपारण है जहां अब तक कुल 1984.01 किलोमीटर से अधिक सड़कों का रख-रखाव पूरा हो चुका है। इसी तरह मुजफ्फरपुर में 1644.85 किलोमीटर, सारण में 1570.11 किलोमीटर, समस्तीपुर में 1399.11 किलोमीटर, रोहतास में 1359.96 किलोमीटर, गयाजी में 1364.88 किलोमीटर, वैशाली में 1351.54 किलोमीटर, पटना में 1335.81 किलोमीटर, मधुबनी में 1242.03 किलोमीटर सड़कों का सतही नवीनीकरण व अनुरक्षण कार्यक्रम पूरा कर लिया गया है। बता दें कि बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति- 2018 के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करना है। इस योजना के तहत ग्रामीण सड़कों, पुलों का रख-रखाव और मरम्मती का कार्य किया जाता है। ताकि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में लम्बी अवधि तक संपर्कता प्रदान की जा सके।

# पुलिस की तत्परता एवं ज्वेलरी शॉप कर्मी के सहयोग से लूट की घटना को किया विफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रीकृष्णापुरी थानांतर्गत बैंक में लगभग 18 लाख रूपये जमा करने जा रहे एक ज्वेलरी शॉप के कर्मी को 02 अपराधियों द्वारा पिस्टल का भय दिखा कर लूट करने का प्रयास किया गया जिस पर उक्त कर्मी द्वारा साहस के साथ अपराधियों का प्रतिकार किया। दोनों के बीच के संघर्ष के दौरान पुलिस को सूचना मिली। सूचना प्राप्त होते ही मोटरसाइकिल गश्ती दल उक्त घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को आता देख अपराधी पिस्टल फेंककर भाग गए तथा घटनास्थल से 01 पिस्टल बरामद किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# बिहार में गुड़ उद्योग को मिलेगा नया जीवन, किसानों, निवेशकों के लिए सुनहरा मौका

**▸ 25 अगस्त तक करें आवेदन ▸ सरकार दे रही अनुदान और तकनीकी सहयोग**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार पारंपरिक उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में गन्ना उद्योग विभाग की ओर से चलाया जा रहा 'बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम (वित्तीय वर्ष 2025-26)' के तहत नए निवेशकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसकी अंतिम तिथि 25 अगस्त तय की गई है। यह योजना राज्य में गुड़ उत्पादन इकाइयों की स्थापना और आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

**निवेशकों को वित्तीय अनुदान एवं तकनीकी सहायता**

गन्ना किसानों/निवेशकों द्वारा गुड़ इकाई की स्थापना पर राज्य सरकार द्वारा 5-20 टन, 21-40 टन, 41-60 टन तथा 60 टन से अधिक प्रतिदिन पेराई क्षमता वाली इकाइयों को उनकी पूंजी लागत का 50% (क्रमशः अधिकतम 6 लाख, 15 लाख, 45 लाख एवं 1 करोड़) तक अनुदान का प्रावधान है। सरकार की इस योजना के अंतर्गत चयनित निवेशकों को वित्तीय अनुदान एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। इससे ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना अंतर्गत सरकार की ओर से अनुदान और तकनीकी सहयोग, स्थानीय गुड़ उत्पादकों को बढ़ावा, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन, साथ ही आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में भागीदारी का अवसर प्रदान करने का भी प्रावधान है। गुड़ उत्पादन बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रूप से एक प्रचलित उद्योग रहा है, लेकिन समय के साथ इसमें तकनीकी आधुनिकीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सरकार का प्रयास है कि गुड़ उद्योग को संगठित और तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाए ताकि यह राज्य की आर्थिक रीढ़ बन सके।

इच्छुक निवेशक पोर्टल पर जाकर 25 अगस्त , 2025 तक अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के संबंधित गन्ना अधिकारी से संपर्क करने की अपील की गई है।

**किसानों को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत 50-50 किसानों के समूह को 4 प्रशिक्षण देने का भी प्रावधान किया गया है।

# स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत मुख्यालय हाजीपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे भारतीय रेल में 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रांगण में आज अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर आर.आर. प्रसाद तथा मुख्यालय के अन्य विभागाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति में स्वच्छता के मुद्दों पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

# एसआईआर पर कांग्रेस-राजद का दोहरा रवैया उनकी हताशा का परिणाम : राजीव रंजन प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार में एसआईआर को लेकर बेवजह सवाल उठाने वाले राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने दोनों दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं और विपक्ष को अपनी हार की आहट साफ सुनाई देने लगी है, वैसे-वैसे उनकी भाषा और तेवर बदल रहे हैं। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले ये वही नेता हैं जिनका राजनीतिक इतिहास बूथ लूट, बाहुबल और बोगस वोटिंग जैसे काले अध्यायों से भरा पड़ा है। आज जब बिहार और देश में मतदाता सूची को स्वच्छ एवं पारदर्शी बनाने के लिए एसआईआर जैसी प्रक्रिया लागू की गई है, तब कांग्रेस और राजद को अचानक से लोकतंत्र की चिंता सताने लगी है। यह वही दल हैं जिन्होंने अतीत में बाहुबली तत्वों को संरक्षण देकर खुलेआम बूथ कब्जा कराया और वोटरों के मताधिकार का हनन किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना नोटिस और जवाब के किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा। इसके बावजूद तेजस्वी यादव और राहुल गांधी संवैधानिक संस्था के खिलाफ झूठ और भ्रम फैलाने में लगे हुए हैं। तेजस्वी यादव खुद दो वोटर आईडी कार्ड रखने के मामले में शामिल पाए गए हैं, फिर भी नैतिक उपदेश देने से बाज नहीं आ रहे। वो खुलेआम चुनाव आयोग को धमकाने वाली भाषा बोल रहे हैं जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने याद दिलाया कि बिहार में बूथ लूट का पहला मामला 1957 में बेगूसराय के रचियाही गांव में दर्ज हुआ था जब कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थकों ने हथियारों के बल पर मतदान केंद्र पर कब्जा किया था। 1980 और 1990 के दशक में यह प्रवृत्ति चरम पर थी, जब सत्ता-प्रायोजित बाहुबलियों का आतंक चुनावी प्रक्रिया को बंधक बनाकर रखता था। बाहुबलियों को संरक्षण देने की राजनीतिक संस्कृति इन्हीं दलों की देन है।

# आध्यात्मिक सत्संग समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने रमेश गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आध्यात्मिक सत्संग समिति के निर्विरोध अध्यक्ष रमेश गुप्ता बने हैं। अध्यक्ष बनने पर आचार्य चंद्रभूषण मिश्र, मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के कार्याध्यक्ष विजय किशोर पुरिया और हनुमान गोयल, मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल, सीए सुबोध गोयल, प्रकाश अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश जलान, विनोद अग्रवाल, योग विशेषज्ञ विनोद झुनझुनवाला, वन बंधु परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गणेश खेतड़ीवाल, महावीर अग्रवाल, बिनोद बंसल, गोपाल मोदी, मुकेश हिसारिया, नंद किशोर अग्रवाल, राम लाल खेतान, कमल नोपनी ने बधाई दी। इस मौके पर रमेश गुप्ता ने कहा कि अध्यक्ष पद को जिम्मेवारी पूरे कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाऊंगा। साथ ही समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से समिति के कार्यकलापों को नई ऊंचाई तक ले जाने का हर संभव प्रयास करूंगा।

# बेहतरीन कार्य करने वाली पंचायतों, अंचलों और जिलों को किया जाएगा पुरस्कृत

**राजस्व विभाग की तरफ से आयोजित महाअभियान को सफल बनाने की कवायद तेज**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से पूरे राज्य में 16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक राजस्व महा-अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले इस अभियान की पहुंच घर-घर तक करने तथा इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए इस कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को पुरस्कृत करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही इस महा-अभियान में सहभागिता करने वाले सभी जन प्रतिनिधियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में पहली बार बड़े पैमाने पर राजस्व महा-अभियान का आयोजन कर सभी जमाबंदी को अपडेट करने की शुरुआत की जा रही है। इस महा-अभियान को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया जाएगा। ये पुरस्कार तीन स्तरों पर दिया जाएगा। एसीएस श्री सिंह ने बताया कि सभी जिलों के अंचल स्तर पर बेहतरीन काम करने वाले तीन पंचायतों का चयन कर इस कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मियों एवं जनप्रतिधियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी तरह जिला स्तर पर बेहतरीन तीन अंचलों का चयन उनके कार्य के आधार पर करके उन्हें जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले तीन जिलों को पुरस्कार देने की योजना बनाई गई है। महा-अभियान के सफलतम समापन के उपरांत बड़े स्तर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। बताते चलें कि महा-अभियान की सफलता के लिए गत रविवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न सेवा संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित संघों में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार राजस्व सेवा संघ, यूनाइटेड राजस्व सेवा संघ, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी संघ, मुखिया संघ, पंच-सरपंच संघ, ग्राम कचहरी सचिव संघ, पंचायत सचिव संघ, बिहार राजस्व अमीन संघ, बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोप गुट), बिहार राज्य जिला परिषद संघ, वार्ड सदस्य संघ एवं ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ के प्रतिनिधियों ने महा अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता का आश्वासन देने के साथ ही इसकी सफलता के लिए कई सुझाव भी दिए थे।

# विधानसभावार कांग्रेस ने नियुक्त किये एस.सी, एस.टी, इबीसी, ओबीसी आर्ब्जवर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने बिहार में एसआईआर के नाम पर हो रही वोट चोरी के खिलाफ सामाजिक न्याय का नया मोर्चा तैयार किया है। पार्टी ने इसके लिए विधान सभावार एस.सी,एस.टी, इबीसी,ओबीसी आर्ब्जवर नियुक्त किया है। इतना ही नहीं बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में नवनियुक्त सभी आर्ब्जवर को इस काम के लिए बाजाप्ता ट्रेनिंग भी दी गयी। प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग अलग-अलग तरीके से बिहार में वोट की चोरी कर रहा है। राज्य के मुजफ्फरपुर, जमुई और छपरा समेत लगभग सभी विधान सभा क्षेत्रों में ये देखा गया कि एक-एक घर में तीन-तीन सौ लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं। हद तो ये कि एक ही घर में अलग-अलग जाति और धर्म के लोगों के नाम जोड़ दिये गये हैं। इसी के साथ बड़े पैमाने पर लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित एस.सी,एस.टी, इबीसी,ओबीसी मतदाता हुए हैं।

# बरसात के दिनों में पशुओं को बिजली के खंभे से न बांधे पशुपालक

**पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध करवा दें टीकाकरण**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल महत्वपूर्ण चुनौती होती है। इसे देखते हुए बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने सलाह जारी कर पशुओं को बिजली से खंभे से नहीं बांधने की सलाह दी है क्योंकि बरसात के मौसम में विद्युत उपकरणों से जानमाल को खतरा रहता है। साथ ही बरसात में पशुओं की उचित देख-रेख कैसे करें इसके बारे में भी बताया गया है। विभाग द्वारा जारी सलाह में कहा गया है कि पशुघर में आवश्यकता से अधिक पशुओं को एकत्रित न करें, बारिश के दौरान पशुओं को बाहर न निकालें, पानी को एक जगह पर एकत्रित नहीं होने दें जिससे मच्छड़ का प्रकोप न हो एवं परजीवी संक्रमण को रोका जा सके। पशुओं की उचित देखरेख के लिए बरसात के पहले पशुओं के पशुशाला की छत की मरम्मती कर दें जिससे बारिश का पानी न टपके। पशुशाला की खिड़कियां खुली रखें तथा गर्मी एवं उमस से बचने के लिए पंखों का उपयोग करें। पशुशाला में पशुओं के मल-मूत्र की निकासी का भी उचित प्रबंधन करें। पशुशाला को दिन में एक बार फिनाइल के घोल से अवश्य साफ करें जिससे बीमारी फैलाने वाले बैक्टिरिया कम हो सके। नियमित अंतराल पर कीटनाशक का भी छिड़काव करें। पशुशाला में शुद्ध ताजा पानी पीने की व्यवस्था करें एवं चारा एवं पानी की व्यवस्था पशुशाला के नजदीक ही रखें। बरसात के दिनों में तालाबों एवं जलाशयों में पशुओं को न ले जायें और कोशिश करें कि पशु को बाल्टी से साफ एवं ताजा पानी पिलाएं। पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध टीकाकरण करवा दें। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की ओर से जारी सलाह में कहा गया है कि मृत पशुओं को दफनाने की व्यवस्था नदी और तालाब आदि से दूर रखें। जलाशय और चारागाह के रास्ते में पशुओं को न दफनाएं। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की इन सलाह को मानकर पशुपालक अपने पशुओं की उचित देख-रेख कर सकते हैं। ऐसा करने से किसान और पशुपालक आर्थिक तौर पर समृद्ध होंगे।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जन्माष्टमी भले ही अभी आने वाली हो, लेकिन टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को ही उत्सव का रंग चढ़ गया। अवसर था फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिसमें मॉन्टेसरी से प्राइमरी वर्ग तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने भगवान कृष्ण, बलराम, राधा और बाल सखा के रूप में मंच पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मटकी फोड़, रासलीला और माखन चोरी जैसे पारंपरिक मंचन ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। राधा के रूप में कास्वी सिन्हा, अदिति किशन, कितांशु मंडल, निष्ठा, नव्य, वेदिका, युविका, आरोही और यशिका ने अपनी सुंदर अदाओं से दर्शकों को मोहित किया। वहीं कृष्ण के रूप में अनुनय, विराट राज, कुंज, अथर्व, हर्ष, करण सिंह और रेयांश ने अपने अभिनय से सभी का दिल जीत लिया। विशेष अतिथि मुंबई के प्रसिद्ध लाइव बैंड के मुख्य गायक अंकित सिन्हा ने बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की। विद्यालय के निदेशक राजीव भार्गव एवं प्रधानाचार्य शिवानी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

# बिहार में पहली बार रोबोटिक-असिस्टेड कार्डियक बाईपास सर्जरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार के चिकित्सा क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना ने राज्य की पहली रोबोटिक-असिस्टेड कार्डियक बाईपास सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा जगत में नई मिसाल कायम की है। यह उपलब्धि कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के निदेशक और देश के अग्रणी कार्डियक सर्जन डॉ. अरविंद कुमार गोयल के नेतृत्व में संभव हुई। यह जटिल सर्जरी 55 वर्षीय मरीज पर की गई जो गंभीर कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित थे। पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी में जहां मरीज की छाती की हड्डी काटनी पड़ती है, वहीं इस अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक के माध्यम से छोटे-छोटे चीरे लगाकर सर्जरी की गई। इससे मरीज को कम दर्द, न्यूनतम रक्तस्राव, तेज रिकवरी और संक्रमण के बेहद कम खतरे जैसे महत्वपूर्ण लाभ मिले।

डॉ. अरविंद कुमार गोयल, निदेशक- सीटीवीएस, जय प्रभा मेदांता, पटना ने कहा यह उपलब्धि बिहार के लिए एक बड़ी चिकित्सा छलांग है। रोबोटिक-असिस्टेड तकनीक सर्जन की विशेषज्ञता को उच्चतम स्तर की रोबोटिक सटीकता से जोड़ती है जिससे जटिल बाईपास सर्जरी भी बेहद कम इनवेसिव तरीके से की जा सकती है। इस तकनीक से मरीज न केवल जल्दी स्वस्थ होते हैं बल्कि अपनी सामान्य दिनचर्या में भी शीघ्र लौट पाते हैं। हमारा उद्देश्य है कि बिहार के लोगों को ऐसे विश्व स्तरीय उपचार के लिए अब राज्य से बाहर न जाना पड़े। डॉ. रवि शंकर सिंह, मेडिकल डायरेक्टर, जय प्रभा मेदांता, पटना ने इस विषय पर कहा यह सिर्फ तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि हमारे उस संकल्प का प्रमाण है कि हम बिहार के हर नागरिक को यहीं, अपने राज्य में नवीनतम और सर्वोत्तम हृदय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करें। यह सर्जरी हमारे मिशन का हिस्सा है जिसके तहत हम चाहते हैं कि गंभीर हृदय रोगियों को समय पर और सर्वोत्तम उपचार यहीं उपलब्ध हो। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना की यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल राज्य के चिकित्सा मानकों को नई ऊंचाई पर ले गई है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि अब बिहार में ही अत्याधुनिक, सटीक और सुरक्षित हृदय उपचार उपलब्ध है- वही गुणवत्ता, वही तकनीक, जो अब तक केवल देश के चुनिंदा बड़े शहरों में मिलती थी।

# बिहार में 'इंटेंसिफाइड कैंपेन' का शुभारंभ

**बी. डी. कॉलेज के एनसीसी एवं एनएसएस छात्रों की सक्रिय भागीदारी**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आज ए. एन. कॉलेज, पटना में 'इंटेंसिफाइड कैंपेन' के शुभारंभ हेतु एक भव्य एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को एचआईवी एवं यौन संचारित रोगों के कारणों, बचाव और रोकथाम के तरीकों के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान अगले दो महीनों तक संपूर्ण बिहार में संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा श्री अनुग्रह नारायण सिंह एवं सत्येंद्र नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद मंच पर युवाओं की प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता और स्टेज ड्रामा प्रतियोगिता में पटना के 25 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से एचआईवी के प्रति जागरूकता और सामाजिक कलंक से लड़ने का सशक्त संदेश दिया।

CMYK

# ऋतुराज सिन्हा ने बूथस्तर पर संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

## भाजपा का बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला आयोजित, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भरी कार्यकर्ताओं में ऊर्ज़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी में भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को नवादा जिला कार्यालय में बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता ने किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार वर्मा, क्षेत्रीय प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह, सह क्षेत्रीय प्रभारी आशुतोष सिंह और जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर



पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अपने संबोधन में राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर और मजबूत बनाना जरूरी है ताकि नवादा की सभी पांच विधानसभा सीटों पर एनडीए का परचम लहराया जा सके। उन्होंने मंडल प्रभारियों को निर्देश दिया कि जिन जगहों पर 'पन्ना प्रमुख' की नियुक्ति नहीं हुई है, वहां इसे जल्द पूरा किया जाए। प्रत्येक बूथ पर चयनित पांच प्रभावशाली व्यक्तियों को सक्रिय कर बूथ मजबूती पर काम करने की अपील की। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर उन्होंने कहा कि बीएलओ से सीधे संपर्क स्थापित कर मतदाता सूची को अद्यतन किया जाए। साथ ही कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पाने वाले लोगों तक पहुंचकर उनसे समर्थन जुटाने को कहा। प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं से आगामी 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया और बताया कि 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया के मगध विश्वविद्यालय प्रांगण में जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें नवादा से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि चुनाव जीतने की रणनीति का आधार बूथ मजबूती है और नवनियुक्त मंडल प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में प्रवास कर कार्य को गति देनी होगी। कार्यक्रम में जिला महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, गौरव शांडिल्य, नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष रामानुज कुमार, विनोद कुमार भोली, तेजस सिन्हा, मुकेश कुमार, नीतू गुप्ता, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, जिला मंत्री निशा राजवंशी, ज्योति सिंह, विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, विकास सोलंकी, गौतम भारती, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजीत शंकर, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो, विवेकानंद कुमार, शिवरानी केशरी, सूरज पासवान, अशोक सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विपक्षी पार्टियां लोगों को बरगलाने का कर रही काम : ऋतुराज सिन्हा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय कार्यशाला सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करने आए पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि विपक्षी पार्टियों लोगों को बरगलाने का काम कर रही है । जिस तरह से चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्य कर फर्जी मतदाताओं को हटाया जा रहा है, उससे वैसी पार्टियों में मरोड़ उत्पन्न हो रही है जो फर्जी वोटरों के सहारे सत्ता पर काबिज होना चाहते हैं। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन पूरी तरह से मजबूत होकर सरकार बनाएगी । बिहार में जिस तरह से विकास का कार्य किया गया है उसे जनता भी इनकार नहीं कर रही है । मोदी सरकार और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का चारो ओर विकास हुआ है। विपक्षी पार्टियों सिर्फ लोगों को बरगलाने और हंगामा करने का काम करती है । इस मौके पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने भी प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कहा कि फिर एक बार बिहार में एनडीए सरकार। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, वारसलीगंज विधायक अरुणा देवी, हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत शंकर, अभिजीत सिन्हा, तेजस सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध एवं खनन पर जिला पदाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध, खनन, भूमि विवाद, बाल श्रम उन्मूलन तथा किशोर श्रम निषेध से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई।बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की गई, जिनमें राजस्व मालिकाना शुल्क, अवैध खनन, परिवहन, भंडारण तथा ओवरलोडिंग के विरुद्ध की गई कार्रवाई, बालू घाटों आदि की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। मद्य निषेध की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि उत्पाद पक्ष की गिरफ्तारी गत वर्ष (जनवरी से 07 अगस्त 2024 तक) की तुलना में इस वर्ष की समान अवधि में कम है। जिला पदाधिकारी ने गिरफ्तारी में वृद्धि करने का निर्देश दिया।



पुलिस एवं उत्पाद विभाग द्वारा शराब की बरामदगी इसी अवधि में गत वर्ष 78,639.000 लीटर थी, जबकि इस वर्ष 7 अगस्त 2025 तक 1,19,300.000 लीटर शराब बरामद की गई है, जो 51.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। विनष्टीकरण में 24,503 लीटर शराब लंबित पाई गई, जिसे शीघ्र नष्ट करने का निर्देश दिया गया। वाहन नीलामी की समीक्षा में पाया गया कि 704 वाहन नीलामी हेतु लंबित हैं, जिनमें से 393 वाहन मूल्यांकन न होने के कारण लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने परिवहन पदाधिकारी एवं अधीक्षक, मद्य निषेध को थाना में लंबित वाहनों में अनुपलब्ध वाहनों के संबंध में सत्यापन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अधिहरण वाद की समीक्षा में 385 वाद लंबित पाए गए। भूमि सुधार उपसमाहर्ता, नवादा ने बताया कि उनके विरुद्ध दर्शाए गए 127 मामलों में से 57 का निष्पादन कर दिया गया है। शेष मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए तथा अभियान चलाकर छापेमारी करते हुए संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम प्रभावी रूप से करने पर बल दिया और कहा कि इससे विधि-व्यवस्था संधारण में भी मदद मिलेगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक (मु0) नीशु मलिक, डीसीएलआर नवादा गौरव शंकर, उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र, जिला खनन विकास पदाधिकारी प्रत्यय अमन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर रजौली में मॉक ड्रिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** अग्निशमन विभाग के कर्मियों के द्वारा रजौली प्रखंड क्षेत्र में मॉक ड्रिल किया गया। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने बताया कि कोई भी मौसम हो अगलगी की घटना कभी भी हो सकती है। इसी की सावधानी को लेकर प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों पर मॉक ड्रिल किया गया। जगह-जगह पर जागरुकता फैलाई गई और पंपलेट का वितरण किया गया। लोगों को बताया गया कि अगर आपके मोहल्ले, आपके क्षेत्र या आपके गांव में आग लगती है तो अगलगी की घटना पर काबू कैसे पाया जाए, इसी को लेकर अग्निशमन विभाग के कर्मियों के द्वारा लोगों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपाय को बताया गया।

# 12 अगस्त को मुख्यमंत्री करेंगे विद्युत उपभोक्ताओं से लाइव संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत राज्य सरकार ने जुलाई 2025 की खपत के आधार पर अगस्त माह में सभी घरेलू उपभोक्ताओं के 125 यूनिट बिजली बिल को पूर्णतः निःशुल्क कर दिया है। इस क्रम में 12 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों से सीधे संवाद करेंगे। कार्यक्रम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक विद्युत प्रशाखा अंतर्गत चार चयनित स्थल तथा शहरी क्षेत्र में जिला मुख्यालय स्तर पर एक स्थल निर्धारित किया गया है। सभी स्थलों पर विधि-व्यवस्था और सुरक्षा के मद्देनज़र दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की




जाएगी। चिकित्सा सुविधा के लिए चिकित्सा दल, आवश्यक दवाइयाँ, एम्बुलेंस तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर अग्निशमन वाहन भी तैनात रहेंगे। चयनित स्थलों पर पंडाल, कुर्सी, पेयजल, चलंत शौचालय, प्रोजेक्टर/स्मार्ट टीवी, साउंड सिस्टम, इंटरनेट, एफएक्यू फ्लेक्स पोस्टर, पंपलेट एवं माननीय जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। उपभोक्ताओं को विद्युत विपत्र एवं मुख्यमंत्री का संदेश रंगीन प्रिंट में उपलब्ध कराया जाएगा। लाइव संवाद और विधि-व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा शंभु शरण पांडेय (मो. 9934933488) और पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), नवादा निशु मल्लिक (मो. 9031826402) के पास होगी।

# चार स्थानों पर विद्युत विभाग का जनसंवाद कार्यक्रम आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के सफल कार्यान्वयन को लेकर प्रखण्ड प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सरकार के निर्देश पर प्रखण्ड के चार विभिन्न स्थानों पर जन संवाद कार्यक्रम 12 अगस्त को आयोजित किए जाएंगे। जिसमें इस योजना की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जायेगी। इस योजना के तहत एक जुलाई से पंजीकृत घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। कौआकोल बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार एवं विद्युत कनीय



अभियंता अनीश कुमार ने बताया कि मंगलवार को प्रखण्ड के जेपी स्टेडियम सोखोदेवरा, धमनी स्कूल, ओखरिया स्कूल एवं बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में जनसंवाद कार्यक्रम होगा। जिसमें लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों का सम्बोधन को सुनेंगे।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप, भैंसूर गिरफ्तार, पति व ससुर फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के सतनाग गांव में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान सुबोध रविदास की 20 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने और फिर शव को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का गंभीर आरोप लगाया है। एकंगरसराय थाना क्षेत्र के रकसा गांव निवासी मृतका के पिता अजय रविदास ने बताया कि शाम को उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी बेटी ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलने पर जब वे सतनाग पहुंचे, तो सुनीता का शव फंदे से लटका मिला। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष 15,000 रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहा था। रकम देने में असमर्थता के कारण सुनीता को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। अजय रविदास ने बताया कि अप्रैल 2025 में सुनीता की शादी सतनाग गांव निवासी उमेश दास के बेटे सुबोध दास से हुई थी। शादी के समय हैसियत अनुसार दान-दहेज दिया गया था, लेकिन अतिरिक्त रकम की मांग बनी रही। चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मृतका के पति, ससुर और भैंसुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने भैंसुर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

# सड़क हादसे में पुलिसकर्मी की मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** चंडी थाना क्षेत्र स्थित बिहटा-सरमेरा टू-लेन के कचरा भेड़िया गांव के पास सोमवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पुलिसकर्मी जितेंद्र कुमार सिंह (50) की मौत हो गई। जितेंद्र कुमार सिंह वैशाली जिले के हाजीपुर निवासी थे और वर्तमान में नवादा जिला के मुफस्सिल थाना में जमादार एएसआई के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, वह केस अनुसंधान के सिलसिले में अपनी बाइक से पटना जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कचरा भेड़िया गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पहले चंडी रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर स्थिति में बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# महामानव स्व. गुरुसहाय लाल की 136वीं जयंती मनी

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** कतरीसराय प्रखंड स्थित बादी गांव में 11 अगस्त 2025 को बिहार के महामानव, महान शिक्षाविद एवं पूर्व राजस्व एवं विकास मंत्री स्व. गुरुसहाय लाल की 136वीं जयंती उनके पैतृक गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजनीश कुमार मुन्ना ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में दिलीप कुमार ने गुरुसहाय बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु सहाय बाबू किसानों और विद्यार्थियों के सच्चे हितैषी थे, जिनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने याद दिलाया कि अंग्रेजी शासनकाल में राजस्व एवं विकास मंत्री रहते हुए भी उन्होंने बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी योगदान दिया। उनके प्रयासों से कई विद्यालयों की स्थापना हुई, जिनमें टेकनारायण उच्च विद्यालय बादी, मध्य विद्यालय कुर्मीचक, मध्य विद्यालय समयागढ़, मध्य विद्यालय कुम्हरा, मध्य विद्यालय सरमेरा, मध्य विद्यालय इस्लामपुर और मध्य विद्यालय कुण्डवापर प्रमुख हैं। दिलीप कुमार ने बताया कि 1937 में मुख्यमंत्री यूनुस जी के मंत्रिमंडल में मंत्री रहते हुए खेती करने वाले किसानों को जमींदारों के शोषण से मुक्त कराने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इनमें कुआं खुदवाने, खेत की मेड बनाने और खेत से मिट्टी काटने का अधिकार दिलाना प्रमुख था।

# सड़क हादसे में जमादार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** स्टेट हाईवे सरमेरा-बिहटा पथ में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। यह घटना चंडी थाना क्षेत्र के कचरा -भेड़िया गांव के पास हुई है। मृत पुलिसकर्मी हाजीपुर निवासी जितेंद्र कुमार सिंह है जो वर्तमान में नवादा जिले के मुफस्सिल थाना में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। बताया गया कि एएसआई जितेंद्र कुमार सिंह एक केस के अनुसंधान के क्रम में अपनी बाइक से पटना जा रहे थे। इसी बीच जैसे ही कचरा भेड़िया गांव के समीप पहुंचे की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी । इस टक्कर में बुरी तरह से जख्मी हो गया स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में पुलिसकर्मी को इलाज के लिए चंडी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सक ने बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इलाज के क्रम में ही मौत हो गई। चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पुलिस कर्मी की मौत हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घर वालों को सूचना दे दी गई है। अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि नवादा से पटना जाने के क्रम में यह दुर्घटना हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में पुलिस जुट गई है।

# रजौली इंटर विद्यालय में बच्चों ने किया परेड पूर्वाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रजौली इंटर विद्यालय के प्रांगण में होने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं का संयुक्त परेड को लेकर इंटर विद्यालय के प्रांगण में स्कूली छात्र-छात्राओं का परेड पूर्वाभ्यास किया गया। परेड पूर्वाभ्यास तीन दिनों तक लगातार 13 अगस्त तक किया जाएगा। इंटर विद्यालय के परेड प्रशिक्षक संजीव कुमार रंजन एवं इंटर विद्यालय खनपुरा के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार की देखरेख में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रजौली इंटर विद्यालय के मैदान में परेड का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। परेड पूर्वाभ्यास में पूरे जोर-शोर से स्कूली छात्र-छात्राओं के कदमताल मिलाने पर ध्यान दिया जा रहा है। सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर के छात्र-छात्राएं ड्रम सेट पर राष्ट्रीय धुन का रिहर्सल कर रहे हैं ताकि स्वतंत्रता दिवस के दिन झंडोत्तोलन के समय राष्ट्रीय धुन की बेहतर प्रस्तुति की जा सके। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# किराना दुकान में लगी आग, डेढ़ लाख की संपत्ति राख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** रविवार की रात मुफ्तीगंज गांव में बैकुण्ठ प्रसाद की किराना दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे करीब डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एकंगरसराय थाना से अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दुकानदार, जहानचक गांव निवासी बैकुण्ठ प्रसाद ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस हादसे में किराना सामान, अनाज और अन्य वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है और घर में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।


Govt. of Bihar

**Government Engineering College, Aurangabad, Bihar-824125**

Email:principal@gecaurangabad.ac.inWebsite: www.gecaurangabad.ac.in

**Short Term Recruitment**

**Walk- in- interview for Guest Assistant Professor/Guest Tech. Assistant / Guest instructor**

Email:principal@gecaurangabad.ac.in, Website: www.gecaurangabad.ac.in

Government Engineering College, Aurangabad invites eligible candidates to attend the walk-in- interview for the post of Guest Assistant Professor/Guest Tech. Assistant/ Guest instructor as purely temporary basis. Interested andeligible candidates may appear for the walk-in-interview with all their original academicscertificates, category certificate, residential certificate, hard copy of CV, 02 sets of photocopies oforiginal documents and 02 recent passport size photographs as per the following details:

| S. No. | Name of Post | Department/ Subject | Eligibility | Date, Time and Venue of Interview |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Guest Assistant Professor | Physics | The qualification for recruitment is as per UGC/AICTE/DSTTE,Patna Norms. | Date:18/08/2025 (Thursday) Time: 11:00 am onwards Venue: Administrative Block, GEC Aurangabad |
| | | Mathematics | | |
| | | Civil | | |
| | | Computer Science & Engineering | | |
| 2 | Guest Technical Assistant | CSE, ME, CE,EE, ECE | | Date:19/08/2025 |
| 3 | Instructor | WELDER | | |

For further details please visit: www.state.bihar.gov.in/prdbihar

8. Visit our official website – https://www.gecaurangabad.ac.in for any instruction & information or further updates.

PR- 011208 ( Sci & Tech ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**Principal**
**Government Engineering College Aurangabad**



**पूर्व रेलवे**

**बोली सं. जीईएम/2024/बी/6548919, दिनांक 09.08.2025;** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे, कांचारापाड़ा, उत्तर 24 परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए खुली जीईएम सेवा निविदा आमंत्रित की जाती है। **विवरण:** चिकित्सा कर्मियों (नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट-8 अदद, फॉर्मासिस्ट जीआर.-III-4 अदद, लैब असिस्टेंट जीआर.-II-2 अदद, ड्रेसर जीआर.III/ओटीए जीआर.-III-4 अदद, एचएंडएमआई-2 अदद, एचए-40 अदद) को अनुबंध के आधार पर किराए पर लेना। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रु. 3,01,58,660। **ईएमडी:** रु. 6,03,175। **ई-पीबीजी:** पीओ मूल्य का 5%। **समापन अवधि:** 1 वर्ष 2 महीने 2 दिन। **खुलने की तारीख एवं समय:** 20.08.2025 को 09.30 बजे। जीईएम सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) यानी जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध होंगे तथा दरें ऑनलाइन कोट की जानी चाहिए एवं जीईएम पोर्टल यानी **https://gem.gov.in** के जरिए ऑनलाइन जमा किया जाना चाहिए। (MED-02/2025-26)

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-82-25-26 (ओपन), दिनांक 08.08.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस सं.: ओ-एसी-टी-82-25-26; कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/1/एएसएन के अधीन एईएन/II/एएसएन के अधिकार क्षेत्र में एमएमयू, केएओ, सीएएम, एसटीएन एवं बीआरआर में सीटीआर (एस) के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,75,64,886.77। **बयाना राशि:** रु. 2,37,800; **कार्य हेतु समापन अवधि:** 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 03.09.2025 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-150/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# 37 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 10 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अवैध खनन में एक, हत्या के प्रयास में चार, मद्य निषेध में सात एवं अन्य गिरफ्तारी 25 कुल 37 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 145 लीटर देशी महुआ शराब एवं 78 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-557 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-25 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 815 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 01 लाख 99 हजार रूपया वसूला गया है।



अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत दो दो मोटरसाइकिल एवं एक कार बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में सोमवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न गांवों के 158 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। चिकित्सक ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दिये। लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार ने उपस्थित महिलाओं को खून, रक्तचाप समेत अन्य जांच किया। मौके पर प्रभारी डा. नवीन कुमार, डा. इंद्रदेव कुमार, डा.प्रवीण कुमार, डाटा आपरेटर जितेन्द्र कुमार, एएनएम ममता कुमारी, मंजू कुमारी, रिकी कुमारी समेत अन्य रहे।

# मंत्री और डीएम ने टोटो, ई-रिक्शा से घाटों का किया निरीक्षण

## बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को तेजी से ठीक करवाने का मंत्री प्रेम कुमार ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** पितृपक्ष मेला की तैयारी को लेकर सोमवार को देर संध्या बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार एवं जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा पहली बार टोटो/ ई- रिक्शा से समाहरणालय होते हुए पीर मंसूर, पितामहेश्वर घाट, ब्राह्मणी घाट, अंदर गया कि संकीर्ण गलियों होते हुए पंचमहला, सूर्यकुंड होते हुए देवघाट का निरीक्षण किया। विदित हो कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से 21 सितंबर तक निर्धारित है। पिता महेश्वर घाट निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को तेजी से ठीक करवायें। पिता महेश्वर कुंड के पानी को 15 अगस्त तक फिटकरी के माध्यम से साफ करवाये। इसके पश्चात मेला अवधि में कुंड का पानी गंदा होता है तो उसे सफाई का पूरा प्रबंध रखें। पिता महेश्वर घाट पर उबर खबर रास्ते को समतल बनाएं इसके अलावा साफ सफाई का पर्याप्त व्यवस्था रखें। ब्राह्मणी घाट निरीक्षण के दौरान साफ सफाई करवाने को कहा है। यहां पर स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर को जीर्णोद्धार करवाने की मांग स्थानीय लोगों ने किया है। इसके पश्चात मंत्री ने डीएम को बताया कि गया के प्राचीन चार दरवाजे हैं जो अंदर गया होते हुए अलग-अलग क्षेत्र में जाते हैं। उन सभी प्राचीन चार दरवाजा वर्तमान में जीर्ण शीर्ण है, उसे रंग रोगन एवं मरामाती तेजी से करवाये। पितामहेश्वर से पंचमहला जाने वाली रास्ता में नालियों के टूटे जाली को ठीक करवाने का निर्देश दिए हैं। निरीक्षण में अर्द्धनिर्मित नाला को तेजी से पूर्ण करवाने का निर्देश दिए हैं। मेला क्षेत्र के सभी नालियों के जाली को समुचित रूप से लगवाने को कहा है, नालियों के जाली के आसपास कोई गड्ढा नही हो इसे सुनिश्चित करवाये। पूरी तरह लेवलिंग रहे। निरीक्षण में कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग को निर्देश दिए हैं कि नीचे लटके बिजली तारों को ऊंचाई में व्यवस्थित रूप से करवाये और बिजली करंट कही नहीं हो, इसके लिये बिजली खंभों को दाई- इलेक्ट्रिक पेंट सभी बिजली पोल को तेजी से करवाये। निरीक्षण में गलियों के बाहर आम रास्ता में निजी घरों का ईट- पत्थर मालवा फैले देख उसे हटवाने को कहा है। सूर्यकुंड निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया है कि सीढियों की साफ सफाई करवाने का निर्देश दिया है ताकि यात्रियों को घाट पर फिसलन नहीं हो सके। कुंड के पानी निकासी एवं सफाई पर विशेष बल देते हुए निरंतर सफाई व्यवस्था रखने का निर्देश दिए हैं। देवघाट निरीक्षण के दौरान टूटे टाइल्स को तेजी से मरम्मती करवाने को कहा है। घाटों पर बंद पड़े स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्ट लाइट को चालू करवाने को कहा है। गयाजी डैम से सिक्स लेन पूल तक बने घाटों पर जगह जगह टॉयलेट/ स्नानागार एवं चेंजिंग रूम पर्याप्त संख्या में लगवाने के निर्देश दिए हैं। घाटों पर पेयजल की पूरी व्यवस्था दुरुस्त करवाने को कहा है। देव घाट पर राम मंदिर के समीप शेड का निर्माण करवाने का निर्देश दिया है।

## अतिक्रमण कर बनाए गए दुकान पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच बाजार जाने वाली मुख्य मार्ग के पास अवैध रूप से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर करकट से बनाए गए दुकानों को सोमवार की शाम अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन और डी एस पी शुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में जेसीबी द्वारा तोड दिया गया। हालांकि इस दौरान पुलिस को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा, लेकिन पुलिस बारी - बारी से सभी अतिक्रमण कर बनाए गए दुकानों को तोड दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन ने बताया कि नाली पर अतिक्रमण कर दुकान बनाए जाने से बाजार का पुरा पानी सडक पर बह रहा था। बाजार का मुख्य रास्ता पानी और कीचड़ से भर गया था। अंचल कार्यालय द्वारा दो बार अतिक्रमण हटाने के लिए आदेश निकाला गया था। माइक के माध्यम से भी अपील कराया गया था।

## आमस में जीविका दीदी की सिलाई का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जीविका ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आमस प्रखंड के करमडीह पंचायत स्थित संगम जीविका महिला संकुल संघ द्वारा में जीविका दीदी का सिलाई केंद्र का सोमवार को शुभारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सिलाई के माध्यम रोजगार के अवसर प्रदान करना और उनके कौशल को बढ़ावा देना है। बिहार सरकार की एक अहम पहल के तहत तीन से छह साल तक के आंगनबाड़ी जाने वाले बच्चों को हर साल दो सेट पोशाकें दी जाएंगी। इन सिलाई इकाइयों के माध्यम से स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। सिलाई में दक्ष महिलाओं को इस कार्य से जोड़ा गया है। जिले में 3094 महिलाओं द्वारा लगभग एक लाख पोषकों का निर्माण किया जान है। राज्य से प्राप्त कपड़ों को नीमचक बथानी में कटिंग की जाएगी एवं सभी प्रखंडों में स्थित सिलाई केंद्रों में सिलने के लिए भेजा जाएगा। सिलाई के बाद बने पोषक को आंगनबाड़ी के मध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराया जाएगा। स्थानीय जीविका दीदियों में उत्साह इस कार्य को लेकर देखा गया है। इस सिलाई इकाई के माध्यम से स्थानीय स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं अब कपड़ों की सिलाई, यूनिफॉर्म निर्माण और अन्य सिलाई संबंधित कार्यों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगी। इसके साथ ही उन्हें बाजार से जोड़ने की योजना भी बनाई गई है जिससे वे अपनी बनाई हुई वस्तुओं को बेचकर आय अर्जित कर सकें। कार्यक्रम के उद्घाटन में जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक उमा रानी, सीएलएफ की प्रतिनिधि सदस्यों, क्षेत्रीय समन्वयक जीनत और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# संगठनात्मक वर्चुअल बैठक में महानगर जदयू जिलाध्यक्ष हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जदयू जिलाध्यक्ष महानगर राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल के निजी आवास शहर के रमना रोड स्थित समर्पण भवन में सोमवार को वर्चुअल माध्यम द्वारा जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना (कर्पूरी सभागार) में आयोजित संगठनात्मक वर्चुअल बैठक में जदयू के सैकड़ों सदस्य भाग लिए। उक्त आयोजित बैठक में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा एवं आगामी रणनीतियों पर चर्चा हेतु सभी जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला संगठन प्रभारी, जिलाध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, बीएलए एक, प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्तागण वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा वर्चुअल माध्यम से जुड़कर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं राज्यसभा सांसद संजय झा ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा सोशल मीडिया विचारधारा की लड़ाई का सबसे प्रभावशाली मंच है। पार्टी की नीतियों को सशक्त रूप में प्रस्तुत करने और अफवाहों का खंडन करने में इसकी भूमिका अहम है। बैठक के उपरांत जदयू जिलाध्यक्ष महानगर राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। जदयू जात नहीं, जमात की राजनीति करती है और यदि कोई वैचारिक हमला करता है, तो उसका उत्तर सटीक तथ्यों के साथ दिया जाएगा।

## जिले में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा 18 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यात्रा 18 अगस्त को औरंगाबाद से गया तक होगी। सोमवार को जिला कंग्रेस कार्यालय में यूथ कांग्रेस ने यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव और बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ प्रभारी मोहम्मद शाहिद मुख्य मेहमान रहे। युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार सिन्हा ने बैठक की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में राहुल गांधी के स्वागत की रूपरेखा तैयार की गई। वक्ताओं ने कहा कि गया जिले में कांग्रेस के हर कार्यक्रम सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति मजबूत हो रही है। कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम करती है। बैठक में पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव, मेयर गणेश पासवान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, टिका खान, उमर खान, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष गगन मिश्रा समेत कई नेता मौजूद रहे।

## किसान मोर्चा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद खुदीराम बोस के बलिदान दिवस के अवसर पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में किसान मोर्चा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।सभी ने खुदीराम बोस के चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और वंदे मातरम तथा भारत माता की जय के जयघोष के साथ वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि खुदीराम बोस जी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे कम उम्र के और सबसे साहसी क्रांतिकारियों में से एक थे। महज 19 वर्ष की आयु में उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति देकर यह संदेश दिया कि देश की आजादी के लिए उम्र नहीं, बल्कि जुनून और साहस मायने रखता है। उनका जीवन और बलिदान हमें यह प्रेरणा देता है कि राष्ट्रहित के लिए निडर होकर संघर्ष करना ही सच्ची देशभक्ति है।कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद खुदीराम बोस जी को श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को चिरस्मरणीय बनाए रखने का संकल्प लिया। इस तरह का आयोजन न केवल शहीदों की याद दिलाता है, ताकि उनका बलिदान व्यर्थ न जाए।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

हरिहरगंज थाना कांड सं0–165/2021, दिनांक–18.12.2021 धारा–457/380 भा0 द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त अनिल पासवान, उम्र करीब–37 वर्ष, पे0 स्व0 परीखा पासवान, साकिन–उपरी डुमरी थाना–अम्बा, जिला– औरंगाबाद, बिहार के संबंध में सूचना/ जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर :– 9431706241,8797744205

थाना प्रभारी, हरिहरगंज :– 9431706260

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

PR.NO.359355 Police(25-26):D


# स्नातक पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 23 स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का सोमवार को दीक्षारंभ, छात्र अभिविन्यास कार्यक्रम के साथ शुरू हो रहा है। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में एग्रीकल्चर, लॉ एंड गवर्नेंस, टीचर एजुकेशन, फार्मेसी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, भारतीय भाषाएं (हिंदी), इंग्लिश, कॉमर्स एंड बिज़नेस स्टडीज, हिस्टॉरिकल स्टडीज, इकनोमिक स्टडीज, साइकोलॉजिकल साइंसेज, पॉलिटकल साइंस, सोशियोलॉजिकल स्टडीज, कंप्यूटर साइंस, लाइफ साइंस, मैथमेटिक्स, मास कम्युनिकेशन, जियोग्राफी, जियोलॉजी और स्टेटिस्टिक्स जैसे विभिन्न विभागों में छात्र अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. के.एन. सिंह ने शैक्षणिक सत्र के पहले दिन परिसर में बड़ी संख्या में छात्रों के आने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कुलपति ने कहा कि सीयूएसबी ने लगभग 900 सीटों वाले 23 स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे और लगभग सभी सीटें भर चुकी हैं जो सीयूएसबी के शैक्षणिक उत्कृष्टता के दृष्टिकोण को दर्शाता है।जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि अभिविन्यास कार्यक्रम नए बैच के विद्यार्थियों का स्वागत करने और उन्हें विभाग और विश्वविद्यालय दोनों के शैक्षणिक वातावरण, पाठ्यक्रम संरचना और संस्थागत लोकाचार से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।पहले दिन उच्च शिक्षा प्राप्त करके एक शानदार करियर बनाने के सपने के साथ, नव प्रवेशित छात्र अपने चेहरों पर बड़ी मुस्कान के साथ सीयूएसबी परिसर में दाखिल हुए।छात्रों के माता-पिता और अभिभावक भी पहले दिन अपने बच्चों के साथ परिसर में आए।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड सं0–35/2025, दिनांक–02.05.20285 धारा–191(2)/191(3) /190/109/132/ 61 (2) एवं 27 (ii)/35 आर्म्स एक्ट तथा 17 सी0एल0ए0एक्ट के प्राथमिकी अभिय 1.शशिकांत जी उर्फ सुदेश जी उर्फ आरिफ जी, पिता–हिरा सिंह, साकिन–केदल, 2. मुखदेव यादव उर्फ तुफानी जी, पिता–स्व0 जगेश्वर यादव, साकिन–मिटार, दोनों थाना–मनातू जिला–पलामू, 3. उमेश सिंह खेरवार उर्फ नगीना जी उर्फ डॉक्टर जी, पिता–स्व0 राजमुणि सिंह, ग्राम–झिलंगी, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003

थाना प्रभारी, तरहसी :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक, पलामू

PR 359351 (Police)25-26*D


## बीस सूत्री की बैठक में शामिल हुए विधायक डॉ अनिल कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोंच।** प्रखंड सभागार में सोमवार को बीस सूत्री की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष श्रीकांत कुमार और संचालन उपाध्यक्ष जमीलू रहमान ने किया। उक्त बैठक में विधायक डा. अनिल कुमार भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने पदाधिकारियों को कहा कि बीस सूत्री का कोई भी सदस्य द्वारा जो भी मुद्दा उठाया जाता है। उस पर गंभीरता से काम करें। बैठक में एमओ पर आरोप लगा कि इनकी मिलीभगत से डीलर लोगों को 5 किलोग्राम के जगह 4 किलोग्राम ही अनाज मिलता है और शिकायत करने पर कागज पर जांच हो जाती है। बैठक में उपाध्यक्ष मो. जमीलू रहमान ने अधिकारियों से पिछले बैठक की संपुष्टि की बात कहा गया। वहीं, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि खराब चापाकल को बिना बनाए पूरी राशि पीएचइडी के अधिकारी एवं ठेकेदार के मिलीभगत से राशि निकाल लिया गया है। सदस्य कलावती देवी ने बताया कि पुस्तकालय में सिर्फ उपन्यास आया है। बच्चों के पढ़ने लायक किताब उपलब्ध कराया जाय। टिकारी विधायक अनिल कुमार ने बताया कि पीएचइडी में घोर भ्रष्टाचार व्याप्त है। चापाकल सभी जगहों पर बंद है। कोंच प्रखंड में अधिकतर नल जल योजना बंद है। पीएचइडी अधिकारी को सबसे कमजोर अधिकारी बताया और कहा कि जब आपका ठीकेदार बात नहीं मानता है। वहीं, इसकी शिकायत कार्यपालक अभियंता से दर्ज कराई है। मौके पर प्रमुख मनी देवी, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, सीओ मुकेश कुमार, बीपीआरओ लक्की सिंह, सीडीपीओ कंचन बाला, मंटू पासवान आदि सदस्य मौजूद थे।

## दिलेर यादव ने बढ़ाया इलाके का मान, आईआईटी पटना में मिला दाखिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखण्ड के कठौतिया गांव के पत्रकार डीके यादव के पुत्र दिलेर यादव ने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। दिलेर को देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) पटना में दाखिला मिला है। वह यहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, ए आई) विषय में अध्ययन करेगा। दिलेर की इस सफलता से परिवार, गांव और स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। पिता डीके यादव दैनिक अखबार और डिजिटल के एक सक्रिय पत्रकार हैं और समाज में शिक्षा के महत्व को लेकर हमेशा जागरूकता फैलाते रहे हैं। ऐसे में बेटे की यह उपलब्धि उनके लिए भी गर्व का क्षण है। गौरतलब है कि दिलेर ने कोटा में रहकर सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और समर्पण से (आईआईटी) की कठिन प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की। गांववासियों का कहना है कि दिलेर आज की पीढ़ी के लिए एक मिसाल है। अब दिलेर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना में ए आई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) जैसे उभरते क्षेत्र में अध्ययन कर भविष्य में देश के तकनीकी विकास में योगदान देगा।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड सं0–81/2021 दिनांक–29.09.2021 धारा–25(1–ए) 26/35 आर्म्स एक्ट तथा 17 सी0एल0ए0एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त उमेश सिंह खेरवार उर्फ नगीना जी उर्फ डॉक्टर जी, पिता स्व0 राजमणि सिंह, ग्राम–झिलंगी, थाना–डंडई, जिला– गढ़वा के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003

थाना प्रभारी, तरहसी :– 9430774070

PR 359349 Police (25-26)_D

पुलिस अधीक्षक, पलामू


## क्षेत्र में नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव का समय नजदीक आते ही क्षेत्र में नेताओं की चुनावी सरगर्मी भी तेज हो गया। क्षेत्र में नेताओं के आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। पिछले दिनों क्षेत्र के दौलतपुर गांव के रहने वाले सुबोध कुमार द्वारा विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी की दावेदारी पेश की है। सुबोध द्वारा अपने विधान सभा क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान भी जोरो पर चलाया जा रहा है। श्री सुबोध द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के कई सड़कों पर बैनर पोस्टर के माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है । श्री सुबोध ने बताया कि सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल व अन्य जगहों पर लगे कई बैनर को वर्तमान विधायक द्वारा हटावा दिया गया है। सुबोध ने बैनर हटाये जाने के कार्य की निंदा करते हुए कहा कि वर्तमान विधायक के इशारे पर दुर्भावना से ग्रस्त होकर ऐसा कृत्य किया गया है जो कही से उचित नही है।

# दशकों बाद भी विद्यालय पहुंचने का रास्ता नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के बरोरह पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय, महुआइन में विद्यालय तक पहुंचने का नहीं बना पक्की या कच्ची रास्ता। अन्य मौसम में पगडंडी के सहारे तथा बरसात में कीचड़ से सने विद्यार्थी से लेकर शिक्षक एवं उनके गार्जियन तक पहुंचते हैं स्कूल। विद्यालय से थोड़ी दूर पर अवस्थित महादलित टोला का भी यही हाल है। गांव में प्रत्येक गली में आज तक ईंट सोलिंग तक नहीं लगाया जा सका। हाल में ही गांव के मुख्य गली में दशक पूर्व लगे आधे-अधूरे ईंट सोलिंग को नाली निर्माण के नाम पर उसी ईंट को उखाड़ मुखिया एवं पंचायत सेवक द्वारा गांव के हीं कुछ बिचौलियों के माध्यम से आधा-अधूरा नाली बना दिया गया। एक दशक पूर्व लगे ईंट सोलिंग को उखाड़ लेने एवं गली में ट्रैक्टरों की आवाजाही से गली पुनः कीचड़ में सन गया और कामचलाऊ रास्ता भी पूर्ण रूप से बंद हो गया। इस संबंध में कई ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव बरोरह पंचायत मुख्यालय से बीच में बरसाती नदी रहने के कारण कल भी कटा था और आज भी कटा है। बरसात में बरोरह बाजार, पंचायत कार्यालय जाने के लिए करीब पंद्रह किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है जबकि सीधा रास्ता एक किलोमीटर हीं है। दो दशक से विद्यालय का निर्माण भी है अधूरा। पंचायत के इसी गांव में सवर्णों की आबादी है और जातिवाद की राजनीति में अभी तक जो भी मुखिया बने इस गांव को इग्नोर हीं करते चले आ रहे हैं। पिछले पंचायत चुनाव में ग्रामीणों द्वारा पंचायत के मुखिया जो वर्तमान में विधायक के सास और ससुर हैं काफी उम्मीद के साथ वोट दिया गया था, परन्तु वही कहावत चरितार्थ हो रही है, ढाक के तीन पात। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को कई बार समस्याओं से अवगत कराया गया तो कहते हैं मेरे पास फंड नहीं रहता मुखिया जी, विधायक को कहिए योजना में लेकर गांव का विकास कर देंगे। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी जिस तरह देश में बिहार पिछड़ा है, बरोरह पंचायत में महुआइन गांव का वही हाल है। तारण हार के इंतजार में हैं ग्रामीण।


### समाहरणालय, गढ़वा
### (प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0–1016, दिनांक–01.03.2017 एवं ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 2300(अनु0) राँची दिनांक–23.06.2022 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत प्रखण्ड समन्वयक, प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला स्तरीय लेखापाल–सह– कंप्यूटर ऑपरेटर के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक 11.08.2025 को दक्षता परीक्षा आयोजित की गयी थी। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों का परीक्षा फल तैयार कर गढ़वा जिले के वेबसाईट **garhwa.nic.in** पर दिनांक–12.08.2025 को जारी कर दिया जाएगा।

प्रखण्ड समन्वयक पद के दक्षता परीक्षा में उतीर्ण सभी उम्मीदवारों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन दिनांक 13.08.2025 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से नये समाहरणालय भवन, कल्याणपुर, गढ़वा के **NIC** में किया जाएगा। अतः प्रखण्ड समन्वयक पद के दक्षता परीक्षा में उतीर्ण सभी उम्मीदवार अपने सभी संबंधित मूल प्रमाण पत्रों के साथ ससमय **NIC** गढ़वा में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला स्तरीय लेखापाल–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर के दक्षता परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवारों का टंकण परीक्षा एवं मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन दिनांक 13.08.2025 को **NIC** गढ़वा में किया जाएगा। सर्वप्रथम दोनो पदों हेतु दक्षता परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवारों की पूर्वाहन् 10:00 बजे टंकण परीक्षा आयोजित की जाएगी। तत्पश्चात् टंकण परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवारों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। अतः प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला स्तरीय लेखापाल–सह– कंप्यूटर ऑपरेटर के दक्षता परीक्षा में उतीर्ण सभी उम्मीदवार अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 13.08.2025 को ससमय **NIC** गढ़वा में टंकण परीक्षा एवं मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन/ टंकण परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सत्यापन/टंकण परीक्षा हेतु पुनः अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा एवं उनके किसी प्रकार के दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त, गढ़वा

PR 359344 (Rural Development)25-26*D

संपादकीय

# राहुल गांधी का एटम बम!

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरूवार को भाजपा द्वारा वोट चोरी कर चुनाव जीतने तथा इसके लिए चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने का जो दांव चला है, वो कितना कारगर होगा, यह कहना कठिन है। लेकिन राहुल और उनकी सहयोगी विपक्षी पार्टियां चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाने में जरूर कुछ कामयाब हो सकती है। राहुल गांधी ने प्रेजेंटेशन देकर देश को यह समझाने की कोशिश की कि चुनाव आयोग और भाजपा मिले हुए हैं। आयोग भाजपा के एजेंट की भूमिका ज्यादा निभा रहा है। यह कैसे संभव है कि जहां हम लोकसभा चुनाव में जीते, विधानसभा चुनाव में हार गए। लेकिन अब हम ऐसा नहीं होने देंगे और जो लोग ऐसा कर रहे हैं, उन्हें सत्ता में आने के बाद सजा जरूर देंगे। राहुल ने कुछ उदाहरण देकर यह बताया कि कहां कैसे मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से उड़ा दिए गए तो कहां कुछ नाम जोड़ दिए गए। उन्होंने आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर को पूर्ण फर्जीवाड़ा और राजनीतिक नीयत से चलाया जाने वाला अभियान बताते हुए चेताया कि आज देश में लोकतंत्र खतरे में है। राहुल ने यहां तक कहा कि सरकार, भाजपा और चुनाव आयोग की मिली भगत के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरा कार्यकाल मिला। राहुल ने यह भी कहा कि भारत का इलेक्शन सिस्टम अब मर चुका है। उधर इन आरोपों को बाद आयोग ने राहुल गांधी से कहा कि वो बाकायदा शपथ पत्र देकर साबित करें कि उनके द्वारा लगाए आरोप सत्य और प्रामाणिक है या फिर इन आरोपों के लिए माफी मांगें। लेकिन राहुल गांधी आयोग की इस बात को मानने से इंकार करते हुए कह रहे हैं कि उन्होंने जो कहा वह जनता के सामने सार्वजनिक रूप से कहा है। इसलिए शपथ पत्र देने का सवाल ही नहीं है। जहां तक माफी मांगने की बात है तो वो पहले भी कई बार अपने बयानो के लिए कोर्ट में माफी मांग चुके हैं। राहुल गांधी ने कहा था कि कर्नाटक के बंगलूरू मध्य लोकसभा क्षेत्र के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए 1,00,250 नकली वोट बनाए गए। राहुल के प्रेजेटेशन को पूरे देश ने देखा और अब इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्य क्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चुनाव आयोग जबाव देता था, तो वो जवाब देने की बजाए बल्कि सत्ता पक्ष के नुमाइंदे की तरह उलटे इल्जाम लगाता है। राहुल गांधी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि राहुल की भाषा 'अलोकतांत्रिक और अशोभनीय' है। उन्होंने कहा कि अगर वे बम धमाका करेंगे, तो हम संविधान को बचाएंगे। इन राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों से हटकर से देखें तो राहुल ने चुनाव आयोग और सरकार को एक साथ घेरकर बड़ी राजनीतिक हलचल तो पैदा कर दी है। चुनाव आयोग उनके आरोपों का जवाब देता है या नहीं या फिर खारिज करता है, यह देखने की बात है। लेकिन इतना तय है कि विपक्ष बिहार में एसआईआर के मुद्दे को विधानसभा चुनाव तक खींचना चाहता है। राहुल गांधी की यह मुहिम उसी का हिस्सा है और सुनियोजित रणनीति है। मसलन अगर कांग्रेस और विपक्षी महागठबंधन किसी राज्य में चुनाव जीतता है तो कहा जाए कि भाजपा और चुनाव आयोग द्वारा उसे हराने की कोशिशों के बाद हम चुनाव जीते और यदि हारता है तो यह कहा जाएगा कि हमने तो पहले ही कहा था कि हमे हराने का षड्यंत्र किया गया था। लेकिन राहुल अगर आरोप सिद्ध नहीं कर पाए तो यह एटम बम फुस्स हो सकता है।

# अमेरिका में 'नो किंग्स' आंदोलन का परिणाम

**ट्रम्प द्वारा विश्व व्यापार पर एकाधिकार स्थापित करने और 'व्यापार कर' (टैरिफ) का भय दिखाकर अमेरिका को पुनर्प्रतिष्ठित करने का जो प्रयास किया जा रहा है, उससे विश्व में आर्थिक असमानता बढ़ रही है और विश्व अर्थव्यवस्था में एक और मंदी का आभास हो रहा है। अमेरिका में घरेलू उथल-पुथल, ट्रम्प की आर्थिक और विदेश नीतियों में समन्वय का अभाव और 'अमेरिका को फिर से महान' बनाकर स्वयं को स्थापित करने का जो प्रयास किया जा रहा है, उसके भयंकर परिणाम हो सकते हैं, जैसा कि अमेरिकी जनता के 'नो किंग्स' आंदोलन की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन वर्षों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का प्रयास किया था। यूक्रेन को अमेरिकी हथियार और वित्तीय सहायता बंद करने, रूस से बातचीत करने और कुछ दिनों का युद्ध- विराम करवाने के बाद भी जब रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं रुका, तो ट्रम्प ने फिर से यूक्रेन को अमेरिकी हथियार और वित्तीय सहायता देना शुरू कर दिया, जो एक दोहरी नीति बन गई। अब जब अमेरिका के लिए रूस को किसी भी तरह से काबू में रखना संभव नहीं है, तो रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रखने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचता।**

**रमाकांत नाथ**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ अमेरिका में ही आंदोलन तेज हो रहा है, हालांकि उनके दूसरे कार्यकाल को अभी केवल सात महीने ही हुए हैं। 14 जून 2025 को हुआ 'नो किंग्स' प्रदर्शन, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'नो डिक्टेटर' या 'नो टायरेंट्स' विरोध के रूप में जाना जाता है, प्रदर्शनों की एक लंबी श्रृंखला थी। बडे पैमाने पर ट्रम्प की नीतियों और उनकी कार्रवाइयों के खिलाफ, जिसमें उनकी कथित फासीवादी प्रवृत्ति और लोकतांत्रिक पतन शामिल है, यह विरोध हुआ था। 'नो किंग्स' प्रदर्शन अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ परेड और ट्रम्प के 79वें जन्मदिन पर हुआ था। आयोजकों के मुताबिक फिलाडेल्फिया में प्रमुख कार्यक्रम सहित 2100 से अधिक शहरों और कस्बों में 50 लाख से अधिक लोगों के अलावा 20 अन्य देशों में यह आंदोलन किया गया। ट्रम्प के खिलाफ चल रहे इस आंदोलन ने उनकी योग्यता, पारदर्शिता और कामकाज पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मागा) के नारे के साथ सत्ता में आए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब अमेरिका और उसके करोड़ों नागरिकों के लिए कई परेशानियों का सबब बन गए हैं। सत्ता संभालने के कुछ ही दिनों में ट्रम्प ने दुनिया में शांति स्थापित करने, गाजा में फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का वादा किया था, लेकिन दुनिया में शांति स्थापित नहीं हो पाई, उलटे कई देशों के बीच नए युद्ध शुरू हो गए। ट्रम्प द्वारा विश्व व्यापार पर एकाधिकार स्थापित करने और 'व्यापार कर' (टैरिफ) का भय दिखाकर अमेरिका को पुनर्प्रतिष्ठित करने का जो प्रयास किया जा रहा है, उससे विश्व में आर्थिक असमानता बढ़ रही है और विश्व अर्थव्यवस्था में एक और मंदी का




आभास हो रहा है। अमेरिका में घरेलू उथल-पुथल, ट्रम्प की आर्थिक और विदेश नीतियों में समन्वय का अभाव और 'अमेरिका को फिर से महान' बनाकर स्वयं को स्थापित करने का जो प्रयास किया जा रहा है, उसके भयंकर परिणाम हो सकते हैं, जैसा कि अमेरिकी जनता के 'नो किंग्स' आंदोलन की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन वर्षों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का प्रयास किया था। यूक्रेन को अमेरिकी हथियार और वित्तीय सहायता बंद करने, रूस से बातचीत करने और कुछ दिनों का युद्ध- विराम करवाने के बाद भी जब रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं रुका, तो ट्रम्प ने फिर से यूक्रेन को अमेरिकी हथियार और वित्तीय सहायता देना शुरू कर दिया, जो एक दोहरी नीति बन गई। अब जब अमेरिका के लिए रूस को किसी भी तरह से काबू में रखना संभव नहीं है, तो रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रखने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचता। ईरान को बारह दिन की मोहलत देने के दो दिन बाद ही उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करना अमेरिका को महंगा पड़ गया है। अमेरिका न तो ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोक पा रहा है, न ही उस पर प्रतिबंध लगा पा रहा है और न ही उस पर दोबारा हमला कर पा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस तरह की बयानबाजी पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई है।

कहा जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान और इजरायल-ईरान के बीच शुरू हुए युद्धों को रोक दिया था, लेकिन इन देशों के बीच आपसी रिश्ते बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि जो युद्ध-विराम हुआ है, वह कब तक लागू रहेगा। इसके बाद इजराइल-सीरिया के बीच फिर से शुरु हुए युद्ध में राष्ट्रपति ट्रम्प ने युद्ध-विराम घोषित कर दिया। इसी तरह वे थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध रोकने के लिए फतवा जारी कर रहे हैं।

दुनिया में जहां भी युद्ध और गृहयुद्ध की स्थिति है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वहां घुसकर और आर्थिक प्रतिबंधों की धमकी देकर शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं; लेकिन ट्रम्प के इन प्रयासों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। 'नोबेल शांति पुरस्कार' की उम्मीद में ट्रम्प ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं और पूर्व राष्ट्रपति बराक हुसैन ओबामा की तरह यह पुरस्कार जीतकर खुद को दुनिया का रक्षक और शांति का अग्रदूत कहलाने को आतुर हैं।

गाजा में अमेरिका द्वारा प्रायोजित नरसंहार के लिए अमेरिका मुख्य रूप से जिम्मेदार है, जिसमें 80,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और वहां जीवन असंभव हो गया है। अमेरिका इजरायल के माध्यम से आतंकवाद और दमन के जरिए पूरी दुनिया में भय का माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है। कोई नहीं कह सकता कि एशिया, मध्य-पूर्व, यूरोप आदि में क्षेत्रीय युद्धों का माहौल कब विश्वयुद्ध में बदल जाएगा। ऐसे में अमेरिका की घरेलू समस्याएं काफी बढ़ गई हैं और अमेरिकी कहने लगे हैं कि इन सभी समस्याओं के लिए डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार और प्रशासन पूरी तरह जिम्मेदार है। ट्रम्प के विरोध में हुए आंदोलन को 'नो किंग्स' नाम दिया गया है जिसका मतलब है कि अमेरिकियों को किसी राजा की ज़रूरत नहीं है; वे किसी को राजा के रूप में नहीं देखना चाहते। आमतौर पर कहा जाता है कि 'नो किंग्स' आंदोलन के पीछे ट्रम्प और उनकी 'रिपब्लिकन पार्टी' के खिलाफ अमेरिका के आम लोगों की आवाज है। यह आवाज जो आज अमेरिका में सुनाई दे रही है, एक दिन दुनिया के दूसरे देशों में भी सुनाई देगी। जहाँ भी तानाशाहों ने सत्ता हथियाकर खुद को राजा के रूप में स्थापित किया है, वहाँ भी 'नो किंग्स' आंदोलन होगा।

अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 'नो किंग्स' आंदोलन शुरू हो चुका है, जिसमें अमेरिका समेत कनाडा, जापान, मैक्सिको और यूरोप के 20 देश, जिनमें गुयाना, उत्तरी मारियाना, आइसलैंड,प्यूर्टोरिको, वर्जिन द्वीप समूह शामिल हैं। यहां शुरू हुए 'नो किंग्स' आंदोलन से यह संदेश जाता है कि दुनिया में भय का माहौल नहीं होना चाहिए, दुनिया में तानाशाही की कोई ज़रूरत नहीं है, राजतंत्र की कोई ज़रूरत नहीं है। अमेरिकी जनता का यह आंदोलन स्पष्ट रूप से घोषणा कर रहा है कि 'हम निरंकुशता को अस्वीकार करते हैं, हम भय को अस्वीकार करते हैं और हम अत्याचारियों को अस्वीकार करते हैं।

अध्यात्म

## क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?

आठ साल का एक बच्चा एक रूपये का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहा- क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रूपये का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! ए लड़के! 1 रूपये में तुम क्या चाहते हो? मुझे ईश्वर चाहिए। आपके दुकान में है? दूसरे दुकानदार ने भी भगा दिया। लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछा- तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? पहली बार एक दुकानदार के मुंह से यह प्रश्न सुनकर बच्चे के चेहरे पर आशा की किरणें लहराईं? लगता है इसी दुकान पर ही ईश्वर मिलेंगे! बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दिया- इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदार- हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चा- सिर्फ एक रूपए। दुकानदार- कोई दिक्कत नहीं है। एक रूपए में ही ईश्वर मिल सकते हैं। दुकानदार बच्चे के हाथ से एक रूपए लेकर उसने पाया कि एक रूपए में एक गिलास पानी के अलावा बेचने के लिए और कुछ भी नहीं है। इसलिए उस बच्चे को फिल्टर से एक गिलास पानी भरकर दिया और कहा, यह पानी पिलाने से ही तुम्हारी मां ठीक हो जाएगी। अगले दिन कुछ मेडिकल स्पेशलिस्ट उस अस्पताल में गए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहा- टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं। यदि आप धन्यवाद देना ही चाहती हैं तो अपने अबोध बच्चे को दिजिए जो सिर्फ एक रूपए लेकर नासमझों की तरह ईश्वर को ढूंढने निकल पड़ा। उसके मन में यह दृढ़ विश्वास था कि एकमात्र ईश्वर ही आपको बचा सकते है। विश्वास इसी को ही कहते हैं। ईश्वर को ढूंढने के लिए करोड़ों रुपए दान करने की ज़रूरत नहीं होती, यदि मन में अटूट विश्वास हो तो वे एक रूपए में भी मिल सकते हैं।

# संसार की शिखर संस्थाओं के विसर्जन का समय...

**हिंदुस्तान ने तो यहां तक कहा है कि इससे संयुक्त राष्ट्र संगठन ही खतरे में पड़ जाएगा और विश्व के तमाम देश वैकल्पिक रास्ता चुनने के लिए आजाद होंगे. यह स्थिति अच्छी नहीं है. यह संकेत करती है कि जिस उद्देश्य से इस वैश्विक संस्थान का गठन किया गया था, वह पूरा नहीं हो रहा है. छोटे-बड़े मुल्कों में गुस्सा है. अब यह संगठन चंद देशों की जेब में बैठा नजर आता है. भारतीय चेतावनी को बड़े राष्ट्र समर्थन देते रहे हैं. मगर तब भारत और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी नहीं थी. इसलिए नहीं कहा जा सकता कि यह समर्थन कोई क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा. उदाहरण के तौर पर ब्रिटेन ने भारत से सहमति जताई थी और माना था कि वीटो पावर ही सुधार के रास्ते में बाधा है.**

**राजेश बादल**

ऐसा लगता है कि संसार की शिखर संस्थाएं अब अंतिम सांसें ले रही हैं. वे अपना मूल चरित्र और मकसद खो बैठी हैं. अब यह संस्थाएं कूटनीतिक और राजनयिक स्वार्थों से संचालित हो रही हैं. इसका नुकसान समूचे संसार को हो रहा है. सबसे ज्यादा तो स्वतंत्र हैसियत बनाए रखने वाले मुल्क इसका शिकार हो रहे हैं. इन संस्थाओं का परदे के पीछे से संचालन अमेरिका जैसे बड़े और विकसित देश कर रहे हैं. वे इस संगठन को चलाने के लिए सबसे अधिक धन भी देते हैं.

इसी आर्थिक मदद के कारण वे ऐंठे रहते हैं और दुनिया को अपने इशारों पर नचाना चाहते हैं. यह एक गंभीर चेतावनी है कि आने वाले समय में संसार को ऐसी संस्थाओं की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी. विश्व की सबसे बड़ी पंचायत संयुक्त राष्ट्र से बात शुरू करते हैं. इसका अतीत आतंकवाद विरोधी संकल्पों से भरा पड़ा है. पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश के बारे में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर कई बार निर्णायक राय बन चुकी है. एक समय यह देश अपनी नीतियों के चलते वैश्विक समुदाय से अलग-थलग पड़ गया था.

उसकी अपनी नीतियों ने ही उसे बदहाली के गर्त में धकेल रखा है. ताज्जुब है कि अब वही पाकिस्तान सुरक्षा परिषद के अस्थायी अध्यक्ष की भूमिका निभाता है और आतंकवाद विरोधी पक्ष में जाकर बैठता है. सिर्फ इसीलिए कि अमेरिका ऐसा चाहता है. अब वह अपने स्वार्थों की खातिर पाकिस्तान को जेब में रखना चाहता है. वैश्विक कल्याण की चिंता करने वाली इस संस्था ने कभी लंबे समय तक चलने वाले कोरिया युद्ध को समाप्त कराने के लिए भारत की सहायता से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.

कुछ अन्य अवसरों पर भी उसने अंतरराष्ट्रीय तनाव या जंगी हालात से निपटने में अपनी सार्थकता सिद्ध की है. लेकिन अब उसे रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी जंग नहीं दिखाई दे रही है. फिलिस्तीनियों का दर्द नहीं दिखाई देता और एक अमेरिका दादागीरी दिखाते हुए मनमाने ढंग से किसी भी देश पर कोई भी प्रतिबंध लगा देता है. यह शिखर संस्था उस पर कोई कार्रवाई नहीं करती. इसीलिए भारत समय-समय पर चेतावनी देता रहा है कि अगर संयुक्त राष्ट्र ने कार्यशैली नहीं बदली तो यह गुमनामी में खो जाएगा.

हिंदुस्तान ने तो यहां तक कहा है कि इससे संयुक्त राष्ट्र संगठन ही खतरे में पड़ जाएगा और विश्व के तमाम देश वैकल्पिक रास्ता चुनने के लिए आजाद होंगे. यह स्थिति अच्छी नहीं है. यह संकेत करती है कि जिस उद्देश्य से इस वैश्विक संस्थान का गठन किया गया था, वह पूरा नहीं हो रहा है. छोटे-बड़े मुल्कों में गुस्सा है. अब यह संगठन चंद देशों की जेब में बैठा नजर आता है. भारतीय चेतावनी को बड़े राष्ट्र समर्थन देते रहे हैं. मगर तब भारत और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी नहीं थी. इसलिए नहीं कहा जा सकता कि यह समर्थन कोई क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा. उदाहरण के तौर पर ब्रिटेन ने भारत से सहमति जताई थी और माना था



कि वीटो पावर ही सुधार के रास्ते में बाधा है.

समूह-चार के ब्राजील, जापान और जर्मनी ने भी भारत की बात से सहमति प्रकट की. ये देश भारत से सहमत थे कि यदि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार नहीं हुए तो सदस्य देश बाहरी समाधान खोजने लगेंगे. यह बूढ़ों के क्लब जैसा हो गया है. पांच देश नहीं चाहते कि उन पर कोई उंगली उठाए अथवा उनके मामलों में टांग अड़ाए. लेकिन अब यही देश चुप्पी ओढ़े हुए हैं. इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एक और शिखर संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स है. करीब साढ़े तीन दशक पुरानी इस संस्था में 37 देश हैं. मुख्यालय पेरिस में है. इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनीलॉन्ड्रिंग और आतंकवाद का वित्त पोषण करने वालों पर लगाम लगाना है. भारत भी इसमें है. पाकिस्तान नहीं है. अनेक दशक से पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण दे रहा है. एफएटीएफ ने दस बरस में इसके सबूत जुटाए हैं. इस कारण 2012 से 2015 के बीच पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डाल दिया गया.

इसके बाद 2018 से फिर ग्रे सूची में रखा गया. कई चेतावनियों के बाद भी उसके रवैये में सुधार नहीं आया. हालांकि इस नीति से उसकी आर्थिक शक्ल बदरंग हो चुकी है. पर वह नीति छोड़ने के लिए तैयार नहीं है. इसके बावजूद पाकिस्तान को 2022 में ग्रे सूची से बाहर कर दिया गया. यानी अब आतंकवाद को पालने-पोसने वाले मुल्क वैश्विक शिखर संस्थाओं के लिए कोई मतलब नहीं रखते. ऐसे में इस संस्था से भी कौन उम्मीद करे? इस तरह टास्क फोर्स की गाड़ी भी पटरी से उतरी हुई है.

पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट करने के लिए भारत एड़ी-चोटी का जोर लगा चुका है, पर कोई उपाय काम नहीं आया. पहलगाम हमले के बाद भी वह ग्रे सूची से बाहर है. बीते दिनों इस संगठन का मुखिया चीन था. उसने पाकिस्तान का खुला समर्थन किया और बचाया. अब भी इस मंच का दुरूपयोग वह अपने देश की विदेश नीति के आधार पर कर रहा है. मलेशिया और तुर्की जैसे देश तक इस मामले में चीन के साथ हैं. उनके इस रुख की एशिया पैसिफिक ग्रुप ने आलोचना की थी और पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट करने का समर्थन किया था. लेकिन नतीजा नहीं निकला. चीन की अध्यक्षता समाप्त होने के बाद सिंगापुर और अब मैक्सिको नए अध्यक्ष के रूप में सामने हैं. लेकिन उससे भी कोई उम्मीद बेकार है.

कमोबेश यही हाल अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का है. दिवालिया होने के कगार पर पाकिस्तान खड़ा है. नियमानुसार वह कोष से कर्ज हासिल करने का पात्र नहीं है. लेकिन पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद भी मुद्रा कोष उस पर मेहरबान है. भारतीय विरोध को दरकिनार करते हुए उसने बीती 9 मई को पाकिस?तान को अतिरिक?त एक अरब डॉलर कर्ज की मंजूरी दी है. मुद्रा कोष ने कहा कि वह संतुष?ट है कि पाकिस?तान ने कर्ज प्राप्त करने के सभी नियमों का पालन किया है. मुद्रा कोष ने भारत के विरोध पर ध्यान नहीं दिया कि पाकिस्तान इस कर्ज से हथियार खरीदेगा और उसके खिलाफ इस्तेमाल करेगा.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज घर के छूटे कार्यों को लेकर तनाव हो सकता है। उच्च शिक्षा में परेशानियाँ होंगी। आर्थिक नुकसान होने की सम्भावना बन रही है।

**वृषभ**
दाम्पत्य सम्बन्धों में संवादहीनता न होने दें। स्वभाव में लचीलापन रखना आवश्यक है। नजदीकी लोगों की सलाह को अनसुना करना नुकसानदेह हो सकता है।

**मिथुन**
वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। काफी समय से चली आ रही उलझनों से राहत मिलेगी। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**कर्क**
जल्दबाजी में लिये गये निर्णयों से नुकसान होगा। उच्च रक्तचाप के कारण समस्या होगी। आपको सभी काम समय पर करने चाहिये।

**सिंह**
दार्शनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। नये प्रेम सम्बन्धों को लेकर समस्या हो सकती है।

**कन्या**
रियल एस्टेट से जुड़े नये सौदों को जाँच-परख कर ही करें। वायरल बुखार की समस्या हो सकती है। जाने-अनजाने में आपसे कुछ त्रुटियाँ हो सकती हैं।

**तुला**
मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। उच्च अधिकारियों से आपको मदद लेनी चाहिये। जीवनसाथी के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक**
नयी साझेदारियों के लिये आज का दिन शुभ है। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ अवरोधो का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
दाम्पत्य सम्बन्धों की कड़वाहट दूर हो सकती है। ससुराल पक्ष से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। समाज में आपको उचित मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर**
आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। गृहस्थ जीवन में शान्ति रहेगी। बच्चों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपनी उपलब्धियों का दिखावा करने से बचें। वाहन चलाते समय चोट लग सकती है।

**कुंभ**
कारोबार में नयी शुरुआत कर सकते हैं। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। मित्रों व सहयोगियों की मदद करने से आत्मिक सन्तुष्टि होगी।

**मीन**
आज आप अत्यधिक ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी राजनीतिक चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

# गांधी मैदान में मशाल खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** ऐतिहासिक गांधी मैदान में शुक्रवार को मशाल खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी 27 प्रखंडों से 2,200 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। 11 से 14 अगस्त तक चलने वाले इस आयोजन में फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, साइक्लिंग एवं एथलेटिक्स जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। उद्घाटन अवसर पर प्रतिभागियों ने प्रखंडवार मार्च पास्ट किया, जिसके बाद मशाल रन निकाली गई। बच्चों को खेल भावना के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की




शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने गुब्बारे उड़ाकर सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। पहली प्रतियोगिता के रूप में कबड्डी मुकाबलों की शुरुआत हुई। नगर आयुक्त ने ग्राउंड पर नारियल फोड़कर अमन और शांति की कामना की। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर चयनित होकर जिला स्तर तक पहुंचे ये बच्चे जिले का गर्व हैं और भविष्य में राज्य स्तर पर भी नाम रोशन करेंगे। यह प्रतियोगिता शिक्षा विभाग, खेल विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आयोजित की जा रही है। आयोजन में शिक्षा विभाग, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यालय कर्मियों, खेल प्रशिक्षकों और विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर सहायक समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत कई वरीय अधिकारी और खेल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश, आयुक्त ने की बैठक

## सभी विभाग समय-सीमा में करें 100% लक्ष्य प्राप्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के उद्देश्य से आयुक्त कौशल किशोर की अध्यक्षता में दरभंगा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर जिलों के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में परिवहन, निबंधन, मद्यनिषेध, खान एवं भूतत्व, वाणिज्य कर और राजस्व विभाग से संबंधित कर वसूली की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी विभागों को पिछले वर्ष के लक्ष्य से 10% अधिक राजस्व संग्रह का निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर 100% लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने, लोक शिकायतों की सुनवाई में स्वयं उपस्थित रहने और समय पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने




के निर्देश दिए। साथ ही, दस्तावेजों के 100% डिजिटलीकरण के अनुश्रवण का भी आदेश दिया। आयुक्त ने उत्पाद विभाग को पिछले वर्ष की तुलना में 25% अधिक राजस्व संग्रहण का निर्देश दिया, वहीं खान एवं भूतत्व विभाग को अवैध खनन पर रोक लगाने और मधुबनी, दरभंगा व समस्तीपुर में राजस्व संग्रह बढ़ाने को कहा। बैठक में नीलाम पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनाया जाए तथा लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र क्रियान्वित की जाए। बैठक में आयुक्त के सचिव सत्येंद्र कुमार, निबंधन पदाधिकारी और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मां काली मंदिर बखोरापुर ट्रस्ट ने एसडीओ को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जय मां काली मंदिर बखोरापुर मंदिर ट्रस्ट ने सोमवार को दानापुर के सिविल एसडीओ/एसडीएम दिव्यशक्ति को सम्मानित किया है। सम्मानित करने वालो में जय मां काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट, बड़हरा के मुख्य सलाहकार एवं आकाश ग्रुप इंस्टीच्यूशन के चेयर मैन डा लक्ष्मण तिवारी, मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, सह मुख्य संरक्षक रवि शंकर सिंह, उपाध्यक्ष मंगल सिंह, सिनियर मेम्बर राजेश कुमार एवं रजत कुमार ने उनके ऑफिस पहुचें। पूरे धार्मिक माहौल में ट्रस्ट के अधिकारियों ने माता रानी का चुनरी, मोमेंटो व प्रसाद प्रदान कर सम्मानित किया। भोजपुर जिले के बखोरापुर स्थित जय मां काली मंदिर पर सालोभर पर्यटक मां



के दर्शन के लिए आते रहते है। जहां प्रधानमंत्री, मंत्री, राजनेता, अधिकारी, जज, सिने स्टार, कलाकार, रंगकर्मी, चिकित्सक समेत अन्य माता रानी के दरबार में हाजरी लगाते रहे है। मंदिर पर आने जाने वाले लोगों को मंदिर ट्रस्ट आगंतुक श्रद्धालुओं को सम्मानित किया है। यहां तक कि मां से आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं को उनके आवास व ऑफिस में जाकर सम्मान देने का काम करते रहा है।

# झंडोत्तोलन को लेकर अनुमंडल प्रशासन की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया (बेगूसराय)।** अनुमंडल क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालय आगामी 15 अगस्त को झंडोतोलन का समय निर्धारण को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री परणीजा के अध्यक्षता मे बैठक हुई। जिसमे अनुमंडल क्षेत्र के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक मे एसडीएम ने सभी उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिया की आप सभी अपने अपने कार्यालय मे निर्धारित बक्त पर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दे। स्वतन्त्रता के इस पर्व को धूमधाम से मनाये साथ ही राष्ट्रीय ध्वज को फहराने से पहले जांच ले। ध्वज ठीक से लगा हे या नहीं। आज के इस बैठक मे नवपदस्थापित एसडीपीओ आईपीएस अधिकारी शाक्षी कुमारी ने भी उपस्थित पदाधिकारी से अनुमंडल क्षेत्र का फीडबैक लिया एबं बैठक मे उपस्थित अनुमंडल क्षेत्र के बलिया साहेबपुर कमाल डंडारी थाना प्रभारी को कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। आज के इस बैठक मे बलिया थाना प्रभारी बिकास कुमार राय, साहेबपुर कमाल थाना प्रभारी राजीव रंजन, डंडारी थाना प्रभारी बिबेक कुमार, बलिया प्रखंड बिकास पदाधिकारी सन्नी कुमार सहित तीनों ब्लॉक के बीडीओ नगर कार्यपालक पदाधिकारी बालबिकास परियोजना पदाधिकारी स्वास्थ्य पदाधिकारी शिक्षा पदाधिकारी सहकारिता पदाधिकारी बलिया हाइस्कूल के प्रधान बलिया व्यपार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह सहित अनेक लोग शामिल थे।

# चार स्थानों पर होगा 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' पर संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के चार स्थानों पर मंगलवार को 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना से सीधे लाइव कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

विद्युत विभाग के जेई पवन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संवाद कार्यक्रम महादेव उच्च माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी, रामचंद्र सिंह उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरा, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय माधोपुर उर्दू-01 और उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय महुआवा पश्चिमी में आयोजित होगा। इन स्थानों पर टेंट, पंडाल, कुर्सियां, एलइडी स्क्रीन और इंटरनेट की व्यवस्था की गई है, ताकि स्थानीय पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और उपभोक्ता बैठकर मुख्यमंत्री का लाइव संबोधन देख सकें। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत बिहार सरकार उपभोक्ताओं को प्रति माह 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी देना और उन्हें बिजली बिल से राहत दिलाना है। पिछले सप्ताह से ही प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना के बारे में जागरूक कर रहे हैं और शून्य बिजली बिल के साथ मुख्यमंत्री का संदेश वाला पंपलेट भी वितरित कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल के आसपास की पंचायतों के प्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

# नशेड़ी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान पहसारा से एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी सीताराम पंडित का पुत्र चंदन पंडित है। वह नशे की हालत में उत्पात कर रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने दी। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया।इस गिरफ्तारी में एसआईमो इसमाइल तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# एनएसयूआई ने किया पुतला दहन

**नबिटा ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जीडी कलेज मे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के द्वारा छात्र कल्याण अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज अध्यक्ष श्याम सुंदर कुमार ने किया। वही श्याम सुंदर कुमार ने बताया कि सीबीसीएस सिस्टम से चल रहे प्रथम छमाही की नामांकन प्रक्रिया में भारी अनियमितता थर्ड राउंड सिलेक्शन लिस्ट में देखी गई है। सत्र 2025 से 2029 की नामांकन प्रक्रिया में थर्ड राउंड सलेक्शन लिस्ट में छात्र कल्याण अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता से मिलकर स्थानीय दलालो के मिलीभगत से भारी धांधली की है। श्याम सुंदर ने बताया की मेधावी छात्रों को नामांकन से वंचित रखा गया है एवं ठेकेदार व दलाल के बच्चों को मेरिट लिस्ट में नाम डाला गया है। वही मेधावी छात्र-छात्राओं इस नामांकन की प्रक्रिया से रिक्त सीट नहीं होने के कारण छात्र नामांकन से वंचित हो रहे हैं। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी को अवगत कराया। प्रथम छमाही नामांकन प्रक्रिया में 185227 बच्चों ने आवेदन किया था। उन सभी आवेदित विद्यार्थी का नामांकन सीट नहीं होने के कारण 45000 छात्र-छात्राएं नामांकन से वंचित थे। वही छात्र नेता अंकित कुमार, बबलू कुमार और सोनू सिंह ने कहा कि जितने भी छात्र छात्राओं पूर्व एवं नए आवेदन किए हैं। वही ललित नारायण मिथिला विश्विद्यालय के कुलपति महोदय से यह आग्रह करता हैं कि ऐसे छात्र कल्याण अध्यक्ष छात्र छात्राओं के कल्याण योग्य नहीं है। इन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए।

# कम्युनिटी किचन में मिली छिपकिली, एक बेहोश

**बलिया/नबिटरा सं।** प्रखंड के शादीपुर बांध पर चल रहे कम्युनिटी किचन के सब्जी में एक व्यक्ति को मरी हुई छिपकिली मिलने से बवाल मच गया। उसी समय खाना खा रहे ताजपुर पंचायत के सैदपुर गांव निवासी श्रवण कुमार के पुत्र राजू कुमार अचानक बेहोश हो गया। परिजनों ने उन्हें तुरंत बलिया पीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/566, दिनांक 08.08.2025; वरिष्ठ संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/सिग/टी/15/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** ईएक्स-एसडीएएच (एस)-बीएलएन-बीजीबी अनुभाग में एल/बॉक्स, सिग्नल पोस्ट, एलसी गेट इत्यादि के प्रतिस्थापन एवं पुनरुद्धार के साथ विश्वसनीयता में सुधार। **निविदा मूल्य :** रु. 94,00,159.68; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा :** रु. 1,88,000; **निविदा दस्तावेज की कीमत :** शून्य। **कार्य समापन अवधि :** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख :** 25.08.2025; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख :** 08.09.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख :** 08.09.2025 को 14.30 बजे। **विस्तृत विवरण:** www.ireps.gov.in **पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड :** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा बी/एन अथवा 'बी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां बी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचए-एसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य को समतुल्य प्रकृति का कार्य माना जाएगा। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-160/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# वोट चोरी लोकतंत्र की हत्या : राहुल गांधी के आरोपों का जिला कांग्रेस कमेटी ने किया समर्थन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों का जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्ण समर्थन किया है। सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, गांधी आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष इंजीनियर शशिभूषण राय उर्फ़ गप्पू राय ने कहा कि वोट चोरी केवल चुनावी गड़बड़ी नहीं, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला है। प्रेस वार्ता के दौरान राहुल गांधी के आरोपों से जुड़े वीडियो और कथित साक्ष्य भी दिखाए गए। राय ने कहा, ‟राहुल गांधी जी ने देश के सामने जो तथ्य और सबूत रखे हैं, वे किसी भी लोकतंत्र के लिए चेतावनी की घंटी हैं। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव आयोग पर बीजेपी के साथ मिलीभगत कर वोट चोरी का आरोप लगाया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार, वोट चोरी के लिए पांच तरीके अपनाए जा रहे हैं–

मतदाता सूची में जानबूझकर गड़बड़ी करना।

फर्जी पहचान पत्र बनाना।

बूथ कैप्चरिंग।

गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग को डराना-धमकाना।

प्रशासनिक दबाव और चुनावी मशीनरी का दुरुपयोग।

उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट, बूथ फुटेज और विस्तृत आंकड़े सहित कई साक्ष्य सौंपे गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि देशभर में वोट चोरी का संगठित खेल खेला जा रहा है, जो चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा है।

राय ने कहा जो लोग वोट चोरी को राजनीतिक रणनीति कहते हैं, वे जनता के अधिकारों पर डाका डाल रहे हैं। लोकतंत्र में जनता का वोट उसकी ताकत है, और इसे छीनना उसकी आवाज़ और भविष्य छीनना है।

# राजद कार्यकर्ताओं पर तिरंगा यात्रा रोकने का आरोप, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र के ढेकहां मंडल अंतर्गत टिकुलिया गांव में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा के दौरान बवाल हो गया। आरोप है कि राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने यात्रा को रोकते हुए राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया। जानकारी के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रव्यापी तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत ढेकहां मंडल अध्यक्ष नवल किशोर कुशवाहा के नेतृत्व में और मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार की मौजूदगी में यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा जब टिकुलिया गांव पहुंची, तभी बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता वहां आ पहुंचे और रथ को रोक दिया।

भाजपा नेताओं का कहना है कि समझाने के प्रयास के बावजूद राजद कार्यकर्ता गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए। इस दौरान तिरंगा रथ को क्षतिग्रस्त कर राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ दिया गया, जिसे भाजपा ने देशद्रोह और राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान की गंभीर घटना बताया।



घटना को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष नवल किशोर कुशवाहा ने मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# होम गार्ड भर्ती औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशित

**बेगूसराय/नबिटा संवाददाता।** जिला में गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु 422 रिक्तियों के लिए कुल 25,010 उम्मीदवारों द्वारा आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 15,842 उम्मीदवारों ने दिनांक 20 जून 2025 से 30 जुलाई 2025 तक आयोजित शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा में भाग लिया। जिला समादेष्टा बिहार गृह रक्षा वाहिनी बेगूसराय ने जानकारी देते हुए बताया कि 422 रिक्तियों पर चयन हेतु 612 उम्मीदवारों की औपबंधिक मेधा सूची सोमवार को जिला की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है।


Govt. of Bihar

**Mines and Geology Department**
**District- Aurangabad.**
**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)**

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये विभिन्न चरणों में कराये गये ई–नीलामी में शून्य निविदा प्राप्त तथा PR-006658(Mines)2025-26 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में एकल निविदा प्राप्त एवं प्रत्यार्पित बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रमः–

| क्र0 स0 | बालूखण्ड/बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदादाताओं द्वारा अपलोड किये गये तकनीकी निविदा को खोले जाने की तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 11-B | | | | | | | |
| 2 | Aurangabad Son 14-A | | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 19-C | | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 27-A | | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 28-A | | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | | |
| 17 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 30 | सोन | 20.08.2025 | 06.09.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 06.09.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 13.09.2025 | 16.09.2025 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 16.09.2025 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 19 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | | |
| 20 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | | |
| 21 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | | |
| 22 | Aurangabad MOEF SON 1-F | | | | | | | |
| 23 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | | |
| 24 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | | |
| 25 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | | |
| 26 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | | |
| 27 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | | |
| 28 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | | |
| 29 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | | |
| 30 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | | |
| 31 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | | |
| 32 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | | |
| 33 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | | |
| 34 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | | |
| 35 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | | |
| 36 | Aur Pun-01 to 05 | | | | | | | |
| 37 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | | |
| 38 | Aur Pun-09 to 17 | | | | | | | |
| 39 | Aur Pun-18 to 23 | | | | | | | |
| 40 | Aur Pun-24 to 28 | पुनपुन, नदी | 20.08.2025 | 06.09.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 06.09.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 13.09.2025 | 16.09.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 16.09.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 41 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | | |
| 42 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | | |
| 43 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | | |
| 44 | AUR BA 01 to 03 | | | | | | | |
| 45 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | | |
| 46 | AUR BA 06 | | | | | | | |
| 47 | AUR BA 07 | | | | | | | |
| 48 | AUR BA 08 | बटाने, नदी | 20.08.2025 | 06.09.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 06.09.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 13.09.2025 | 16.09.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 16.09.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 49 | AUR BA 09 | | | | | | | |
| 50 | AUR BA 10 | | | | | | | |
| 51 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | | |
| 52 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | | |
| 53 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | | |
| 54 | Madar 01 to 21 | मदार, नदी | 20.08.2025 | 06.09.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 06.09.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 13.09.2025 | 16.09.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 16.09.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 55 | Madar 22 to 32 | | | | | | | |
| 56 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 20.08.2025 | 06.09.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 06.09.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 13.09.2025 | 16.09.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 16.09.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |

2. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
3. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोसेसिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
6. बालूघाटों/बालूखण्डों के ई–नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0– एम/22, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना–800001 दूरभाष संख्याः 0612–2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0– 9471950202 से सम्पर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

PR. No. 011113 (Mines) 25-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिराम सिंह को योगापट्टी तो सम्राट को मुफस्सिल की कमान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने एक बार फिर तीन थानों में नये थानाध्यक्षों को पदस्थापित किया है। हालाकि कुछ हीं दिन पहले शिकारपुर से बदलकर मुफस्सिल की कमान दिये गये अवनिश कुमार को स्थानांतरित करते हुए मझौलिया थाना की कमान सौंपी गयी है। मझौलिया में पदस्थापित थानाध्यख सुनील कुमार को तबादला मधुबनी जिला होने के कारण उन्हें विरमित कर दिया गया है। इसके साथ हीं योगापट्टी में कुछ दिन पूर्व हीं भेजे गये सम्राट सिंह को मुफस्सिल की कमान सौंपी गयी है। जबकि मुफस्सिल से हटाकर विशेष कार्य पदाधिकारी के रुप में कार्य संपादित कर रहे अभिराम सिंह को योगापट्टी का थानाध्यक्ष बनाया गया है। श्री सिंह सोशल मीडिया कोषांग, विधि व्यवस्था आदि का अतिरिक्त जिम्मेवारी भी संभाल रहे थे। एसएसपी ने स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों को नए जगह पर जल्द योगदान देने का निर्देश दिया है।

### नगर के दुर्गाबाग पोखरा से युवक का शव बरामद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के दुर्गाबाग पोखरा से पुलिस ने एसडीआरएफ के सहयोग से एक युवक का शव बरामद किया है। जिसके नाके उपर कटे व ललाट पर खरोच का निशान पाया गया है। मामले में मृत युवक के परिजनों ने रुपये के विवाद में डुबाकर हत्या कर दिये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि शव की पहचान नगर के जगजीवन नगर निवासी राजू राउत के पुत्र बिटू कुमार 18 वर्ष के रुप में की गयी। पुलिस ने बताया कि देर रात जगजीवन नगर से बिटू के परिजनों ने जानकारी दी कि कतिपय लोगो ने रुपये के विवाद में बिटू को पोखरा में डुबाकर हत्या कर दी है। शव अभी पोखरा में हीं है। सूचना के आधार पर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। घंटो मशक्कत के बाद सुबह में एसडीआरएफ की टीम ने पोखरा से बिटू का शव खोज निकाला। जिसे अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दुर्गा पोखरा से युवक का शव बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा।

### जयंती पर याद किये गये गोपाल सिंह नेपाली

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गीतो के राजकुमार गोपाल सिंह नेपाली की 114 वीं जयंती पर पुष्पांजली अर्पित की गयी। नगर के नेपाली चौक पर स्थापित कविवर नेपाली की आदमकद प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करने शहर के कवि-साहित्यकार और साहित्यप्रेमी उपस्थित हुए। मौके पर सेवा निवृत प्राध्यापक प्रो.(डॉ)परमेश्वर भक्त, जय किशोर जय,साहित्यकार डॉ दिवाकर राय, सुरेश गुप्त, अरुण गोपाल, डॉ.राजेश कुमार चन्देल, ने कविवर गोपाल सिंह नेपाली के विराट व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की। मौके पर ललन प्रसाद,वीरेंद्र प्रसाद,शिवनाथ राउत,कृष्णा सिंह ,दिलीप राउत आदि भी मौजूद रहे।

### कोरम के अभाव में बीडीसी बैठक स्थगित

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सभागार में सोमवार को आयोजित बीडीसी (ब्लॉक डेवलपमेंट कमिटी) की बैठक को कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) वरुण केतन ने जानकारी दी कि निर्धारित उपस्थिति न होने के चलते बैठक को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक की नई तिथि जल्द ही तय कर सभी सदस्यों को सूचित की जाएगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख सुक्ता मुखी, उप प्रमुख नरेश कुमार यादव, अंचल अधिकारी राजीव रंजन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुपम प्रसाद, कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार पांडे, सीडीपीओ पूनम कुमारी सहित कई समिति सदस्य और मुखिया उपस्थित थे। हालांकि पर्याप्त सदस्य मौजूद न रहने से बैठक में प्रस्तावित एजेंडा पर चर्चा संभव नहीं हो सकी।

### दान पेटी का ताला तोड़ चोरी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मेला चौक स्थित देवी मंदिर की दान पेटी की ताला तोड़कर पैसा चोरी करने के मामले में केस दर्ज की गई है। मैनाटांड़ थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता ने बताया कि बभनौली के मदन ठाकुर के आवेदन पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### एसएसबी ने निकाली पैदल तिरंगा यात्रा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसबी 44 वी वाहिनी द्वारा सोमवार को वाहिनी मुख्यालय से हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो कि पूरे शहर का भ्रमण करते हुए वापस वाहिनी मुख्यालय पहुचीं। उक्त तिरंगा यात्रा राष्ट्र के 79 वा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम तहत निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व एसएसबी के कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी ने किया। कमांडेंट श्री नेगी ने बताया कि 79 वा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वाहिनी मुख्यालय से पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो कि मुख्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए शहीद चौक समेत अन्य मार्गो से होते हुए वापस 44 वी वाहिनी मुख्यालय पहुचकर संपन्न हुआ। कमांडेंट ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी गोविन्द कुमार ठाकुर, उप कमांडेंट ज्ञानेंद्र कुमार एवं साशिन शर्मा,सहायक कमांडेंट (संचार) रियाश.पी.और कुंदन जयसवाल समेत सैकड़ो की संख्या में जवानों ने भाग लिया।

### मथुरा में सड़क के किनारे लगाए गए चार सौ पौधे

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर पेड़ पौधे को लगाना आवश्यक है। ताकि हम स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण मिल सके। यह हम सभी की जिम्मेदारी है। और इसको लेकर सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य का पहल कर लोगो को जागरूक करते हुए और भी बेहतर बनाने को लेकर सोमवार को प्रखंड के गोखुला पंचायत अंतर्गत मथुरा में सड़क किनारे व खेत के मेढ पर चार सौ पौधे लगाए गए हैं। इस दौरान सागवान, महोगनी, जामुन एवं अमरूद के पौधे लगाकर पंचायत की मुखिया संगीता देवी ने सभी को पर्यावरण हित में पौधा लगाने की अपील की। इधर पौधारोपण करते हुए मुखिया प्रतिनिधि रौशन ब्याहुत ने बताया कि हर वर्ष पौधारोपण कर न केवल लोगों को जागरूक किया जाता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतर पहल की जाती है। इस मौके पर बीडीसी हृदया दास, अंबिका प्रसाद, गेंदालाल बीन, राधे दास, बची देवी, जागो देवी आदि उपस्थित रहे।

### बने ऐसा बिहार जहां नागरिकों को मिले अवसर व सम्मानः अनिल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज अभियान के तहत बेतिया विधानसभा क्षेत्र के रुलही दुबे टोला में बिहार बदलाव सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जनसुराज के वरीय नेता अष्ट विनायक मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निदेशक अनिल सिंह ने बिहार की वर्तमान चुनौतियों और जन सुराज के सही लोग, सही सोच, सामूहिक प्रयास के दृष्टिकोण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बिहार के युवाओं, किसानों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में ठोस नीतियों की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर एक ऐसे बिहार का निर्माण करें, जहां हर नागरिक को सम्मान और अवसर मिले। अनिल सिंह के विचारों और उनके द्वारा प्रस्तुत रोडमैप को उपस्थित जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक सराहा। लोगों ने उनके नेतृत्व में बिहार में बदलाव लाने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इस सभा के आयोजन से स्पष्ट हो गया कि अनिल सिंह के नेतृत्व में जन सुराज अभियान बेतिया विधानसभा में एक मजबूत और प्रभावी विकल्प के रूप में उभर रहा है। यह सभा बिहार में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई, जिसने स्थानीय लोगों को एक सकारात्मक और सामूहिक प्रयास के लिए प्रेरित किया। मौके पर महिला जिलाध्यक्ष नीतू शाही, युवा अध्यक्ष गौरव मिश्रा, पिंटू कुमार, बबलू , विशाल दूबे, धनंजय कुमार आदि भी मौजूद रहे।

### पास्को एक्ट का आरोपित समेत चार गिरफ्तार

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ करने और शादी का झांसा देने के मामले में पास्को एक्ट के फरार अभियुक्त को रविवार की रात धर दबोचा गया। थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सतवरिया गांव निवासी पीड़ित परिवार के द्वारा प्राथमिकी संख्या 239/24 दर्ज कराया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से लौरिया थाना के गोखूला निवासी लाली कुमार फरार चल रहा था। सूचना मिली कि लाली अपने घर आया हुआ है। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष स्वय अपर थानाध्यक्ष अनरूद्ध कुमार कांड के अनुसंधानकर्ता दरोगा चंद्रशेखर कुमार तथा अन्य पुलिस बल के साथ लौरिया गोखूला में छापेमारी कर लाली को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। वहीं वर्षों से फरार चल रहे वारंटी मनोज यादव चुन्नी बिन और कोलाई बिन को भी गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजा गया है।

# राजस्व महाअभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा है कि 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक चलने वाले राजस्व महाअभियान को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी तत्परता से कार्य करें। ऑनलाइन जमाबंदी सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण और छूटी जमाबंदी को ऑनलाइन करने के लिए हल्कावार शिविर आयोजित होंगे। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे समाहरणालय सभागार में सोमवारीय बैठक में बोल रहे थे। शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने शिक्षक संघों और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। शिक्षक स्थानांतरण के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति गठित की गई, जो पारदर्शी तरीके से कार्य करेगी। मशाल खेल प्रतियोगिता के लिए जिला खेल पदाधिकारी से समन्वय, पुलिस सुरक्षा, पेयजल, चिकित्सा और शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के लंबित आवेदनों के शत-प्रतिशत निष्पादन और छात्रावासों का अद्यतन प्रतिवेदन जमा करने को कहा गया। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह डेकोरम के साथ मनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी सेरेमोनियल ड्रेस में रहेंगे और महादलित बस्तियों में झंडोत्तोलन होगा। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों की उपस्थिति की जांच होगी। मनरेगा सामग्री मद के भुगतान का विवरण और आवास सर्वे की प्रगति बढ़ाने, कम उपलब्धि वाले पंचायत सचिवों को शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। जीविका, आपूर्ति, कोषागार, मद्य निषेध, खनन, गव्य विकास, लोक शिकायत सहित अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हर घर तिरंगा 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये जा रहे साप्ताहिक अभियान के तहत आज संत लौरेंस स्कूल चुहड़ी में छात्र- छात्राओं के बीच विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार, ने कहा कि हर घर तिरंगा 2025 कार्यक्रम के तहत जिले में विभिन्न विभागों द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग, विषय पर विद्यालय में स्वच्छता हेतु संकल्प, पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# निर्धारित मूल्य से अधिक रुपए लेकर खाद बेच रहे हैं दुकानदार

**किसानों ने एसडीएम व एसएओ से की शिकायत**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यूरिया खाद को लेकर किसान परेशान है। खाद को लेकर दुकानों पर लंबी कतार लग रही है। घंटो इंतजार के बाद भी किसान को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रहा है। वही जिला प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी खाद दुकानदार मनमानी रेट पर यूरिया बेच रहे हैं। इतना ही नहीं किसानों द्वारा शिकायत के बाद करवाई नहीं होने के चलते दुकानदारों का मनोबल और बढ़ गया है। प्रखंड के भसुरारी पंचायत अंतर्गत नरकटिया गाव के किसान सुरेश यादव ने नरकटिया माई खाद इंटरप्राइजेज के संचालक जितेंद्र साह द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लेकर यूरिया बेचने का आरोप लगाते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी से शिकायत कर करवाई की मांग की है। किसान ने बताया है कि उक्त दुकान पर 350 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया बेचा जा रहा है। जिसके गवाह नरकटिया के रामप्रीत यादव, विजय यादव, सुमित यादव एवं विशुनपुरवा के राजा अंसारी,डोमा मियां समेत कई किसान हैं। सुरेश यादव ने बताया कि उन्होंने खाद के लिए उक्त दुकानदार के पास दो हजार रुपये जमा कराए थे, लेकिन जब खाद आया तो दुकानदार ने देने से मना कर दिया और रुपये भी नहीं दे रहा है। इधर दूसरी ओर धूमनगर गांव निवासी एक किसान अंगूर गद्दी ने खाद दुकानदार द्वारा दुर्व्यवहार का आरोप लगाकर खाद नहीं देने की शिकायत एसडीएम से की है। जिसमें उन्होंने बताया कि पांच अगस्त को जब वे धूमनगर स्थित इफको खाद की दुकान पर लाइन में लगकर यूरिया लेने पहुंचे, तो दुकानदार ने उन्हें खाद देने से मना कर दिया और डांटकर भगा दिया। दुकानदार द्वारा ये तक कहा गया कि शिकायत करने के बाद मेरा क्या बिगड़ा गया? अंगूर गद्दी ने बताया कि उन्होंने इसी दुकानदार के ब्लॉक रोड स्थित उर्मिज्यो एग्रीकेयर के खिलाफ भी शिकायत की थी। लेकिन कार्रवाई नहीं होने के चलते दुकानदार का मनोबल बढ़ गया है। जिसके चलते उन्हें आज तक यूरिया के लिए भटकना पड़ रहा है। उधर अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि खाद को हर हाल में निर्धारित मूल्य पर बेचना है। इसको लेकर सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया है।

## लौंवा गांव में जलभरी के साथ अखंड अष्टयाम शुरु

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के लौंवा गांव के मंदिर परिसर में जय हिंद क्लब के बैनर तले सोमवार को अखंड अष्टयाम की शुरूआत हुई। पूर्व में सैकड़ों की संख्या में कन्याओं, महिलाओं व पुरुष श्रद्धालुओं ने सढ़वारा शिव मंदिर परिसर स्थित तालाब से जलभरी की। वहां से कलश में पवित्र जल लिए गाजे बाजे के साथ गंवारा घूमते हुए श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां पंडित नंदकिशोर चौबे और अशोक तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अष्टयाम की शुरूआत हुई। यजमान के रूप में डॉ नग नारायण प्रसाद तथा उनकी धर्मपत्नी राजपति देवी ने यज्ञ का संकल्प लिया।

## सड़क दुर्घटना में एक शख्स की मौत

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़वा, अचितपुर, गोढ़ना ग्रामीण रोड पर सोमवार को करीब 10 बजे नंदकिशोर राय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए. स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया.

# भोजपुरिया संझा में रंजना झा के गीतों पर झूमते रहे श्रोता

**खादी भूषाचार में अंशिका और शुभ रहे विजेता**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संस्कार भारती, अम्मा ट्रस्ट और आरोही कला संस्कृति वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भोजपुरिया कला जुटान अपनी प्रस्तुति देने के लिए संस्कार भारती उत्तर बिहार की संस्कार भारती की अध्यक्ष और संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत बिहार की प्रसिद्ध लोकगायिका रंजना झा पहुंची जहां भोजपुरिया संझा कार्यक्रम में उन्होंने अपनी प्रस्तुति से शमा बांध दिया। इस क्रम में उन्होंने कजरी, झूमर जैसे पारंपरिक गीत गाए। इस क्रम में जब उन्होंने प्रसिद्ध लोकगीत एही झुलनी के छईयां बलम दुपहरिया बिताई लऽ ना गाया तो दर्शक वाह-वाह कर उठे। इस क्रम में उन्होंने भारतीय परंपरा से प्रकृति के जुड़ाव को भी समझाया और कहां कि पहले का जीवन गांव देहात से जुड़ा होता था, कितनी शांति रहती थी। आज शहरी जीवन में आपाधापी का वातावरण है, लेकिन अशांति छाई रहती है। हम जितनी आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं उतना ही अपनी जड़ों से कटते जा रहे हैं। अपनी जड़ों की ओर लौटना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। चंपारण के प्रसिद्ध गायक और संस्कार भारती के कार्यकर्ता अरविंद लाल यादव, अंशुमान, गुड्डू कुमार और खुशबू मिश्रा ने अपने गायन से सबका मन मोह लिया। धन्यवाद महामंत्री चंदन झा ने किया। मौके पर संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण, प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ दिवाकर राय, शिक्षाविद् प्रतीक शर्मा, अखिलेश्वर मिश्र, मदन बनिक, मनोज कुमार, अनिल शर्मा सत्यम मिश्रा आदि उपस्थित रहे। इधर भोजपुरिया कला जुटान के दौरान फैशन शो को परंपरागत दृष्टि से करने का एक नया प्रयोग किया गया । जिसकी चर्चा पूरे जिले में रही। संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण ने बताया कि संस्कार भारती अपने मूल्य की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए आधुनिक चीजों में भी परंपरिकता का समावेश करने का अभिनव प्रयोग करती रहती है। भोजपुरी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ऐसा फैशन शो जिसमें सभी व्रत त्योहारों की झलक हो यह एक अद्भुत कल्पना है। बता दें कि इस प्रतियोगिता में अंशिका, मानसी, सृष्टि, कनक, शुभ ,आदित्य, अमन जय, माहिर, मनीषा, सीता गुप्ता श्रेया, ऐश्वर्या, परी, शुभ, शौर्य और आनंद विजेता रहे, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से सबको तालियां बजाने पर विवश किया।

# कोर्ट के आदेश पर भू-स्वामी को मिला अपनी जमीन पर कब्जा

**पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी की मौजूदगी में जमीन पर चल टैक्टर**



**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के पचभिंडा गांव में एक व्यक्ति को काफी लंबे इंतजार के बाद कोर्ट के आदेश पर अपनी जमीन का मालिकाना हक मिला। कोर्ट के आदेश पर सोमवार को पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी की मौजूदगी में पीड़ित मस्ताना कुमार पंडित को उनकी भूमि पर कब्जा दिलाया गया। कोर्ट के आदेश पर उक्त जमीन को दखल दहानी के लिए दंडाधिकारी के रूप में मौजूद तरैया के सीओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मस्ताना कुमार पंडित बनाम देवईश्वर पंडित के मामले में न्यायालय से प्राप्त आदेश का अनुपालन किया गया है। इसके तहत मस्ताना कुमार पंडित को उनकी भूमि का कब्जा दिलाया गया। मस्ताना कुमार पंडित द्वारा वर्ष 2014 से उनके सात कट्ठा पांच धुर जमीन पर देवईश्वर पंडित ने अवैध कब्जा कर रखा था। इसके विरुद्ध उन्होंने व्यवहार न्यायालय छपरा में हकीयत वाद दायर किया था। न्यायालय ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए प्रशासन को दखलदाहानी का आदेश दिया था। इसी आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उन्हें उनकी भूमि का कब्जा दिलाया है। जिससे लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद का अंत हुआ और न्यायालय के आदेश का सफल क्रियान्वयन किया गया। मौके पर सीआई गगन कुमार, राजस्व कर्मचारी बद्री विशाल मिश्रा, अधिवक्ता संजीव रंजन, समेत स्थानीय पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवान मौजूद थे।

## हाई कोर्ट आदेश की अनदेखी, बीमारी से जूझ रहे पूर्व प्राचार्य भुखमरी के शिकार

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** सारण जिला शिक्षा पदाधिकारी पर हाई कोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप लगा है, जिसके चलते शारदा संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय अफौर (नगरा) के पूर्व प्राचार्य नागेंद्र उपाध्याय बीमारी के बीच आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, उनका 5वां एवं 8वां वेतन, निरीक्षण राशि, महंगाई भत्ता और अन्य बकाया भुगतान वर्षो से लंबित था। इसको लेकर उन्होंने पटना हाई कोर्ट में याचिका संख्या 11513/2024 दायर की थी, जिस पर न्यायालय ने 10 सप्ताह के भीतर भुगतान करने का आदेश दिया था। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। पूर्व प्राचार्य ने इस संबंध में सारण जिलाधिकारी को भी लिखित निवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आर्थिक तंगी के कारण वे अपना इलाज तक नहीं करा पा रहे हैं और भुखमरी के कगार पर हैं।

# बनपुरा में शहीद स्मारक पर पूर्व विधायक धूमल ने किया ध्वजारोहण

**स्मारक की स्थापना पूर्व रक्षा निदेशक प्रो सत्य देव राय ने की थी**



**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र स्थित बनपुरा गांव में शहीद महेंद्र राय,धर्मदेव राय व जितेंद्र पांडेय की स्मारक पर एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने तिरंगा फहराया और शहीदों को याद किया।दिल्ली से आनलाइन समारोह में शामिल स्मारक के संस्थापक पूर्व रक्षा निदेशक भारत सरकार प्रो सत्यदेव राय ने कहा कि यह हर नागरिकों का कर्तव्य है कि अपने शहीदों को याद करें। इसके पूर्व शहीद धर्म देव राय की पत्नी देवयंती राय ने सर्वप्रथम स्मारक की विधिवत पूजा की, उसके बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र अनिल कुमार राय ने आधिकारिक वर्दी में राष्ट्र ध्वज को सलामी दी और स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पंचायत के अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे , जिनमें सर्वश्री बैकुण्ठ राय, बशिष्ठ राय , वेंकटेश राय , कन्हैया राय और अभी राय, एकमा जिला पार्षद पप्पु सिंह उर्फ अनिल सिंह ,चनचौरा पैक्स आध्यक्ष शशिशेखर राय,,नंदकिशोर राय ,राजेश आदि उपस्थित रहे।

## सेविका पौत्र के भरोसे आंगनबाड़ी केंद्र

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के गोनौली डुमरा पंचायत के मलटोलवा गांव वार्ड संख्या 11 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 47 है। जहां पर सेविका द्वारा प्रधानमंत्री मातृबंदन योजना में मलटोलवा गांव के ही लाभार्थी अनमोल देवी से फार्म भरने के नाम पर दो हजार रुपया लेने का आडियो वायरल हो रहा है। जिसमें आंगनबाड़ी सेविका प्रभावती देवी के परिजनों द्वारा फार्म भरने के नाम पर दों हजार रुपया की मांग किया जा रहा है। इस संबंध में सेविका प्रभावती देवी ने बताया कि मुझे मोबाइल फोन चलाने नहीं आता है। मेरी पतोहु तथा पोता ही मोबाइल से केन्द्र का काम करते हैं।अनमोल देवी अपने ननद की बच्ची का फार्म भरने के लिए बोल रहीं थीं। बता दें कि गोनौली डुमरा पंचायत के मलटोलवा गांव के सरकारी विद्यालय परिसर में केंद्र संख्या 47 चलता है जिसके लाभूक चंदन शर्मा ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं जिनमें बड़ी बेटी अभया कुमारी 5 वर्ष की है।

## यूरिया की कालाबाजारी पर किसानों ने जताई नाराजगी, बीएओ से की शिकायत



**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पोखरेड़ा बाजार में यूरिया खाद की कालाबाजारी और सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री को लेकर किसानों ने नाराजगी जताई है। पोखरेड़ा पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने सोमवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। इसकी प्रतिलिपि जिला कृषि पदाधिकारी और अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को भी भेजी गई है। शिकायत में कहा गया है कि पोखरेड़ा बाजार स्थित एक निबंधित खाद-बीज भंडार में यूरिया की सरकारी दर 266 रुपये प्रति बोरी तय होने के बावजूद 300 से 320 रुपये में बिक्री की जा रही है। धान की फसल के इस सीजन में किसानों को समय पर और उचित दर पर खाद नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि यूरिया की कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बिक्री करना कानूनी अपराध है। दोषी पाए जाने पर संबंधित दुकान का लाइसेंस रद्द करने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# छपरा सदर अस्पताल में 23 करोड़ की लागत से बनेगा 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट

**गंभीर मरीजों को जिला स्तर पर मिलेगी गहन चिकित्सा सुविधा, बड़े शहरों का रुख करने की नहीं पड़ेगी जरूरत**

के. के. सिंह सेंगर/नबिटा ब्यूरो







**छपरा (सारण)।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने छपरा सदर अस्पताल में 23 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड का अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) स्थापित करने की स्वीकृति दी है। इसके शुरू होने के बाद गंभीर रूप से बीमार मरीजों को समय पर उन्नत इलाज जिला स्तर पर ही उपलब्ध होगा और उन्हें पटना या अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अभी तक सदर अस्पताल में सीसीयू सुविधा नहीं होने के कारण हृदय रोग, स्ट्रोक, गंभीर संक्रमण, सांस लेने में परेशानी या बड़े ऑपरेशन के बाद की गंभीर स्थिति में मरीजों को रेफर करना पड़ता था। इससे मरीजों के परिजनों पर आर्थिक और मानसिक दबाव बढ़ता था और कई बार समय पर इलाज न मिलने से जान का खतरा भी हो जाता था।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस यूनिट**

इस 50 बेड वाले यूनिट में वेंटिलेटर, मॉनिटर, डिफाइब्रिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इसे सामान्य वार्ड से अलग रखा जाएगा और 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सक व प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती होगी, जिससे आपात स्थितियों में तत्काल इलाज संभव हो सकेगा।

**इन बीमारियों का होगा इलाजः**

सीसीयू में हृदय रोग, स्ट्रोक, गंभीर संक्रमण, सांस लेने में कठिनाई और बड़े ऑपरेशन के बाद की निगरानी जैसे मामलों में गहन चिकित्सा उपलब्ध होगी। ट्रॉमा सेंटर की कमी के कारण अब तक सड़क हादसों, औद्योगिक दुर्घटनाओं या गंभीर चोटों के मामलों में मरीजों को बाहर भेजना पड़ता था, लेकिन नए सीसीयू से तुरंत इलाज मिलने की संभावना बढ़ेगी।

**स्थानीय स्तर पर ट्रॉमा सुविधा को मजबूतीः**

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार ने कहा कि लंबे समय से इस सुविधा की जरूरत महसूस हो रही थी। इसके निर्माण से जिले में ट्रॉमा सेंटर की कमी काफी हद तक पूरी होगी और गंभीर मरीजों की जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद उपकरणों की स्थापना और आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी, जिससे मरीजों को जिला स्तर पर ही विश्वस्तरीय गहन चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

# जहानाबाद को 355 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

## सिवरेज सिस्टम पर 300 करोड़, ड्रेनेज पर 45 करोड़ होंगे खर्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** नगर परिषद के ग्राम कंपलेक्स भवन में सोमवार को हुई अहम बैठक में जहानाबाद के विकास के लिए 355 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा, जिलाधिकारी, नगर परिषद अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 300 करोड़ रुपये की लागत से शहर में अत्याधुनिक सिवेज सिस्टम स्थापित किया जाएगा। वहीं, राजा बाजार क्षेत्र में जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 45 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, 11 करोड़ 25 लाख रुपये विभिन्न नगर पंचायत योजनाओं पर खर्च किए जाएंगे। मंत्री जीवेश मिश्रा ने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी और नगर परिषद अध्यक्ष के बीच तालमेल की कमी अब दूर की जाएगी, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी स्वयं सड़कों पर उतरकर कार्यों की निगरानी कर रही हैं। मंत्री ने स्वीकार किया कि अब तक विकास कार्यों में कुछ कमियां रही हैं, लेकिन उन्हें जल्द ही दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार लगातार बढ़ रही है। साथ ही बाढ़ पीड़ितों की मदद में आपदा विभाग की सक्रियता का भी उल्लेख किया। इससे पहले जिलाधिकारी ने नगर विकास मंत्री को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर जिला प्रशासन, नगर परिषद के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विधायक उपस्थित थे।

## नगर विकास मंत्री के साथ जहानाबाद नगर परिषद बैठक में शामिल विपक्ष हुआ हमलावार, विकास के नाम पर लूट का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के ग्राम प्लेक्स भवन में आयोजित जहानाबाद नगर परिषद की अहम बैठक के बाद विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। बैठक में शामिल नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा पर हमलावार होते हुए विपक्षी विधायक ने मंत्री के जहानाबाद के विकास के बयानों को लूट की योजना करार देते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। सदर विधायक सुदय यादव ने कहा कि एनडीए सरकार जहानाबाद में विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले सड़क मंत्री ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए योजनाओं का शिलान्यास किया था, लेकिन जमीनी हकीकत में वे पूरी तरह खोखली निकलीं। विधायक ने आरोप लगाया कि अभी से ही अधूरी सड़कों पर दरारें आ चुकी हैं और उनकी स्थिति खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जदयू से आने वाले सड़क निर्माण मंत्री ने जहानाबाद में आकर जनता के पैसों की लूट की और अब बीजेपी के नगर विकास मंत्री की बारी है।विपक्षी नेता ने जनता से अपील की कि सरकार को बदलना जरूरी है, नहीं तो विकास के नाम पर अधिकारी और नेता जनता का शोषण करते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी अब जनता की नहीं, बल्कि सरकार की ही सुनते हैं, और शिकायतों को अनसुना कर देते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि जहानाबाद के 33 वार्डों में अब भी कई इलाकों में गंदगी, जलजमाव और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। हाल ही में डेंगू जैसी बीमारी ने भी शहर में पैर पसारने शुरू कर दिए थे, जो यह दर्शाता है कि विकास कार्यों के बावजूद स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था की हालत चिंताजनक है।

## चुनाव आयोग के मनमाने रवैये के खिलाफ महागठबंधन का धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को क्रांति दिवस के अवसर पर इंडिया महागठबंधन की ओर से बिहार सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव दिनेश राम ने की, जबकि संचालन राजद नेता अशोक यादव ने किया। आयोजकों के अनुसार, यह प्रदर्शन 9 अगस्त से राज्य और देशभर में जारी है। धरना को संबोधित करते हुए राजद के भोला कुरैशी, लोरिक यादव, भोला राम, कांग्रेस नेता मिथलेश सिंह, भाकपा (माले) के साहुल्लाह खां, कृष्णा भारती, बसंत कुमार, रामप्रवेश सिंह और विशु साव ने केंद्र व बिहार सरकार तथा चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। वक्ताओं ने कहा कि चुनाव आयोग मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर गरीबों के नाम वोटर लिस्ट से हटा रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में जब मतदाता सूची सही थी, तो इस बार नामों में गड़बड़ी कैसे हो गई? यह पुनरीक्षण महज बहाना है, असल उद्देश्य नाम हटाना है। वक्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कहां है सुशासन?—दिनदहाड़े हत्या, बलात्कार, लूट की घटनाएं हो रही हैं और सरकारी कर्मचारी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। भाकपा (माले) सांसद प्रतिनिधि कृष्णा भारती और राजद नेता भोला कुरैशी ने कहा कि बिहार की जनता सब कुछ समझ चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए नेताओं को करारा जवाब देगी।

## जहानाबाद में पत्रकार की बाइक चोरों ने घर से उड़ाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर के राजा बाजार मोहल्ला के बाजार समिति इलाके से चोरों ने पत्रकार के घर से बाइक उड़ाया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पत्रकार सह विधान पार्षद जीवन कुमार के प्रतिनिधि कृष्ण मुरारी ने बताया कि रात में उन्होंने बाइक को कमरे में लगाया था जहां उनके भाई का एक और स्कूटी भी खड़ी थी। सुबह उन्होंने देखा कि कमरे में बाइक लगी हुई नहीं है। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना थाने को दी है। उन्होंने बताया कि रविवार को रात एक बजे के आसपास बाइक स्टार्ट होने की आवाज उन्हें सुनाई दी लेकिन उन्हें लगा कि गली में कोई जरूरी काम से बाइक लेकर गुजर रहा होगा। पीड़ित पत्रकार कृष्ण मुरारी अपने परिवार और भाई के साथ एक किराए के मकान में वर्षों से इस इलाके में रह रहे हैं। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने घटना के बारे में संज्ञान लेते हुए इस मामले में पुलिस द्वारा समुचित करवाई का भरोसा पत्रकार कृष्ण मुरारी को दिया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

## मशाल खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता के दूसरा दिन सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग तथा अंडर-16 बालक एवं बालिका वर्ग की साइकिलिंग प्रतियोगिता से हुई। इसके लिए पूर्व से चयनित सभी प्रखंडों के प्रतिभागी खिलाड़ी प्रातः निर्धारित समय पर नवनिर्माणाधीन समाहरणालय परिसर में एकत्रित हुए। जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पु राज ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए खेलों में अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। तत्पश्चात उन्होंने हरि झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जोरदार तालियों से स्वागत किया। साइकिलिंग प्रतियोगिता के पश्चात, गेट स्कूल के मैदान में अंडर-14 बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शिनी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है और यह युवा पीढ़ी को नशामुक्त तथा अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करता है। मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों ने पूरे जोश और रणनीति के साथ अपने-अपने मैच खेले, जिनमें खेल कौशल और टीम भावना का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। इसी क्रम में, इनडोर स्टेडियम परिसर में अंडर-16 बालक वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती हैं। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दौरान तेज़ सर्व, सटीक पास और शानदार स्मैश के दम पर खिलाड़ियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे दिन के कार्यक्रम में खिलाड़ियों में असाधारण उत्साह देखने को मिला। दर्शकों ने विभिन्न स्थलों पर आयोजित खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय, खेल प्रशिक्षकगण, निर्णायक मंडल, तकनीकी सहयोगी एवं प्रशासनिक अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। मशाल खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी विभिन्न आयु वर्गों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें जिले के सभी प्रखंडों के चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक दर्शकों से प्रतियोगिता में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## स्कूली बच्चों ने सीखा वज्रपात से बचाव के उपाय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सोमवार को सच्चिदानंद पब्लिक स्कूल, समदा के बच्चों को वज्रपात (ठनका) अथवा आसमानी बिजली से बचाव और सुरक्षा के उपाय बताए गए। अधिकारियों ने बताया कि आसमान में बिजली चमकने व गरजने के समय यथाशीघ्र किसी पक्के मकान में शरण लें। सफर के दौरान अपने वाहन में रहे। बिजली के सुचालक उपकरणों एवं तार से दूर रहें। यदि आप खेत, खलिहान या खुले स्थान पर काम कर रहे हों और सुरक्षित स्थान पर शरण ना ले पाएं हो तो पैरों के नीचे सुखी चीज जैसे लकड़ी, प्लास्टिक के बोरे या सुखे पत्ते रखें। दोनों पैरों को आपस में सटा लें और दोनों हाथों को घुटनों पर रख सर को यथासंभव नीचे झुका लें। जमीन पर कदापि न लेटें। इस दौरान आपदा विभाग ने एलइडी स्क्रीन वैन में वीडियो के माध्यम से प्राकृतिक आपदा से बचाव के उपाय सिखाए गए। विद्यालय के डायरेक्टर धनेश कुमार ने भी बच्चों को मॉक ड्रिल कराया और आपदा से बचाव के गुर सिखाए। इस मौके पर शिक्षक पप्पू कुमार, सत्यम कुमार, हैप्पी कुमार, गौतम कुमार, शिक्षिका अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी, ममता कुमारी, सोनी कुमारी, रूबी कुमारी और विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## विशेष सर्वेक्षण कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

### मांगे पूरी न होने पर करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत विशेष सर्वेक्षण कर्मी काला बिल्ला लगाकर काम करते हुए पांच सूत्री मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मी एवं अभियंता संघ के प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर कुमार ने बताया कि हमलोग विगत पांच वर्षों से विभाग में अथक मेहनत एवं इमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। हमारे जीवन का महत्वपूर्ण पांच वर्ष यहां व्यतीत हो चुका है। अब सरकार का दायित्व बनता है कि विशेष सर्वेक्षण कर्मीयों की सेवा नियमित या साठ वर्ष करते हुए सिविल प्रभारी, कानूनगो, सर्वे अमीन और लिपिक का वेतन ऐई, जेई और यूडीसी के बराबर करे। शिविर प्रभारी स्नेह रंजन ने बताया कि संघ ने सरकार के समक्ष पांच सूत्री मांगों को रखा है। हम सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मी 11 से 14 अगस्त तक काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे अगर सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो हमलोग 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। विरोध प्रदर्शन में शिविर प्रभारी स्नेह रंजन, कानूनगो कंचन सिंह, सोनू सिंह, अमीन नवल किशोर कुमार, विकास कुमार, शालिनी सिन्हा, भरत कुमार, नूर अख्तर, मंजीत, सोनू, निशा, आफताब, मुराद, शालू, स्वाति समेत सभी कर्मी शामिल थे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक, जहानाबाद में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता सत्र आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** राजकीय पॉलिटेक्निक, जहानाबाद में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन प्रसिद्ध मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. विप्लव कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण और सकारात्मक सोच के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। डॉ. सिंह ने पढ़ाई, प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश रंजन ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि किसी भी मानसिक समस्या को नज़रअंदाज़ न करें और समय रहते विशेषज्ञ की सलाह लें।

कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन कुंदन कुमार, प्रथम वर्ष समन्वयक, ने किया। इस अवसर पर फैकल्टी सदस्य डॉ. समीम अहमद, अक्षय कुमार, रंजीत राज, मोहम्मद तारिक अनवर, समीरा कुमारी, कुमार आशीष, डॉ. परिमल और चंदन भारती मौजूद रहे।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्न रखे, जिनका विशेषज्ञ ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम की सफलता में संकाय सदस्यों एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## सूखा पेड़ गिरने से बाल-बाल बचे दो मासूम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के गोरडीहा पंचायत अंतर्गत औरवा गांव के टोला में रविवार को बड़ा हादसा टल गया। तार का सूखा पेड़ अचानक गिरने से सुरदशन के तीन वर्षीय पुत्र चिंटू राज और मिथलेश दास की पांच वर्षीय पुत्री राधिका कुमारी बाल-बाल बच गई। घटना के समय दोनों बच्चे घर के पास खेल रहे थे। ग्रामीण शिवनंदन दास, सतेंद्र शर्मा, मनोज पासवान, रविंद्र शर्मा, अंकित पासवान, शक्ति कुमार, संतोष शर्मा, विनोद दास, अखिलेश दास, राजाराम दास, मिथलेश दास, कैलाश दास और अर्जुन पासवान ने बताया कि पेड़ बच्चों से कुछ ही दूरी पर गिरा, जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। समय रहते बच्चों के सुरक्षित रहने से बड़ी दुर्घटना टल गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में मौजूद सभी सूखे तार के पेड़ों को जल्द काटा जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। वहीं, गोरडीहा पंचायत के सरपंच उदय कुमार सिंह ने भी अपने घर के पास स्थित बांस की कोठी को हटवाने की मांग की। उनका कहना है कि बांस के बीच से अक्सर सांप घर में घुस जाते हैं, जिससे परिवार की सुरक्षा को खतरा बना रहता है।

## टहलने निकली महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड के ओवा गांव के समीप सोमवार सुबह पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान ओवा गांव निवासी राजेश कुमार की पत्नी कलावती देवी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कलावती देवी सुबह टहलने के लिए सड़क किनारे निकली थीं। इसी दौरान पटना की ओर जा रहे एक ट्रक का पहिया अचानक खुलकर महिला से टकरा गया। जोरदार टक्कर लगने से महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही उमता धरनई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव को अपने कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद भेज दिया गया है। वहीं दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया गया है। अचानक हुए इस हादसे से ओवा गांव में शोक की लहर दौड़ गई और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया।

## पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर थाना क्षेत्र के बिजलीपुर गांव में रविवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में पीड़िता संगीता देवी ने थाना में आवेदन देकर बताया कि वे अपने घर पर थीं, तभी दूसरे पक्ष के लाल बाबू कुमार सहित 6-7 लोग अचानक उनके घर आ धमके और पुरानी रंजिश में उन पर तथा उनके परिवारजनों पर हमला कर दिया। मारपीट में उषा देवी, रेशमा देवी सहित कई लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

## गोलीबारी में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** कोईलवां गांव में 2 अगस्त की रात अपराधियों की गोली से घायल हुए 45 वर्षीय ढुनमुन यादव ने सोमवार (11 अगस्त) को पटना में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, घटना 2 अगस्त की शाम करीब 7 बजे हुई थी। ढुनमुन यादव रघुनाथ विगहा मोड़ होते हुए मील की ओर जा रहे थे, तभी झाड़ी में घात लगाए बैठे अपराधियों ने उन पर दो गोलियां दाग दीं। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने भाग रहे चार युवकों को खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अनुज कुमार, धीरज कुमार (मलवां डिहुरी), विवेक कुमार (कोंच तुतुरखी) और आकाश कुमार (खुदवा) के रूप में हुई। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के बाद ढुनमुन यादव को गंभीर हालत में सीएचसी हसपुरा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया था। उन्हें पटना के कंकड़बाग स्थित नमन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 11 अगस्त को उन्होंने अंतिम सांस ली। मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

## जमीन विवाद में मारपीट, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड के हसनपुर टोला किशुन दयाल बीघा चंद्रेहटा गांव में सोमवार सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में राम पुकार यादव के पुत्र सुबोध कुमार, मनोज कुमार और सरोज कुमार शामिल हैं। रफीगंज पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों से मिली शिकायतों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम एससी-एसटी उद्यमी योजना के लाभुकों की बैठक

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा सं।** रफीगंज-कासमा रोड स्थित एक निजी भवन में मुख्यमंत्री एससी-एसटी उद्यमी योजना 2018 के लाभुकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुनील कुमार दीप ने की, जबकि संचालन संतोष चौधरी ने किया। बैठक में सुनील कुमार दीप, संतोष कुमार और राजेश पासवान ने बताया कि वर्ष 2018 में उद्यमी योजना के तहत लाभुकों को 10 लाख रुपये का अनुदान उद्योग स्थापित करने के लिए दिया गया था, जिसमें से 5 लाख रुपये किस्तों में वापस करने थे। योजना की अंतिम किस्त वर्ष 2019 में प्राप्त हुई, लेकिन इसके तुरंत बाद कोविड-19 महामारी शुरू हो गई, जिससे लगभग दो वर्षों तक सभी उद्योग बंद रहे। इस कारण लाभुक समय पर राशि वापस करने में असमर्थ हो गए। लाभुकों ने निर्णय लिया कि मुख्यमंत्री से आग्रह कर कोरोना काल में बंद हुए उद्योगों को देखते हुए बकाया राशि माफ करने की मांग की जाएगी। उनका कहना था कि उद्योग शुरू होने से पहले ही बंद हो गए, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ और ऋण चुकाना संभव नहीं है। बैठक में अविनाश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अर्जुन राम, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि दिलकेश्वर कुमार, सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार, रमेश कुमार, केराप मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार पासवान, श्रवण कुमार सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

## पटना शाकद्वीपीय महाकुंभ में औरंगाबाद से सैकड़ों लोग होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के कर्मा रोड स्थित सर्वोदय नगर में हास्य-व्यंग्य के प्रतिनिधि कवि विनय 'मामूली बुद्धि' के आवास पर शाकद्वीपीय परिवार की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समाजसेवी शशिभूषण मिश्र की अध्यक्षता और छंद-काव्य के ख्यात कवि धनंजय जयपुरी के संचालन में हुई इस बैठक में आगामी 24 अगस्त को पटना में आयोजित शाकद्वीपीय महाकुंभ में बड़ी संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया गया। यह आयोजन मिलर हाई स्कूल मैदान, पटना के जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक अनुसंधान संस्थान, सरदार पटेल मार्ग पर होगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपेंद्रनाथ पांडेय, विशिष्ट अतिथि प्रकाश मिश्र, केवल सच के प्रधान संपादक ब्रजेश मिश्र, राजीव रंजन मिश्र, पूर्व मुखिया सिद्धनाथ मिश्र, जितेंद्र पांडेय, राजेश रंजन मिश्र, विष्णु दत्त पाठक, उपेंद्र मिश्र, ज्योतिर्विद श्रीराम पांडेय और राजेंद्र पाठक सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, इसके बाद अतिथियों को तिलक-चंदन और पुष्पहार से सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण में विनय 'मामूली बुद्धि' ने शाकद्वीपीय परिवार के कार्यों की सराहना की। बैठक में सर्वसम्मति से अपील की गई कि सभी सदस्य आपसी मतभेद भूलकर एकजुट हों और 24 अगस्त को पटना पहुंचकर स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी आवाज को संसद से लेकर सड़क तक बुलंद करें। बैठक में पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, गुप्तेश्वर पाठक, समाजसेवी अशोक पांडेय, हरि पाठक, संतोष मिश्र, अजीत मिश्र, उज्ज्वल रंजन, कवि अनुज बेचैन, प्रेम कुमार मिश्र, संतोष पाठक, रजनीश पाण्डेय, अनिल मिश्र, धर्मेंद्र पांडेय, विकास मिश्र, अनुपम मिश्र, रुद्रांश दत्त, कुंदन पाठक सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## हुलासगंज बाजार में बाइक चोरी व लूट, दहशत का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज बाजार में सोमवार तड़के हुई बाइक चोरी और लूट की वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, हुलासगंज बाजार निवासी जयशंकर कुमार (पिता - श्रीकांत साव) की गल्ला दुकान भारत गैस गोदाम के पास हुलासगंज-मखदुमपुर पथ पर स्थित है। रविवार रात रोज की तरह वह दुकान में ही सो रहे थे। सुबह करीब 4 बजे टहलने के लिए बाहर निकले तो दुकान के सामने दो संदिग्ध युवक खड़े मिले। पीड़ित के मुताबिक, दोनों युवकों ने अचानक उन्हें दबोच लिया और उनके पास मौजूद करीब 15 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद बदमाश उनकी अपाची बाइक लेकर पश्चिम दिशा की ओर फरार हो गए।

## दरियापुर में सड़क पर जलजमाव और कीचड़ से ग्रामीण बेहाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** एक ओर सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर शहर से गांव तक जागरूकता फैला रही है, वहीं सदर प्रखंड के फ़ेसर पंचायत अंतर्गत दरियापुर गांव में हालात बिल्कुल विपरीत हैं। गांव की मुख्य सड़क पर कीचड़ और जलजमाव से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो गया है। आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा साबित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क किनारे नाली की व्यवस्था नहीं होने से घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे पूरा रास्ता दलदल में बदल गया है। यह गांव का मुख्य मार्ग है, लेकिन आज तक इसके निर्माण के लिए कोई ठोस पहल नहीं हुई, जिसके चलते मुखिया और जनप्रतिनिधियों के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश है। सरपंच प्रतिनिधि डॉ. रामजन्म यादव ने बताया कि यह मार्ग हर मौसम में जलजमाव से भरा रहता है और बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। बड़ी आबादी प्रतिदिन इस रास्ते से गुजरती है, फिर भी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्रामीण बजरंगी विश्वकर्मा, अभय यादव, दुर्गा यादव, श्रीकांत सिंह, सुरंजन पासवान, अमन यादव, जितेंद्र यादव, नीतीश ठाकुर, कमलेश कुमार उर्फ गोरा और अमरेश कुमार ने बताया कि शिकायतें कई बार की जा चुकी हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। रात में यहां से गुजरना और भी मुश्किल है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि सड़क को जल्द पक्का किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही, सोन कैनाल पर बना पुल भी जर्जर हालत में है और किसी अनहोनी का खतरा मंडरा रहा है। फिलहाल पुल से केवल दोपहिया वाहनों का ही आवागमन हो रहा है। ग्रामीणों ने पुल के पुनर्निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मसौढी में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढी ने हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान की शुरुआत सोमवार से की है। इस अभियान का शुभारंभ कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने की मौके पर निकिता सिंह रामाधार प्रसाद शामिल रहे।यह अभियान 15 अगस्त तक नगर के सभी वार्डों में चलाया जाएगा। कार्यक्रम में बताया गया की भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों से घरों से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग करके कचरा वाहन में डालने का भी आग्रह किया। रैली में नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की सेना के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया।रैली ने पूरे नगर में भ्रमण किया। रैली के माध्यम से हर घर पर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रैली निकाली गई। रैली में कर्मचारी, स्वच्छाग्रही, स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने तिरंगा झंडा एवं स्वच्छता के संदेश के साथ नारे लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होकर रैली निकाली। कार्यपालक नवीन कुमार ने बताया की हर घर तिरंगा हमारे राष्ट्रीय गर्व और एकता का प्रतीक है। वहीं हर घर स्वच्छता स्वस्थ और समृद्ध समाज की आधारशिला है। इस अभियान का उद्देश्य केवल तिरंगा फहराना ही नहीं, बल्कि अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ बनाए रखना भी है।



### एक पेड़ मां के नाम के तहत स्कूलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा भारत एवं खेल मंत्रालय द्वारा देशभर में चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत सोमवार को मसौढ़ी प्रखंड के गिरिजा कुंवर हाई स्कूल में नेहा शर्मा के द्वारा सैकड़ो पेड़ लगाए गए इस अवसर पर गिरिजा कुंवर हाई स्कूल के कई सारे छात्राएं साथ में प्रधानाध्यापक और कई सारे शिक्षक गण भी उपस्थित रहे एक-एक कर के सारे बच्चों ने एक- एक पेड़ अपने माँ के नाम का लगाया। वही नेहा शर्मा ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसको बेहतर करने के लिए जितना ज्यादा हो सके हमसब पेड़ लगाए। इस अभियान के तहत नेहा शर्मा का कहना है कि सभी गांव में जाकर यह अभियान के तहत हम एक पेड़ मां के नाम का लगाने के लिए लोगो को प्रेरित करेंगे।




### शहीद दिवस पर मसौढी में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अगस्त क्रांति पर शहीद हुए सात शहीदों के सम्मान में मसौढी में सोमवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जहां सैकडों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए इस मौके पर छात्र-छात्र भी शामिल हुए।लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल एवं आर्यभट्ट चेतना मंच के तरफ से मसौढ़ी प्रखंड के तारेगाना गोला रोड से तिरंगा यात्रा निकाला गया, तरेगना गोला से स्टेशन रोड होते लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल के छात्र एवं छात्राएं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए। डॉ सुनील गावस्कर ने बताया कि शहीदों के सम्मान में प्रत्येक वर्ष हम सभी लोग मसौढी में तिरंगा यात्रा का आयोजन करते हैं और लोगों में देश के प्रति जोश जुनून भरते हैं। तिरंगा यात्रा में आर्यभट्ट चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ सुनील कुमार गावस्कर, लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर पुनीता शर्मा, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, महिला विंग के बिहार प्रदेश महिला विंग सचिव आशा किरण सिंह, बिहार प्रदेश सचिव रंजीत पटेल, जिला महासचिव सह मुखिया रवि प्रकाश, महिला विंग जिला अध्यक्ष शोभा कुमारी, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, लालमोहन सिंह, पलटन सिंह, गोल्डी सिंह पटेल, सुनील कुमार यादव ,शिक्षक कृष्ण मोहन शर्मा, धनरूआ प्रखंड महासचिव अमित शर्मा समेत अन्य शामिल रहे।



### मुफ्त बिजली पर मुख्यमंत्री के संवाद कार्यक्रम को लेकर मसौढी में 20 संवाद स्थल चिन्हित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य सरकार द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली देने की ऐतिहासिक घोषणा की गई है, जिसके उपरांत एक अगस्त 2025 से जुलाई माह की बिजली खपत के आधार पर लोगों को 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर बिजली मिल रही है। उपभोक्ताओं को योजना की संपूर्ण जानकारी देने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 12 अगस्त, मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के सभी उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य है कि उपभोक्ता इस योजना के विभिन्न पहलुओं को बेहतर ढंग से समझ सकें।कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मसौढी विधुत प्रमंडल के द्वारा 20 संवाद स्थल चयन किए गए हैं, जिसमें कुल मिलाकर 1लाख 40 हजार उपभोक्ताओं के साथ मुख्यमंत्री का सीधा संवाद कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री के संवाद को उपभोक्ताओं तक पहुंचने हेतु सभी संवाद स्थलों पर एलईडी स्क्रीन,प्रोजेक्टर व टीवी की व्यवस्था कर ली गयी, विद्युत कार्यपालक पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया की मसौढ़ी विद्युत प्रमंडल क्षेत्र में 20 स्थलों का चयन किया गया है जहां संवाद कार्यक्रम होगा और हर स्थल पर 500 से अधिक उपभोक्ता शामिल होंगे। सभी जगहों पर पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, इसके अलावा स्थानीय क्षेत्र पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि एवं सभी दलों के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे।

### सड़क पर नदी का पानी, ग्रामीणों को घर आने जाने में हो रही है परेशानी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के एकडंगा पंचायत पंचायत के लोगों का फसल बबार्दी पूरी तरह से हो चुकी है उनके खेतों में 5 फीट से भी ज्यादा पानी बह रहा है। किसानों के द्वारा रोपाई की गई धान के फसल जल समाधि लेने के बाद सड़क भी जल समाधि ले लिया जिसके चलते टाल क्षेत्र के करीब दर्जनों गांव के लोगों को करीब ढाई से 3 फीट पानी बाड़ी नदी का सड़क पर बह रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कन्हैया सिंह ने बताया कि पानी के रोकथाम के लिए सड़क किनारे प्रयास तो किया गया लेकिन पानी को रोक पाना संभव नहीं था। गांव के करीब 100 से भी ज्यादा किसानों के फसल पूरी तरह से जल समाधि ले चुकी है लेकिन सरकार के तरफ से अभी तक फसल बबार्दी का जायजा नहीं लिया गया है।





### स्कूल बस की चपेट में आया बाइक सवार, अस्पताल में भर्ती

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेशनल हाईवे 98 पर सोमवार को हारून नगर पेट्रोल पंप के सामने एक हादसा हो गया, जब स्कूल बस मोड़ते समय एक बाइक सवार उसकी चपेट में आ गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस और ट्रैफिक थाना की टीम मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा. घायल युवक की पहचान पालीगंज निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है. वह सेल्समैन का काम करता है और प्राइवेट जॉब के लिए पटना की ओर जा रहा था.

## इंडक्शन मीट में गूंजे नए सपनों के स्वर, अनुभवी गुरुओं ने दी प्रेरणा

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा जगत में नए अध्याय की शुरुआत इस्लामिया शिक्षक प्रशिक्षण (बी.एड.) कॉलेज, फुलवारीशरीफ में सोमवार को हुई, जब सत्र 2025-2027 के प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों के स्वागत में भव्य इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की गरिमा इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के चेयरमैन हाजी खुर्शीद हसन की अध्यक्षता और डॉ. रामेश उपाध्याय के मंच संचालन से और बढ़ गई. आयोजन की शुरुआत कॉलेज की प्राध्यापिका सीमी माला की सरस्वती वंदना और स्वागतगान से हुई, जिसने माहौल को भावनाओं और उत्साह से भर दिया. इसके बाद पूर्ववर्ती छात्राध्यापकों ने अपने अनुभव साझा किए, जिसमें कॉलेज के शिक्षण-प्रशिक्षण और यहां के प्रेरणादायी माहौल की झलक मिली. डॉ. अली इमाम ने विस्तार से बी.एड सिलेबस को समझाया, जिससे नए छात्राध्यापकों को आगामी दो वर्षों की दिशा और दशा का स्पष्ट चित्र मिला. सभी शिक्षक, प्रबंधकीय स्टाफ और नवप्रवेशित छात्राध्यापकों ने परिचय सत्र में अपनी पहचान और संकल्प को सामने रखा. चेयरमैन खुर्शीद हसन ने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य व्यक्ति को गहराई से और आलोचनात्मक रूप से सोचने की क्षमता देना है. वहीं, कॉलेज के प्राचार्य आर.के. अरुण ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि शिक्षा ही मानव समाज के विकास और प्रगति की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है.



# अदावत की जंग में हो चुकी हैं कई हत्याएं, बीती रात पिता-पुत्र को किया था अगवा, सुबह में मिला शव


**स्टेट हाइवे पर विरोध प्रदर्शन ● घटना स्थल पर पहुंचे एसएसपी**


**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र का जियाउद्दीन चक गांव पुलिस प्रशासन के लिए सर दर्द बन गया है। दरअसल यह गांव प्रतिशोध की आग में जल रहा है। दो समुदाय के बीच चल रहा यह जंग में अब तक कई हत्याएं हो चुकी है। ऐसे में बीते देर रात को अपराधियों ने पिता पुत्र को तकरीबन दर्जन भर लोग से हथियार के बल पर उठा ले गए और सुबह में रामनगर के पास दरधा नदी में एक शव बरामद किया गया है, जिसकी पहचान दीपक पासवान पिता राजेंद्र पासवान बताया जाता है। गुस्साए परिजनों ने पटना गया स्टेट हाईवे को देवकली के पास सड़क पर टायर जला कर आगजनी कर विरोध प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दिया जहां तकरीबन पांच घंटों तक जाम रहा। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, सिटी एसपी परिचय कुमार, एएसपी कोमल मीणा, के साथ पांच थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, एसएसपी ने जयाउद्दीनचक गांव जाकर पूरे घटना की तहकीकात कि, मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि राजेंद्र पासवान की तलाश की जा रही है। विभिन्न बिंदुओं पर गहन छानबीन चल रही है, वहीं मृतक विजय की पत्नी आरती कुमारी ने बताया कि रात को 10 लोग हथियार के आये और हमारे पति और ससुर दोनों को उठा ले गए थे, जिसकी सूचना पुलिस को दिए थे लेकिन पुलिस एक्टिव नहीं हो पाई थी, और सुबह मे डेड बॉडी मिली है। बहरहाल एक दिन पहले तक गांव के पास ही धर्मवीर पासवान हत्याकांड का अभियुक्त है को गोली मारकर गंभीर रूप में जख्मी कर दिया गया था, इस पूरे घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। कब क्या होगा किसी को कुछ नहीं पता. लगातार हत्याओं का दौर इस गांव में लोगों ने देखा है अब तक इस गांव में खूबन हत्याकांड, धर्मवीर हत्याकांड जैसे अन्य चर्चित हत्याकांड हुए हैं इसको लेकर पूरा गांव खौफ के साए में है पुलिस गांव में कैंप कर रही है।



# पटना के पॉश इलाके में दिनदहाड़े लूट का प्रयास, ज्वेलर्स के कर्मचारियों ने दिखाई बहादुरी, छीन ली पिस्टल

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के सबसे व्यस्त और पॉश इलाकों में से एक बोरिंग रोड पर सोमवार को दिनदहाड़े लूट की कोशिश ने लोगों को दहला दिया. बैंक ऑफ बड़ौदा, एस.के. पुरी शाखा के बाहर कल्याण ज्वेलर्स के कर्मचारियों से पिस्टल के बल पर लूटने पहुंचे दो अपराधियों और कर्मचारियों के बीच जमकर हाथापाई हुई. संघर्ष के दौरान गोली भी चली, लेकिन कर्मचारियों ने साहस का परिचय देते हुए न केवल अपराधियों को खदेड़ दिया बल्कि उनकी पिस्टल भी छीन ली. पूरी वारदात बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. सूत्रों के अनुसार, कल्याण ज्वेलर्स के दो कर्मचारी सुबह बैंक खुलने के बाद करीब 11:55 बजे 18 लाख 50 हजार रुपये जमा कराने पहुंचे थे. जैसे ही वे बैंक में चढ़ने वाली सीढ़ियों पर पहुंचे, हेलमेट पहने एक अपराधी ने रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की. इस दौरान कर्मचारी और अपराधी के बीच जोरदार छीना-झपटी शुरू हो गई. इसी संघर्ष में अपराधी ने पिस्टल से फायर कर दिया, लेकिन गोली दीवार में जा लगी. इसके बावजूद कर्मचारियों ने हिम्मत नहीं हारी और पिस्टल छीन ली. हालात बिगड़ते देख अपराधी अपना हेलमेट छोड़कर मौके से फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही कृष्णापुरी थाना पुलिस और मोटरसाइकिल गश्ती दल मौके पर पहुंचा. पुलिस के आने से पहले ही अपराधी पिस्टल फेंककर भाग चुके थे. घटनास्थल से एक लोडेड पिस्टल बरामद की गई है. पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है. दिनदहाड़े बैंक परिसर में हुई इस वारदात ने एक बार फिर से राजधानी में अपराधियों के हौसले बुलंद होने का संकेत दे दिया है. हालांकि, कल्याण ज्वेलर्स के कर्मचारियों की बहादुरी ने लाखों रुपये की लूट को नाकाम कर दिया.





# धनरूआ में हॉस्टल में रहने वाले छात्र की हुई मौत

**दो बच्चे गंभीर रूप में अस्पताल में इलाजरत, स्कूल प्रबंधन पर हत्या का केस दर्ज**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेडी मोड़ के पास नंदननगर स्थित एक स्कूल में बीते रविवार को हॉस्टल में रहने वाले एक पांचवी कक्षा का छात्र की मौत हो गई है, इसकी पहचान सूरज कुमार पिता शुरन कुमार विजयपुरा गढ़ के रूप में हुई है, इसके अलावा दो बच्चे जो अस्पताल में इलाज रत हैं। उसमें नीरज कुमार चौथी कक्षा का छात्र और सोनी प्रिया पहली कक्षा की छात्रा हैं।

पीड़ित शुरन कुमार ने बताया कि ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल में बिते 4 साल से हमारा बच्चा हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है, रक्षाबंधन के दिन हम टेलीफोन पर बात हुई थी जो सबकुछ ठीक था,कल अचानक हमारे पास स्कूल हेडमास्टर ने हमें सूचना दी कि आपका बच्चा का तबीयत खराब है अस्पताल ले जा रहे हैं। लेकिन जब हम पहुचे तो लवारिस हालत मे बच्चा मृत पडा मिला, उसे जानबूझकर उसे मार दिया है इसलिए उसे पर हत्या का केस दर्ज करवाया जाए, ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल के संचालक प्रमोद कुमार यादव पिता देवनंदन यादव पथरहट निवासी है उसे पर हत्या केस दर्ज करने की कार्रवाई की जाये।बहरहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है फिलहाल शव अओ पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा गया है।

## धनरूआ में विवाहिता को जहर देकर मार डाला,मृतक की मां ने दामाद पर कराई प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बिगहा पर में एक विवाहिता को जहर देकर मार डालने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान मालती कुमारी उम्र 25 वर्ष पिता गणेश यादव के रूप में हुई है। इस मामले में मृतक मालती की मां सविता देवी पति गणेश यादव रूपसपुर कराय परशुराय ने धनरूआ थाने में पहुंचकर लिखित आवेदन देते हुए अपने दामाद चिंटू कुमार पिता विनेश्वर प्रसाद के खिलाफ जहर देकर मार डालने का मामला दर्ज करवाया है। दरअसल मृतक की मां सविता देवी ने बताया कि हम अपनी बेटी की शादी 4 साल पहले धनरूआ थाना क्षेत्र के पथरहट गांव के रहने वाले चिंटू कुमार के साथ की थी। लेकिन 1 साल के बाद से प्रताड़ित किया जाने लगा है, क्योंकि उसका एक किसी लड़की के साथ अवैध संबंध चल रहा था, एक साल की एक छोटी सी बच्ची भी है, इसी क्रम उसे जहर देकर मार डाला है।



## पत्रकार समाज के अंतिम व्यक्ति से जुड़ी हुई समस्याओं को भी सामने लाते हैं : प्रो रणवीर नंदन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्रकार समाज के अंतिम व्यक्ति से जुड़ी हुई समस्याओं को भी सामने लाते हैं. ये बातें बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणवीर नंदन ने सोमवार को बिहार स्टेट जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा सगुना मोड़ स्थित एक मैरेज हॉल में आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह के उदघाटन करते हुए कहा.उन्होंने कहा कि 24 घंटे पत्रकार समाज के लिए कार्य करते है. उन्होंने कहा कि पत्रकार का जीवन बहुत कठिन है और दिन हो रात और धूप हो बरसात में भी पत्रकारों अपने कार्य करते है. .प्रजातंत्र में चौथे स्तंभ पत्रकार ही है. प्रतातंत्र की चौथे आंखे पत्रकार ही है . प्रो नंदन ने कहा कि इस समारोह में सम्मानित होनेवाले व्यक्तियों से अन्य लोगों को समाज के हित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है.जो लोग वास्तव में समाज के लिए कार्य करते हैं, उन्हें किसी प्रकार के सम्मान की चिंता नहीं होती है.

## बुद्धा स्मृति पार्क से भाकपा माले का विशाल मार्च, लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का संकल्प

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना में सोमवार को भाकपा माले के नेतृत्व में लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए एक विशाल मार्च निकाला गया. मार्च की शुरूआत बुद्धा स्मृति पार्क से हुई, जिसका नेतृत्व पार्टी के महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने किया. यह जुलूस स्टेशन गोलंबर से होते हुए ऐतिहासिक सात मूर्ति स्थल पहुंचा, जहां जनसभा आयोजित की गई. मार्च में भाकपा माले विधायक गोपाल रविदास समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता, सैकड़ों कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए. ह्लआजादी, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संघर्ष तेज करोह्व, ह्लरक्क्र की आड़ में वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिश नहीं चलेगीह्व, ह्लचुनाव चोर गद्दी छोड़ोह्व जैसे नारों से पटना की सड़कों पर जनसैलाब गूंज उठा. जनसभा का समापन 1942 के सात अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया. सभा को संबोधित करते हुए महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि आज हमारी आजादी, संविधान और मतदान का अधिकार खतरे में है. उन्होंने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा का नाम दो अलग-अलग मतदाता सूचियों में दर्ज है, लेकिन चुनाव आयोग मौन है. भट्टाचार्य ने खुलासा किया कि पश्चिम चंपारण के बगहा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश से आए करीब पांच हजार लोगों के नाम बिहार की मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं. यह गंभीर चुनावी साजिश है. रक्क्र प्रणाली के नाम पर फर्जी वोटरों को हटाने की बात कही गई थी, लेकिन असलियत में गरीब, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों के नाम बड़े पैमाने पर काटे जा रहे हैं, उनसे ऐसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं जो उनके पास नहीं हैं. उन्होंने कहा कि 1942 में बिहार के क्रांतिकारियों ने जिस आजादी के लिए प्राण न्यौछावर किए, उसी आजादी से हमें संविधान और संविधान से हमें मताधिकार मिला. आज इन सभी की रक्षा के लिए संघर्ष जरूरी है. 2025 के चुनाव में इस 'चुनाव चोर' सरकार को सत्ता से बाहर करना होगा. मार्च के अंत में मौजूद सभी कार्यकताओं और जनसमूह ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करने की शपथ ली.



## अगस्त क्रांति के नायक रहे शहीद रामगोविंद सिंह, रामानंद सिंह को दी श्रद्धांजलि

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता आंदोलन में पटना के सचिवालय के समीप शहीद हुए रामगोविंद सिंह व रामानंद सिंह की शहादत दिवस पर पुनपुन में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। स्वतंत्रता आंदोलन में सचिवालय पर तिरंगा फहराने के दौरान सात युवक शहीद हुए थे। उनकी याद में वहां सात शहीदों की प्रतिमा भी उनकी शहादत की याद दिलाती है। उन सात शहीदों में दो शहीद पुनपुन के थे। सोमवार 11 अगस्त को इन शहीदों को याद कर पुनपुन पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर लोगों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान शहीद के परिजनों के साथ जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक व अन्य ने शहीद पार्क में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि पटना सचिवालय पर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ तिरंगा फहराया गया, देशभक्ति के जज्बे के साथ सात शहीदों ने अपनी जान दी। इनमें दो शहीद रामानंद सिंह और रामगोविंद सिंह पुनपुन के थे। जो पुनपुन के लिए गर्व की बात है। मौके पर एमएलसी रवीन्द्र प्रसाद सिंह , पूर्व मंत्री श्याम रजक , पूर्व विधान परिषद सदस्य वाल्मीकि सिंह , पटना जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, रणजीत सिंह और शहीद रामगोविंद सिंह के परिजन भगिनी निवेदिता सिंह, भगीन दामाद विनोद कुमार, नतिनी वंदना सिन्हा एवम नंदिता सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता मधुसूदन कुमार सिंह, मनिष कुमार, कर्मवीर आजाद, सत्रुधन पासवान, बंटी चंद्रवंशी, अभय पटेल, उत्पलकांत, एस के सुमन, अनिल कुमार, मुन्ना कुमार, सतगुरु प्रसाद गुप्ता, सिंटू कुमार आदि सैकड़ों सामाजिक लोग पुष्प अर्पित कर शहीदों को याद किए।



## फुलवारीशरीफ में मतदाता सूची में गड़बड़ी, विधायक ने चुनाव आयोग को भेजी रिपोर्ट

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ इलाके से लगातार मतदाता प्रारूपण में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है एक बार फिर से नई प्रकाशित मतदाता सूची में गड़बड़ी का मामला सामने आया है जिसे लेकर स्थानीय फुलवारी शरीफ के सीपीआईएमएल के विधायक गोपाल रविदास ने बताया है. मतदाता गहन पुनरीक्षण (र.कफ) प्रक्रिया के दौरान भारी गड़बड़ी और अनियमितता सामने आने का आरोप स्थानीय विधायक गोपाल रविदास ने लगाया है. उन्होंने फुलवारी विधानसभा क्षेत्र संख्या 188 के बूथ नंबर 324, 325 और 326 पर स्वयं जांच की. जांच के दौरान विधायक ने पाया कि कई ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं या उन्हें मृत घोषित कर दिया गया हैं. इस संबंध में उन्होंने विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली, बिहार निर्वाचन आयोग, पटना, जिलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी सहायक निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित जानकारी दी है.

## हुनर ऑनलाइन कोर्सेज ने महिलाओं के लिए ऑनलाइन स्नातक समारोह किया आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिलाओं को नई स्किल्स सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने वाले स्किल-टेक प्लेटफॉर्म, हुनर ऑनलाइन कोर्सेज ने भारत का अब तक का सबसे बड़ा वर्चुअल ग्रेजुएशन समारोह आयोजित किया। इस समारोह में देशभर के 28 राज्यों से 10,000+ हुनर छात्राओं ने भाग लिया।यह आयोजन भारतीय गृहिणियों, युवतियों और कामकाजी महिलाओं के कौशल को मान्यता देने के लिए एक खास उत्सव है। इस ऑनलाइन स्नातक समारोह को पूरे देश में 19,000 से अधिक दर्शकों ने देखा। दर्शकों ने 6,000 से अधिक कमेंट्स और 14,000 से अधिक प्रतिक्रियाओं के माध्यम से भारी समर्थन और सराहना प्रकट की। कई महिलाओं ने इस समारोह से प्रेरित होकर हुनर के साथ अपनी शिक्षा की यात्रा शुरू की। स्नातक दिवस पर, हुनर ने अपने छात्राओं को विभिन्न पुरस्कार, सम्मान और स्टार्टअप फंड्स प्रदान किए, जिससे वे अपने भविष्य को और सशक्त बना सकें। इस अवसर पर अभिनेत्री, उद्यमी और फिटनेस आइकॉन शिल्पा शेट्टी कुंद्रा का एक विशेष संदेश भी प्रस्तुत किया गया, जो पिछले 3 वर्षों से हुनर ऑनलाइन कोर्सेज की निवेशक और साझेदार रही हैं। अपने संदेश में शिल्पा शेट्टी ने कहा, ह्लमेरे 10,000 छात्राओं को बधाई, जिन्होंने अपनी प्रतिभा को प्रमाणित कौशल में बदलकर देशभर में पहचान हासिल की है।ह्व उन्होंने छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप्स और स्टार्टअप फंड्स की भी घोषणा की। हुनर ऑनलाइन कोर्सेस की संस्थापक और सीईओ, निष्ठा योगेश ने कहा, ह्लहमने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन हम देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन स्नातक समारोह आयोजित करेंगे, जिसमें 10,000 से अधिक छात्राएं होंगी। यह हुनर के मिशन का प्रमाण है भारतीय महिलाओं को उनके उद्यमशीलता के सफर की शुरूआत में मदद करना और उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना। फैशन इंडस्ट्री की दिग्गज और हुनर मेंटर, नीता लुल्ला ने भी इस आयोजन में भाग लिया। उन्होंने कहा, ह्लइन प्रतिभावान महिलाओं को प्रमाणन और मान्यता प्राप्त करते देखना बहुत प्रेरणादायक है। उनके मेंटर के रूप में मुझे गर्व और सम्मान की अनुभूति हो रही है। इस शो में ह्लहुनर हैम्परह्ल का भी लॉन्च किया गया। आज, हुनर ऑनलाइन कोर्सेज की 30 लाख से अधिक महिलाओं की एक मजबूत कम्युनिटी है और 65,000 से अधिक छात्राएं सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। इनमें से 30 प्रतिशत महिलाएं आज सफलतापूर्वक अपना व्यवसाय चला रही हैं और प्रति माह 50,000 रुपए से अधिक कमा रही हैं।




## पिकअप व स्कूटी टक्कर, दो गंभीर रूप से घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना अंतर्गत बहरामा गांव के पास फोरलेन पर स्कूटी सवार महिला शिक्षिका को पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे एक शिक्षिका बुरी तरह से घायल हो गई। दोनो शिक्षिका की पहचान आकांक्षा कुमारी (23) और आकांशा कुशवाहा (22) के तौर पर हुई है दोनो उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की रहने वाली बताई जा रही है। दोनों शिक्षिका छुट्टी पर थी और दोनों पटना से स्कूटी पर सवार होकर पंडारक प्रखंड के डुमरिया स्कूल में पढाती थी। दोनों एक ही स्कूल में शिक्षिका है दोनों एक ही साथ बाढ़ में किराए के मकान में रहती थी। उसे बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूटी सवार को पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गई। इसमें से एक को गंभीर चोटे लगी है, आने जाने वाले लोग वहां रुक कर आनन-फानन में एक फोर व्हीलर को रोककर दोनो को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेजा और स्कूटी को सड़क से किनारे कर दिया।

# रात्रि में भी सुनिश्चित हो सिजेरियन ऑपरेशन : डीएम

## कार्य में रूचि नहीं लेने वाले चिकित्सकों पर हो कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आहूत हुई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने मातृ-शिशु, परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, गैर संचारी रोग, संस्थागत प्रसव, अस्पतालों में दवा एवं डायग्नोस्टिक सेवाओं की उपलब्धता, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संचालन की समीक्षा की गयी तथा विभिन्न निर्देश दिए गए। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में साफ सफाई की व्यवस्था, आवश्यक दवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते सेवा भावना से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही सिविल सर्जन को सुझाव दिया कि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, क्लिनिकों, अल्ट्रासाउंड केन्द्रों एवं जांच केन्द्रों के विरुद्ध कार्रवाई किया जाय. सभी हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर सरकार के द्वारा निर्धारित सूची के अनुसार दवा एवं जांच की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. भोला भाई के साथ जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, उपाधीक्षक सुरेंद्र सिंह, सभी उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला लेखा प्रबंधक मो.अफरोज हैदर, जिला योजना समन्वयक नागेंद्र कुमार केसरी, डीसीएम आनंद प्रकाश, अनुश्रवण पदाधिकारी अविनाश कुमार, उपेंद्र कुमार चौबे, आरबीएसके के जिला सलाहकार नीलम रानी, सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रबंधक सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, डेवलपमेंट पार्टनर विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ मो. नक़ीब, यूनिसेफ के एसएमसी मो. नैयर, यूएनडीपी के वीसीसी एम मो. अर्शी खान, पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर विश्वास कुमार, सी थ्री के प्रतिनिधि ब्रजकिशोर मंडल, पीएसआई के प्रोग्राम मैनेजर शैलेश तिवारी एवं अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कॉर्पियो ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर शहर के जेके मोटल के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार 37 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। वहीं, बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृत युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भरवार गांव निवासी रामदिश सिंह के पुत्र कुमार गौरव के रूप में हुई है। वहीं, भरवार गांव के ही पप्पू कुमार और नीतीश उर्फ कारू घायल हो गया। घटना सोमवार की शाम की है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि कुमार गौरव की तबीयत खराब चल रही थी। औरंगाबाद शहर के ही एक निजी क्लिनिक के डॉक्टर द्वारा उसका इलाज किया जा रहा था। सोमवार को वह गांव के ही पप्पू व नीतीश के साथ बाइक से औरंगाबाद शहर के ही एक निजी क्लिनिक में इलाज कराने गया था। इलाज के उपरांत तीनों घर लौट रहे थे। जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर जेके मोटल के समीप पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मारते हुए निकल गयी। स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी और घटनास्थल पर ही कुमार गौरव की मौत हो गयी। वहीं, पप्पू व नीतीश घायल हो गये। घटना के बाद वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। हालांकि, स्थानीय लोगों ने टक्कर मारकर भाग रहे स्कॉर्पियो को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे लोग असफल रहे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल कुमार गौरव, पप्पू व नीतीश को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही कुमार गौरव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल पप्पू और नीतीश का इलाज किया गया। घटना की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और शव से लिपटकर चीत्कार उठें। मृतक के भाई ओम कुमार ने बताया कि वह इलाज कराने औरंगाबाद गया था और दुर्घटना में उसकी जान चली गयी। वैसे उसकी शादी नहीं हुई थी। इधर, अस्पताल प्रबंधन द्वारा घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गयी। सूचना पर नगर थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम कराकर सौंप दिया। घटना के बाद से परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है तो वही गांव में मातम पसरा है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। वहीं,दो युवक घायल हुए हैं। फिलहाल मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भारतीय क्रिकेटर आकाशदीप का स्थानीय विधायक ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में हुए टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे आकाशदीप का सोमवार को उनके गृह जिला रोहतास में जोरदार स्वागत किया गया। चेनारी विधायक सह पूर्व मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने कैमूर-रोहतास बॉर्डर अपने विधानसभा क्षेत्र के खुरमाबाद स्थित प्रवेश द्वार पर उनका भव्य अभिनंदन किया। आकाशदीप के पहुंचते ही स्वागत स्थल पर उत्साह का माहौल चरम पर पहुंच गया। सबसे पहले पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-पाठ संपन्न कराया गया। शंखनाद के साथ स्थानीय लोगों ने बारी-बारी से जिले के इस लाल का सम्मान किया। विधायक श्री गौतम ने इस अवसर पर कहा कि इंग्लैंड की धरती पर शानदार प्रदर्शन कर लौटे आकाशदीप का स्वागत करना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने बताया कि पूरे स्वागत यात्रा के दौरान वे स्वयं आकाशदीप की अगुवाई करते हुए उनके वाहन के आगे-आगे समर्थकों के साथ चलते रहे और उत्साहवर्धक नारे लगाते रहे। श्री गौतम ने कहा-मैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से व्यक्तिगत मुलाकात कर आकाशदीप के प्रदर्शन और उपलब्धियों पर चर्चा करूंगा तथा बिहार सरकार द्वारा उन्हें सम्मान दिलाने का कार्य यथाशीघ्र करूंगा।

# तिरंगा रंगोली के विजेताओं को डीइओ ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा निकला और रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। यह कार्यक्रम औरंगाबाद शहर के पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में बिहार सरकार के कला संस्कृति व युवा विभाग एवं जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में डीईओ सुरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित किया गया। तिरंगा रंगोली के सभी विजेताओं को डीईओ ने प्रोत्साहित किया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह को इस आयोजन को सफल बनाने में उनके त्वरित प्रयासों को भी सराहा। डीईओ ने कहा कि बच्चों को उनके आरंभिक कक्षाओं में ही देशभक्ति की भावना को जगाने में हर घर तिरंगा अभियान एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इससे जुड़े शैक्षणिक कार्यक्रम भी बच्चों के अंदर की रचनात्मकता को एक बड़ा मंच प्रदान करता है। आम जनमानस को भी राष्ट्र के प्रति एकजुट होने का संदेश देता है। बच्चों के अंदर व्याप्त उत्साह को देख डीईओ ने काफी प्रसन्नता जाहिर की। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि 2 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे देश में राष्ट्र के प्रति सम्मान को रेखांकित करने हेतु हर घर तिरंगा अभियान को आशातीत सफलता मिल रही है जिससे राष्ट्र एवं संविधान के प्रति बच्चों में सम्मान का भाव तेजी से बढ़ रहा है जिसकी वर्तमान समय में नितांत आवश्यकता है। प्राचार्य ने इसे एकता का राष्ट्रव्यापी उत्सव बताया। बच्चों में विभिन्न तरह की गतिविधियों को संपादित करने से राष्ट्रप्रेम की भावना काफी सबल हो रही है। तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा रंगोली के इवेंट को बेहद सफल बनाने के लिए डीईओ ने प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों को बधाई दी।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा।** हर घर तिरंगा 2025 कार्यक्रम के तहत सोमवार को पीएमश्री मिडिल स्कूल कुटुंबा में सोमवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्रा आशी, रूपा, रोमिका,चांदनी, मधु, आयत, रितु, इंशरा, शीतल, अंशु, नेहा, हुमेरा, सपना व हनी ने केसरिया, श्वेत और हरे रंग से राष्ट्रीय ध्वज को समर्पित करते हुए स्कूली बच्चियों द्वारा विद्यालय परिसर व विद्यालय के समीप बाहर सड़क पर रंगोली बनायी गयी। प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर साहू ने कहा कि हर घर तिरंगा 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं करायी जा रही है। गत शुक्रवार को राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें बच्चियों ने तिरंगे कलर की सुंदर राखियां बनाई थीं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि मंगलवार को पत्र-लेखन व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। बच्चे देश की सेवा में लगे सैनिकों तथा सुरक्षा व शांति में जुटे पुलिस बलों को पत्र लिखेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों और अभिभावकों में राष्ट्रीयता की भावना बढ़ेगी। बच्चे स्वाधीनता संग्राम के राष्ट्रीय महत्व को समझेंगे। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय की शिक्षिका रीता कुमारी, पूनम उपाध्याय, कमाल फातमा, सतीश कुमार सिंह, कुमारी नंदिनी, संगीता कुमारी, विमल चौहान तथा बाल संसद व मीना मंच की बालिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0– 1, औरंगाबाद।**

**Email ID :-** eercdaurangabad01@gmail.com, ee-rd-aurangabad-bih@nic.in :
Mobile No. + 91-9470001281

**आवश्यक नोटिस**

इस प्रमंडल के अन्तर्गत दिनांक 20.08.2025 को प्राप्त होने वाली अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RCD/AURANGABAD/SBD/05/2025-26, का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में किया गया है, जिसका PR No – 010574 (RCD) 2025-26, को मुख्य अभियन्ता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–18 / निविदा – 02 – 29 / 2025 – 2731 अनु0, पटना, दिनांक 04.08.2025 के आलोक में तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद।

PR- 011206 ( R C D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# विशेष मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** भाकपा माले के देशव्यापी आह्वान पर विशेष मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ दाउदनगर में विरोध प्रदर्शन निकाला गया। यह प्रदर्शन भखरूआं -पटना रोड स्थित भाकपा माले कार्यालय से निकल कर भखरुआं चौराहा से बाजार होते हुए नगर पर्षद कार्यालय के पास सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्क्षता प्रखंड सचिव चन्द्रमा पासवान व संचालन नगर सचिव बिरजू चौधरी ने किया। भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य एवं काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य वोटरलिस्ट से गरीबों का नाम काटने की साजिश है। भाजपा ने चुनाव आयोग का सहारा लेकर दिल्ली सहित कई राज्यों में सत्ता काबिज किया है, ठीक उसी तरह भाजपा दिन में सपना देख रही है कि बिहार पर कब्जा कर लेंगे। जब सभी किसान-मजदूर खेती-किसानी में लगे हैं तथा बिहार के 35 प्रतिशत प्रवासी मजदूर प्रदेश में काम करने गये हैं, तो उनसे दस्तावेज मांगा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए मतदाता सूची में हेराफ़ेरी करती रही है और उल्टे चुनाव आयोग राहुल गांधी को डराने और रोकने की कोशिश में उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव डाल रहा है। मतदाता सूची में एक लाख से ज्यादा फर्जी और संदिग्ध नामों का खुलासा कोई मामूली आपत्ति नहीं है, जिसे लोकल स्तर पर निपटा दिया जाये। ठीक उसी तरह का फर्जीवाड़ा कर बिहार की सत्ता पर भाजपा काबिज होना चाहती है। यह लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला है। भाकपा माले मांग करता है कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्य चुनाव आयोग वापस ले। हम लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। भाजपा देश को हिटलरशाही और तानाशाही की ओर ले जाना चाहती है,जो देश को मंजुर नहीं है।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## 11.7 करोड़ लंबित बकाया के विरुद्ध 2.51 करोड़ राशि का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को मुख्य सचिव बिहार सरकार द्वारा समीक्षा हेतु चिन्हित विभागों के पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नगर आयुक्त सासाराम, प्रभारी पदाधिकारी जिला पर्यटन शाखा, महाप्रबंधक जिला उद्योग रोहतास, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन एवं सभी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद/नगर पंचायत इत्यादि के साथ पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गई। उक्त समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित पदाधिकारीगण द्वारा अपने विभाग के अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत कराया गया। वही एचडी के कार्यपालक अभियंता एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि नल जल योजना के तहत जिले में कुल 2042 नल-जल योजनाओं में खपत किए गए बिजली बिल में अब तक कुल 11.7 करोड़ लंबित बकाया के विरुद्ध 2.51 करोड़ राशि का भुगतान कर दिया गया है। साथ ही अनुरक्षण भुगतान के मामले में अब तक 9.8 करोड़ लंबित राशि के विरुद्ध 5.27 करोड़ राशि का भुगतान कर दिया गया है। वही पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के द्वारा अवगत कराया गया कि रोहतास जिला में कुल चार बड़ी सड़क परियोजनाएं जिसमें अकोढ़ीगोला बाईपास पथ का निर्माण, रहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक का पथ निर्माण, डिहरी अकोढ़ीगोला राजपुर पथ का चौड़ीकरण एवं आयरकोठा अकोढीगोला अमरातालाब पथ का चौड़ीकरण कार्य की विभाग द्वारा स्वीकृत होनी है जिसके लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(RFCTLARR-2013 की धारा–5 के अधीन)

माननीय मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के आलोक में पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0–01, औरंगाबाद अन्तर्गत गया – औरंगाबाद भाया परैया, गुरारू, रफीगंज (पार्ट–B) के कि0मी0 27.80 से कि0मी0 64.170 पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना हेतु भू–अर्जन अपेक्षित है। इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई आद्री, पटना द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है, जिसका ड्राफ्ट कॉपी प्राप्त हुआ है। इस निमित्त संबंधित स्थल पर सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन हेतु RFCTLARR-2013 की धारा 5 के तहत सुनवाई किया जाना आवश्यक है। अतएव सूचित किया जाता है कि रफीगंज एवं औरंगाबाद अंचल जिला–औरंगाबाद में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **5.6948** एकड़ कुल मौजा– 11, कुल प्लॉट– 241 में मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | मौजा | सुनवाई की तिथि, समय एवं स्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | रफीगंज | लहास | दिनांक:– 16.08.2025<br>समय:– 11.00 बजे पूर्वा0 से<br>स्थल:– पंचायत भवन चरकावां (रफीगंज) |
| 2 | | गोरडीहा | |
| 3 | | अब्दुलपुर | |
| 4 | | माड़ीपुर | |
| 5 | | फेसरा | |
| 6 | | केराप | |
| 7 | | बंचर खुर्द | |
| 8 | | भदवा | |
| 9 | | गोठानी | |
| 10 | | बीबीपुर | |
| 11 | औरंगाबाद | बिजोई | दिनांक:– 16.08.2025<br>समय:– 02.30 बजे अप0 से<br>स्थल:– भोला बिगहा मोड़ यात्री शेड, विजोई। |

चूंकि उपरोक्त मौजा के परियोजना हेतु अधियाची भूमि का त्वरित गति से अर्जन किया जाना अपेक्षित है। अतएव राज्य सरकार ने सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कार्यान्वित करने का विनिश्चय किया है।

सामाजिक प्रभाव आकलन के निमित्त सुनवाई की निर्धारित तिथि को हितबद्ध रैयत स्थल पर उपस्थित रहेगें। अंचल अधिकारी, रफीगंज अपने अंचल अन्तर्गत अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों को सुनवाई के समय स्थल पर उपस्थित रहने हेतु सूचित करेंगे।

निर्धारित तिथि को अधियाची निकाय के प्रतिनिधिगण, अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद लोक सुनवाई में भाग लेंगे। अंचल अधिकारी, रफीगंज एवं औरंगाबाद, अंचल निरीक्षक, रफीगंज एवं औरंगाबाद तथा संबंधित हल्का कर्मचारी लोक सुनवाई के समय एस0आई0ए0 दल के सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे। लोक सुनवाई की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग अधियाची विभाग द्वारा करायी जायेगी।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

PR- 011269 ( Revenue ) 2025-26

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# राजस्व महाअभियान : पूर्व तैयारी को ले जिला प्रशासन की समन्वय बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** आगामी राजस्व महाअभियान 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक की पूर्व तैयारी को लेकर आज जिला मुख्यालय स्थित सभागार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के अपर सचिव महेंद्र पाल की उपस्थिति में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों ग्रामीण विकास विभाग, पंचायत राज विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के साथ अभियान की रूपरेखा, चरणबद्ध क्रियान्वयन योजना एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक पूरे जिले में घर-घर जाकर जमाबंदी सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों का ऑनलाइनकरण, उत्तराधिकारी नामांतरण एवं बंटवारा नामांतरण हेतु आवेदन संकलन किया जाएगा। प्रत्येक राजस्व कर्मी को अपने क्षेत्र में लंबित मामलों की अद्यतन सूची के साथ घर-घर पहुंचना होगा। वहीं 19 अगस्त से 20 सितम्बर तक पंचायत सरकार भवन या अन्य उपयुक्त सरकारी भवन में हलकावार शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का मोटेशन प्लस पोर्टल पर त्वरित प्रोसेसिंग की व्यवस्था होगी। संपूर्ण विभागीय समन्वय अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों के बीच सघन समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। पंचायत स्तर पर मुखिया/सरपंच/वार्ड सदस्य को भी अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग, पंपलेट, फलक, माइकिंग तथा डिजिटल माध्यम का व्यापक प्रयोग किया जाएगा। प्रत्येक हल्का शिविर की सूचना संबंधित गांवों में पहले से उपलब्ध कराई जाएगी ताकि अधिकतम लाभुक उपस्थित हो सकें। सभी अंचल एवं हल्का स्तर के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 9 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। प्रत्येक अंचल को 12 अगस्त तक अपना माइक्रोप्लान तैयार कर पोर्टल पर अपलोड करना होगा। अपर सचिव महेंद्र पाल ने कहा कि राजस्व महा-अभियान केवल एक विभागीय कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन-सेवा संकल्प है। प्रत्येक योग्य लाभुक को उसका अधिकार समयबद्ध तरीके से मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। अभियान के दौरान पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में जिलाधिकारी सुनील कुमार, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारीगण, भूमि सुधार उपसमाहर्ता अंचलाधिकारीगण, अपर समाहर्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित संबंधित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पोते ने डंडे से मारकर ले ली दादी की जान

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के फजलगंज स्थित दुर्गाकुंड के समीप रविवार की शाम एक पोते ने अपनी दादी को डंडे से मारकर मौत के घाट उतार दिया. मृतका उक्त मुहल्ला निवासी भिखारी यादव की करीब 90 वर्षीय मां राजपातों कुंवर बतायी जा रही है। हालांकि, आरोपित पोते को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त डंडा को भी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ-1 दिलीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि वृद्ध महिला की अवस्था करीब 90 वर्ष है। वह पूरी तरह बिस्तर पर थी तभी भिखारी यादव का पुत्र सुदामा यादव (मृतका का पोता) ने उनके शरीर पर डंडा से प्रहार कर दिया। इसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों की माने तो सुदामा मानसिक विक्षिप्त है। हालांकि, वृद्ध महिला की हत्या के बाद आरोपित के पिता भिखारी यादव द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। लेकिन, हत्या के कारण का किसी प्रकार की जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के बाद प्रत्येक पहलू पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपित ने गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

डीएम ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# समय सीमा के अनुरूप कार्य पूरा करने का दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा एवं आपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री अपने कार्यालय कक्ष में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी ईआरओ को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने प्रखंड एवं निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित अवधि के भीतर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने एवं संशोधन संबंधी सभी प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का समयबद्ध और नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं समय सीमा के अनुरूप ससमय पूर्ण होना चाहिए, ताकि एक भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। इस अवसर पर उन्होंने बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की सक्रियता एवं नियमित फील्ड भ्रमण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर योग्य मतदाताओं के विवरण का सत्यापन किया जाए एवं मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में दावा एवं आपत्ति के पंजीकरण हेतु निर्धारित तिथि 1 अगस्त से 1 सितंबर की जानकारी को व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस प्रक्रिया में भाग लें।

# ओबरा सीट पर राजद में नई हलचल, विनय प्रसाद के नाम पर जोरदार चर्चा

## वैश्य समाज में मजबूत पकड़, स्थानीयता और कार्यकर्ताओं से गहरे रिश्ते बना रहे हैं उन्हें प्रबल दावेदार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** ओबरा विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। वरिष्ठ राजद नेता और चर्चित समाजसेवी विनय प्रसाद का नाम इस सीट से राष्ट्रीय जनता दल के टिकट के प्रबल दावेदार के रूप में तेजी से उभर रहा है। पार्टी में उनकी गहरी पैठ, कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संबंध और वैश्य मतदाताओं में मजबूत पकड़ उन्हें अन्य दावेदारों से अलग खड़ा कर रही है। गौरतलब है कि महागठबंधन के अंतर्गत ओबरा सीट फिलहाल राजद के पास है और यहां से वर्तमान विधायक ऋषि कुमार हैं। पिछली बार राजद ने सिटिंग विधायक का टिकट काटकर उन्हें मौका दिया था, लेकिन इस बार चर्चा है कि विधायक के खिलाफ जबरदस्त एंटी-इनकमबेंसी लहर है। पार्टी का एक बड़ा समर्थक वर्ग उनके कामकाज से संतुष्ट नहीं है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि राजद एक बार फिर प्रयोग करते हुए सिटिंग एमएलए की जगह किसी नए चेहरे पर दांव लगा सकता है, और इस रेस में विनय प्रसाद का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है।



### राजनीतिक सफर और प्रदर्शन

विनय प्रसाद ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय जनता दल के साथ की थी और शुरू से ही पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। वे दो बार विधान परिषद का चुनाव राजद के समर्थन से लड़ चुके हैं। दोनों बार वे बेहद कम वोटों से हार का सामना भी कर चुके हैं, लेकिन उस चुनाव में भी उनका प्रदर्शन राजद के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ माना गया था।

### स्थानीयता और सामाजिक समीकरण

ओबरा विधानसभा क्षेत्र के मूल निवासी होने के नाते विनय प्रसाद को यहां के भूगोल, मुद्दों और जनता की नब्ज की गहरी समझ है। उनकी सीधी पहुंच और व्यक्तिगत रिश्तों के कारण राजद कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उनकी लोकप्रियता खास है। वे वैश्य समाज से आते हैं, और इस समाज में उनकी मजबूत पकड़ को राजनीतिक समीकरणों का बड़ा प्लस प्वाइंट माना जा रहा है। जानकारों का मानना है कि यदि उन्हें टिकट मिलता है तो परंपरागत रूप से भाजपा समर्थक वैश्य मतदाताओं में भी बड़ी सेंध लग सकती है, जिससे राजद की स्थिति और मजबूत हो जाएगी।

### एनडीए के लिए चुनौती

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि राजद विनय प्रसाद को मैदान में उतारता है, तो यह एनडीए के लिए एक कठिन चुनौती होगी। एक तो वे पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे, इसलिए उनके खिलाफ कोई एंटी-इनकमबेंसी नहीं होगी, दूसरा वैश्य समुदाय का एकमुश्त समर्थन मिलने की संभावना से वे निर्णायक बढ़त हासिल कर सकते हैं। इस समीकरण से न केवल राजद का पारंपरिक वोट बैंक मजबूत होगा बल्कि विपक्ष के गढ़ में भी सेंध लगने की संभावना है। चुनाव की आहट के साथ ही ओबरा की सियासत में यह चर्चा जोर पकड़ चुकी है कि पार्टी नेतृत्व अगर अंतिम समय में चेहरे को बदलने का फैसला करता है, तो विनय प्रसाद का नाम लगभग पक्का माना जा सकता है। ऐसे में ओबरा का चुनावी मुकाबला और भी दिलचस्प होने वाला है।

# जमीनी विवाद में हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश प्रसाद की अदालत ने सोमवार को 22 साल पुराने जमीनी विवाद से जुड़े हत्या मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने भादंवि की धारा 302/34 के तहत दोषी चन्द्रमन यादव, कमलेश यादव और सुरेश उर्फ सुदेश यादव (सभी निवासी ऽ ग्राम भदुकीकला, टोले बांके बिगहा, कासमा) पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें एक वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। एपीपी देवीनंदन सिंह ने बताया कि कासमा थाना कांड संख्या 08/03 (सत्रवाद संख्या 139/2005, 87/25) में 1 अगस्त 2025 को दोष सिद्ध होने के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल सात गवाह पेश किए गए। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने हत्या जैसे जघन्य अपराध के लिए अधिकतम सजा की मांग की, जबकि बचाव पक्ष ने न्यूनतम सजा देने की अपील की। मामले के दो अन्य आरोपी ध्रुव यादव और देवनन्दन यादव की अभियोजन अवधि में मृत्यु हो गई थी। मामला 28 अप्रैल 2003 की सुबह का है, जब प्राथमिकी सूचक बीरेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि उनके भाई सुरेंद्र यादव अपने खलिहान में काम कर रहे थे। तभी घात लगाए बैठे आरोपियों ने लाठी और भाले से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। शोर मचने पर ग्रामीण पहुंचे, लेकिन आरोपी फरार हो गए। बाद में सुरेंद्र यादव की मौत हो गई। घटना के पीछे शिशम के पेड़ और जमीन विवाद को कारण बताया गया।

# शहादत दिवस पर गृह जिले में याद किए गए वीर जगतपति

## शहीद जगतपति की वीरता और शौर्य को पाठ्यक्रम में शामिल करना जरूरी : कमल किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**औरंगाबाद।** 1942 की अगस्त क्रांति के दौरान आज ही के दिन अंग्रेजों की गोली से पटना में बिहार विधानसभा एवं सचिवालय के सामने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के क्रम में अपने छह साथियों के साथ शहीद हुए जगतपति कुमार को उनके गृह जिले औरंगाबाद में श्रद्धापूर्वक याद किया गया और कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई । ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वीर जगतपति अमर रहे के नारे लगाए गए। इस अवसर पर ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने जिला मुख्यालय में स्थापित उनकी दो प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। गौरतलब है कि आजादी की लड़ाई में औरंगाबाद जिले से अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले जगतपति कुमार एकमात्र अमर सेनानी थे लेकिन इनके बलिदान दिवस पर राज्य सरकार या जिला प्रशासन की ओर से उनके गृह जिले में कोई भी राजकीय समारोह आयोजित नहीं किए जाने का मलाल जिलावासियों को है। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-सह-राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर ने कहा कि बिहार के वीर सपूत जगतपति कुमार ने हमारे तिरंगे के सम्मान के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। उनकी शहादत को याद करना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वीर जगतपति की जीवनी तथा उनकी वीरता एवं शौर्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। श्री किशोर ने कहा कि वर्तमान दौर में उनकी राष्ट्रप्रेम की भावना को एक बार पुनः जगाने की जरूरत है। गौरतलब है कि शहीद जगतपति का जन्म औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड के अंतर्गत खरांटी गांव के एक जमींदार परिवार में हुआ था वह 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के समय मात्र 19 वर्ष के थे। 11 अगस्त 1942 को पटना में युवकों की एक टोली ने सचिवालय के भवन पर तिरंगा और झंडा फहराने की कोशिश की। उस वक्त जगतपति कुमार पटना में रहकर बीएन कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे। वह भी इस जुलूस में शामिल होकर उसका नेतृत्व कर रहे थे। जैसे ही देशभक्तों की टोली पटना सचिवालय के पास तिरंगा फहराने के लिए पहुंची, पटना के तत्कालीन अंग्रेज डिप्टी पुलिस कमिश्नर के आदेश पर फायरिंग कर दी गई। इस फायरिंग में जगतपति कुमार सहित कुल सात वीर युवकों ने अपनी शहादत दी। इस अवसर पर जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार संतोष ने कहा कि शहीद जगतपति कुमार ने देश के लिए अपना खून बहाया है तथा हर भारतीय उनका कर्जदार है। इस अवसर पर अजय कुमार वर्मा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार, संजय सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, सुनील सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, प्रेम कुमार, अमित कुमार समेत सैकड़ों लोगों ने शहीद जगतपति की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# थाना की खिड़की तोड़ फरार दो अपराधी धराये

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बीते दिनों देवकुंड थाना से फरार एक अभियुक्त और विधि विरुद्ध किशोर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के देवकुंड निवासी सुनील राम के पुत्र राम्भू कुमार उर्फ आदिम्य कुमार के रूप में की गई है। मामले की जानकारी देते हुए दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने बताया कि 31 जुलाई को देवकुंड थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रावणी मेला से चोरी के आरोप में दो लड़के एवं दो विधि विरूद्ध किशोरों को हिरासत में लेकरथाना लाया गया था, जहां से सभी खिड़की तोड़कर भाग गए थे। कांड की गंभीरता के आधार पर एसआईटी का गठन किया गया जिसमें सीसीटीवी फुटेज का अवलोन, आसूचना संकलन, तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस द्वारा अथक प्रयास उपरांत फरार दोनों घर से पकड़े गए।

# 125 यूनिट फ्री बिजली देकर नीतीश सरकार ने लोगों को दी बड़ी सौगात : वीरेन्द्र सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बारून(औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा की 24 नवंबर 2005 को नीतीश कुमार के नूतृत्व में सरकार बनने के बाद बिजली के क्षेत्र में व्यापक सुधार हेतु बड़े पैमाने पर काम किया गया है। 15 अगस्त 2012 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में नीतीश कुमार ने कहा था कि हम बिजली के क्षेत्र में सुधार लाएंगे और अगर बिजली के क्षेत्र में सुधार नहीं ला पाए तो लोगों के बीच वोट मांगने नहीं जाएंगे। इसके बाद राज्य के सभी गांवों एवं टोलों में बिजली पहुंचाई गई और वर्ष 2015 में सात निश्चय योजना के अंतर्गत हर घर बिजली निश्चय की शुरुआत कर हर घर को बिजली देने का काम निर्धारित समय से दो माह पूर्व अक्टूबर 2018 में पूरा कर लिया गया। नीतीश सरकार शुरू से ही सभी लोगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल के अधिकांश हिस्से का बहन राज्य सरकार द्वारा विद्युत अनुदान के रूप में किया जा रहा है। राज्य के लोगों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने की इस मुहीम में अब राज्य सरकार ने तय कर लिया है कि 1 अगस्त 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक बिजली की खपत पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के सभी एक करोड़ 89 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ होगा। नीतीश सरकार शुरू से ही राज्य में सौर ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। अब सरकार ने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में सभी इच्छुक घरेलू उपभोक्ताओं के घरों की छत पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्ज़ा संयंत्र लगाकर उन्हें सौर ऊर्ज़ा का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार उन्हें सहयोग करेगी। पूर्व सांसद ने कहा कि राज्य सरकार की इस नई पहल से बिजली बिल के मद में होने वाले खर्चे से काफी राहत मिलेगी साथ ही सौर ऊर्ज़ा के व्यापक उपयोग से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सफलता भी मिलेगी। कार्यक्रम में जिला जदयू उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, बारुन प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष केदार यादव, किसान प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष के अशोक कुमार सिंह, मेह पंचायत समिति सुनील कुमार गुप्ता, जिला सचिव मुकेश पटेल, मेह पंचायत अध्यक्ष जोखू सिंह पटेल, शशि उर्फ गब्बर सुनील सिंह, राजकुमार सिंह, रंजीत कुमार यादव, आदि उपस्थित रहे।

# गड़ेरियों को बंधक बना लूटपाट करने के मामले का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सलैया पुलिस द्वारा भेड़ लूटकांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र के धमौल गांव निवासी फुलेश्वर चौहान के पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। घटना बीते 8 अगस्त के सुबह की है। सलैया थाना क्षेत्र के बूंदी बिगहा स्थित द्वारपाल पहाड़ के पास अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा हथियार का भय दिखाकर गड़ेरियों को बंधक बनाकर करीब 300 भेड़ों की लूट कर ली गई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देशन में मदनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी चंदन कुमार नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। सोमवार को मदनपुर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान सीडीपीओ चंदन कुमार ने बताया कि हथियार का भय दिखाकर भेड़ लूटकांड मामले में उपयुक्त साक्ष्य और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर अभियुक्त को घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया है। उसने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट की घटना को कारित किया करता है। कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# डूबने से किशोर की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुनपुन नदी में डूबने से 14 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। घटना बारूण थाना क्षेत्र के भोपतपुर-सीरिस के समीप की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी उपेंद्र राम के पुत्र आनंद कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शौच के दौरान पैर फिसलने से किशोर दह पंचायत भवन सिरिस के समीप नदी में जा गिरा और पानी में डूबने से हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों की सहायता से खोजबीन शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद पक्की घाट सीरिस के पास से शव बरामद किया गया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुनपुन नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हुई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# फसल देखने गये युवक के साथ मारपीट

**अंबा(नबिटा संवाददाता)।** खेत में फसल देख कर लौट रहे सिमरा थाना क्षेत्र के तेतराई गांव निवासी विजय प्रकाश पांडेय एवं उसके चचेरे भाई किशन पांडेय के साथ आधे दर्जन की संख्या में रहे लोगों ने मारपीट की। इस संबंध में विजय प्रकाश पांडेय ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने कर्मा बसंतपुर गांव निवासी गौतम सिंह, चंदन सिंह, सत्येंद्र सिंह, सोनू सिंह, सिंटू सिंह एवं सुशील सिंह को नामजद आरोपित बनाया है। बताया कि वे अपने चचेरे भाई के साथ खेती देखकर लौट रहे थे। इस क्रम में नारायण बिगहा मोड़ के समीप उक्त सभी आरोपित रास्ता रोककर मारपीट करने लगे। बताया कि सभी जान मारने की नीयत से लाठी-डंडा एवं रड से पिटाई कर रहे थे। आवेदन में बताया है कि पिटाई से सर फट जाने के कारण वे बेहोश होकर गिर पड़े, जबकि चचेरे भाई द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए। आसपास के लोगों को आता देख सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

